@Qpatrika | @qaumipatrika hindi | instagram.com/qaumipatrika

# कौमी पत्रिका

राष्ट्रीय दैनिक अखबार

दिल्ली-हरियाणा-पंजाब-चण्डीगढ़-उत्तर प्रदेश से प्रसारित

शुक्रवार, 23 जनवरी 2026

VISIT: www.qaumipatrika.in
Email: qpatrika@gmail.com

R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472 सम्पादक - गुरचरन सिंह बब्बर वर्ष 19 अंक 80 qaumipatrikahindi 011-41509689, 23315814, 9312262300 गाजियाबाद संवत् 2077-78, पेज (12) मूल्य 3.00 रुपये (हवाई शुल्क 50 पैसे अतिरिक्त)







# जम्मू में सेना की गाड़ी 400-फीट गहरी खाई में गिरी

## 10 जवानों की जान गई

**• 11 जवान घायल, सड़क पर बर्फ के चलते फिसली गाड़ी**

**एजेंसी**

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में गुरुवार को सेना की गाड़ी 400 फीट गहरी खाई में गिर गई। इसमें 10 जवानों की मौत हो गई, जबकि 11 को एयरलिफ्ट कर उधमपुर मिलिट्री हॉस्पिटल भेजा गया है।हादसा भद्रवाह-चंबा इंटरस्टेट रोड पर खन्नी टॉप के पास हुआ। डोडा के डिप्टी कमिश्नर हरविंदर सिंह ने बताया कि सड़क पर बर्फ होने की वजह से ड्राइवर ने गाड़ी से कंट्रोल खो दिया।

सेना के अधिकारी ने बताया कि गाड़ी में सवार 21 जवान डोडा से ऊपरी पोस्ट पर जा रहे थे। सेना ने अभी यह नहीं बताया है कि जान गंवाने वाले और घायल जवान किन राज्यों से हैं।



भद्रवाह-चंबा रोड जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश को जोड़ता है। रास्ते में ऊंचे पहाड़, गहरी खाइयां और घने जंगल हैं। सड़क बेहद संकरी है और कई जगह तीखे मोड़ (हेयरपिन बेंड) हैं। जहां हादसा हुआ, उस खन्नी टॉप इलाके की समुद्र तल से ऊंचाई 9 हजार फीट है। यहां मौसम तेजी से बदलता है। ठंड और कोहरा छाया रहता है। बर्फबारी के बाद यह रास्ता ज्यादा खतरनाक हो जाता है।

## गृह मंत्री-रक्षा मंत्री ने जताया शोक

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के डोडा में हुए सड़क हादसे पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत कई नेताओं ने दुख जताया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हादसे पर दुख जताते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, ''जम्मू-कश्मीर के डोडा में हुए सड़क हादसे से मन अत्यंत व्यथित है। इस हादसे में हमने अपने जिन वीर जवानों को खोया है, उनके परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं। घायल जवानों को उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। सभी जवान जल्द से जल्द स्वस्थ हों, ईश्वर से यह कामना है।'' रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक्स पोस्ट में लिखा, ''डोडा में हुए दुखद सड़क हादसे से बहुत दुख हुआ, जिसमें हमने भारतीय सेना के 10 बहादुर जवानों को खो दिया। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। घायल जवानों को मेडिकल केयर दी जा रही है और सबसे अच्छा इलाज सुनिश्चित करने के लिए सभी जरूरी निर्देश दिए गए हैं। इस मुश्किल घड़ी में पूरा देश हमारी सेना और उनके परिवारों के साथ खड़ा है।'' केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने लिखा, ''जम्मू-कश्मीर के डोडा में हुई दुर्घटना में सेना के जवानों के बलिदान का समाचार अत्यंत दुखद है। देश उनकी वीरता और सेवा का सदैव ऋणी रहेगा। इस विकट परिस्थिति में शोकाकुल परिजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। ईश्वर उन्हें यह असहनीय दुख सहने की शक्ति प्रदान करे।''

# 'धर्म की आड़ में सनातन धर्म को कमजोर कर रहे कई कालनेमि'

**• सावधान रहने की जरूरतः सीएम योगी**

**एजेंसी**

**सोनीपत।** गोरक्षपीठाधीश्वर एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लव जिहाद, अवैध धर्मांतरण तथा राष्ट्रविरोधी षड्यंत्रों में लिप्त तत्वों को सख्त चेतावनी दी कि हमारी बेटियों के साथ किसी तरह का खिलवाड़ सहन नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अवैध गतिविधियों के प्रति समाज को जागरूक रहना होगा तथा इनका प्रतिकार करने के लिए पूज्य साधु-संतों को भी आगे आना होगा। सीएम योगी गुरुवार को हरियाणा के सोनीपत जिले में मुरथल स्थित बाबा नागे वाला धाम में आयोजित नाथ संप्रदाय के मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा एवं आठ मान के भव्य भंडारा कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। सीएम ने यह भी कहा कि कई कालनेमि धर्म की आड़ में सनातन धर्म को हानि पहुंचा रहे हैं। इनसे भी सतर्क रहना होगा। एक योगी के लिए, एक संत के लिए, एक सन्यासी के लिए, धर्म व राष्ट्र से बढ़कर कुछ नहीं होता। यही उसके जीवन का ध्येय होना चाहिए। उसकी व्यक्तिगत प्रॉपर्टी कुछ नहीं होती। धर्म ही उसकी



प्रॉपर्टी है, राष्ट्र ही उसका स्वाभिमान होता है। अगर कोई राष्ट्रीय स्वाभिमान को चुनौती देता है तो हमें खुलकर उसके सामने आकर खड़े हो जाना चाहिए। ऐसे बहुत कालनेमि होंगे, जो धर्म की आड़ में सनातन धर्म को कमजोर करने की साजिश रच रहे होंगे। हमें उनसे सतर्क रहना होगा। उन्होंने कहा कि अवैध धर्मांतरण और राष्ट्रविरोधी गतिविधियों को पूरी तरह नियंत्रित किया जाएगा। इसके साथ ही डेमोग्राफी बदलने की जो साजिश हो रही है, लव जिहाद के नाम पर हमारी बेटियों के साथ जो खिलवाड़ किया जा रहा है। हम उसे रोकेंगे, पूरी शक्ति से रोकेंगे, जागरूकता से रोकेंगे। समाज के जागरूक लोगों और पूज्य संतों को भी इसके लिए आगे बढ़ना होगा। परिवारों को सुसंस्कृत किया जाएगा। सीएम ने कहा कि याद करिए, वर्ष 2009 में केरल के उच्च न्यायालय ने कहा था कि 'लव जिहाद' केरल जैसे राज्य को इस्लामी राज्य बनाने की साजिश का हिस्सा है। आज जब मैं देखता हूं तो तमाम राज्यों में बड़े पैमाने पर ये षड्यंत्र हो रहे हैं। हमारी संयुक्त परिवारों की परंपरा पहले संस्कारित होकर आगे बढ़ने की प्रेरणा देती थी, लेकिन धीरे-धीरे यह परंपरा विखंडित होती दिखाई दे रही है। इसे पुनः जीवित करने की आवश्यकता है।

# महाराष्ट्र की 29 नगर निगमों में से 15 का नेतृत्व करेंगी महिलाएं

**• मेयर पदों के लिए आरक्षण की लॉटरी का आधिकारिक ऐलान किया गया**

**एजेंसी**

**मुंबई ।** महाराष्ट्र की 29 नगर निगमों में से 15 में अब महिला मेयर नेतृत्व करेंगी। राज्य की शहरी विकास मंत्री माधुरी मिसाल की मौजूदगी में गुरुवार को मेयर पदों के लिए आरक्षण की लॉटरी का आधिकारिक ऐलान किया गया। इस लॉटरी के तहत देश के सबसे बड़े नगर निगम बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) में ओपन कैटेगरी से महिला पार्षद मेयर बनेंगी। हालांकि, राज्य में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है, लेकिन सत्ता तक पहुंचने का रास्ता आसान नहीं है। कई नगर निगमों में भाजपा को अपने सहयोगी दलों या स्थानीय निर्दलीय गुटों का सहारा लेना पड़ रहा है। वहीं, सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन के भीतर भी स्थानीय स्तर पर खींचतान देखने को मिल रही है। राज्य नेतृत्व ने कई जगहों पर स्थानीय इकाइयों को यह छूट दी है कि जहां आपसी सहमति न बने, वहां



वे गठबंधन साझेदारों के खिलाफ भी चुनाव लड़ सकते हैं। इसी राजनीतिक हलचल के बीच शहरी विकास विभाग ने मेयर पदों के आरक्षण की घोषणा की। आरक्षण के तहत 29 में से एक सीट अनुसूचित जनजाति (एसटी), तीन अनुसूचित जाति (एससी), आठ अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी), और 17 सीटें सामान्य (ओपन) वर्ग के लिए तय की गई हैं।

# पंजाब में केजरीवाल और भगवंत सिंह मान ने पूरी की स्वास्थ्य गारंटी

**कौमी पत्रिका**

साहिबजादा अजीत सिंह नगर (मोहाली), 22 जनवरी। आम आदमी पार्टी (आप) ने पंजाब में मुफ्त स्वास्थ्य सुविधा के अपने वादे को पूरा करते हुए पार्टी के राष्ट्रीय कन्वीनर अरविंद केजरीवाल और मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आज मोहाली में मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना की शुरुआत की, जिससे राज्य के हर परिवार को 10 लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज मिलेगा। इस योजना के लागू होने से अमीरों की पहुंच में आने वाले सबसे महंगे निजी अस्पताल भी गरीबों के लिए खोल दिए गए हैं, जो लोक सेवा में निर्णायक बदलाव है। आम आदमी पार्टी की सरकार के अधीन पंजाब अब देश का पहला राज्य बन गया है जिसने महिलाओं के लिए मुफ्त स्वास्थ्य सुविधा, मुफ्त शिक्षा, मुफ्त बिजली और मुफ्त बस यात्रा की गारंटी दी है। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि सत्ता की भूखी विपक्षी पार्टियां आपसी लड़ाइयों में डूबी रहती हैं और सिर्फ आप ही पंजाब का भविष्य सुरक्षित कर सकती है। इस मौके पर आप कन्वीनर अरविंद केजरीवाल और मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कुछ योग्य लाभार्थियों को मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना कार्ड भी सौंपे। मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना की शुरुआत के दौरान आप के राष्ट्रीय कन्वीनर अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आज सिर्फ पंजाब के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए बड़ा और



ऐतिहासिक दिन है। अरविंद केजरीवाल ने कहा, आज पंजाब में जो काम होने जा रहा है, वह शायद 1950 में किया जाना चाहिए था। आजादी की लड़ाई लड़ने वाले देश भक्तों ने इस लिए संघर्ष नहीं किया कि एक दिन अंग्रेज चले जाएं और हमारी अपनी सरकारें ऐसी बनें जो लोगों के लिए कुछ नहीं करेंगी। आप सुप्रीमो ने कहा कि पिछले 75 सालों में बहुत सारी सरकारें आईं और गईं, लेकिन उनमें से किसी ने भी लोगों की परवाह नहीं की। बड़े-बड़े वादे किए गए, लेकिन लोगों को नजरअंदाज किया गया। उन्होंने कहा कि एक समय था जब पंजाब आतंकवाद से ग्रस्त था और फिर एक ऐसा दौर आया जब नशे की दलदल में फंस गया था। उन्होंने कहा, हर चीज का अपना समय होता है। पिछले चार सालों से पंजाब जिस दौर से गुजर रहा है, वह पंजाब और देश के इतिहास में सुनहरे अक्षरों में लिखा जाएगा। चुनावों के दौरान किए गए वादों का जिक्र करते हुए अरविंद केजरीवाल ने कहा कि जब वे और मुख्यमंत्री भगवंत मान चुनाव प्रचार करने जाते थे तो वे गारंटियां देते थे। उस समय वे केजरीवाल की गारंटियां की बात करते थे, जिनमें से एक स्वास्थ्य गारंटी थी कि पंजाब के हर व्यक्ति और हर नागरिक के लिए मुफ्त और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधा प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा, लोग उस समय इस पर विश्वास नहीं करते थे। आप सुप्रीमो ने आगे कहा, उन दिनों में कांग्रेस सरकार सत्ता में थी। पहले कैप्टन अमरिंदर सिंह मुख्यमंत्री थे, और फिर चरणजीत सिंह चन्नी। वे कहते थे कि खजाना खाली था, सरकार घाटे में चल रही थी, और कोई पैसा नहीं था। शेष पृष्ठ 3 पर

# ईडी ने फर्जी आईटीसी धोखाधड़ी मामले में 10 स्थानों पर की छापेमारी

**• 658 करोड़ की फर्जी बिलिंग का खुलासा**

**एजेंसी**

**ईटानगर।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), ईटानगर जोनल ऑफिस ने प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए), 2002 के तहत फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) धोखाधड़ी मामले में एक बड़ी कार्रवाई की। ईडी ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल, मणिपुर और झारखंड में कुल 10 स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया। यह कार्रवाई लगभग 658 करोड़ रुपए की फर्जी बिलिंग और इससे जुड़े 99 करोड़ रुपए के फर्जी आईटीसी क्लेम से संबंधित है, जो सरकार को भारी राजस्व नुकसान पहुंचा रहा था। ईडी की जांच सीजीएसटी और सेंट्रल एक्साइज, ईटानगर कमिश्नरेट द्वारा 3 अक्टूबर 2024 को दर्ज एफआईआर पर आधारित है, जिसमें सिद्धि विनायक ट्रेड मर्चेंट,




अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ शिकायत की गई थी। जांच में पाया गया कि यह फर्म अपने घोषित पते पर अस्तित्व में ही नहीं थी। अक्टूबर 2023 से मार्च 2024 (केवल 6 महीनों) में इसने 11 अलग-अलग राज्यों में पंजीकृत 58 प्राप्तकर्ता संस्थाओं को कुल 658.55 करोड़ रुपए मूल्य के 15,258 फर्जी/नकली चालान जारी किए। इन फर्जी चालानों के आधार पर उक्त 58 संस्थाओं ने वित्त वर्ष 2023-24 में लगभग 99.31 करोड़ रुपए का फर्जी आईटीसी गलत तरीके से प्राप्त किया। तलाशी के दौरान कई शेल कंपनियों का खुलासा हुआ, जिनका मुख्य कार्य केवल फर्जी बिल बनाना और आईटीसी पास करना था। कोलकाता स्थित दयाल कमर्शियल, एपी एंटरप्राइजेज, फीनिक्स हाइड्रोलिक्स, राम अवतार बंसल एंड कंपनी और भीमा शंकर इंडस्ट्रीज जैसी फर्मों ने कुल 450 करोड़ रुपए के फर्जी बिल जारी किए। इनमें वाहन निर्माण और बिक्री के झूठे रिकॉर्ड बनाकर फर्जी आईटीसी क्लेम किए गए और जीएसटी रिफंड धोखाधड़ी से प्राप्त किया गया।

# गायत्री मंत्र जन-जन की चेतना और राष्ट्र परिवर्तन की शक्तिः अमित शाह

**• 'भारतवर्ष पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य के उपकारों से कभी ऋणमुक्त नहीं हो सकता'**

**एजेंसी**

**हरिद्वार।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य ने सम्पूर्ण मानवता को व्यक्ति निर्माण का मार्ग दिखाया, जो सर्वजन कल्याण के लिए है। भारतवर्ष पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य के उपकारों से कभी ऋणमुक्त नहीं हो सकता। हम बदलेंगे, युग बदलेगा का सूत्र ही राष्ट्र परिवर्तन की कुंजी है।

केन्द्रीय गृहमंत्री शाह यहां शांतिकुंज, हरिद्वार अखिल विश्व गायत्री परिवार की ओर से आयोजित शताब्दी समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड की पावन भूमि पर विशेषकर सप्तर्षि भूमि शांतिकुंज में आकर हजारों वर्षों की तपस्या की ऊर्जा का अनुभव होता है। उन्होंने



कहा कि भारतवर्ष पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य के उपकारों से कभी ऋणमुक्त नहीं हो सकता। आचार्यश्री ने गायत्री महामंत्र को जन-जन तक सर्वसुलभ बनाया, वैश्विक मानवतावाद की अवधारणा को सुदृढ़ किया और वैज्ञानिक अध्यात्मवाद को स्पष्ट रूप से प्रस्तुत किया।

केंद्रीय मंत्री शाह ने कहा कि हम बदलेंगे, युग बदलेगा का सूत्र ही राष्ट्र परिवर्तन की कुंजी है। गायत्री महामंत्र केवल संस्कृत का मंत्र नहीं, बल्कि जप करने वाले साधक के भीतर सकारात्मक ऊर्जा का संचार करने वाला जीवन मंत्र है। उन्होंने कहा कि जो भारत और उसकी संस्कृति को समझता है, वह जानता है कि विश्व की समस्त समस्याओं का समाधान भारतीय संस्कृति में निहित है। समारोह में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य के रोपित अखिल विश्व गायत्री परिवार रूपी बीज आज एक विशाल वटवृक्ष का स्वरूप धारण कर चुका है, जो विश्वभर के असंख्य लोगों को ज्ञान, संस्कार और सद्भाव की छाया प्रदान कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज गायत्री परिवार केवल एक धार्मिक संस्था नहीं रहा, बल्कि यह सामाजिक, नैतिक एवं आध्यात्मिक नवजागरण का एक व्यापक जनआंदोलन बन चुका है, जो भारत की आध्यात्मिक चेतना को देश की सीमाओं से बाहर ले जाकर विश्व के कोने-कोने तक पहुँचा रहा है।

## डोडा हादसे में शहीद जवानों को राहुल ने दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में सेना का वाहन खाई में गिरने से 10 जवानों के बलिदान और सात के घायल होने पर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह समाचार अत्यंत पीड़ादायक है और इस दुख की घड़ी में पूरा देश वीर जवानों के परिवारों के साथ खड़ा है। राहुल गांधी ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि जम्मू-कश्मीर के डोडा में सेना की गाड़ी के खाई में गिरने से हमारे कई जवानों की मृत्यु और अनेक के घायल होने का समाचार अत्यंत पीड़ादायक है।

# विश्व को मर्यादा का बोध कराना भारत का नैतिक दायित्व : मोहन भागवत

**एजेंसी**

**नागौर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने गुरुवार को यहां कहा कि भारत का ऐतिहासिक और नैतिक दायित्व विश्व को मर्यादा का बोध कराना है और यह कार्य न तो भाषणों से होगा, न पुस्तकों से, बल्कि व्यवहार और आचरण के माध्यम से ही संभव है। डॉ. भागवत राजस्थान के डीडवाना-कुचामन जिले के छोटीखाटू में जैन श्वेतांबर तेरापंथ धर्मसंघ के 11वें आचार्य महाश्रमण के सानिध्य में आयोजित 162वें मर्यादा महोत्सव को संबोधित कर रहे थे। मर्यादा महोत्सव में देश के विभिन्न राज्यों से बड़ी संख्या में तेरापंथ समाज के श्रद्धालु भाग ले रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत की परंपरा में सत्य और धर्म को केवल वैचारिक अवधारणा नहीं बल्कि जीवन पद्धति के रूप में अपनाया गया है और यही उसकी वैश्विक विशिष्टता है। आज विश्व जिन संघर्षों, सामाजिक विघटन और अस्थिरताओं से गुजर रहा है, उनके समाधान के लिए केवल तकनीक, पूंजी या सैन्य शक्ति पर्याप्त नहीं है। आवश्यकता ऐसे नैतिक ढांचे की है, जो मानव व्यवहार को मर्यादा में बांध सके। भारत के पास यह दृष्टि उपलब्ध है। संघ प्रमुख ने कहा कि शाश्वत सत्य समय और परिस्थितियों से परे होता है, किंतु उसका अनुप्रयोग हर युग में परिस्थितियों के अनुरूप करना पड़ता है। किसी भी विचार की



सार्थकता तब सिद्ध होती है, जब समाज के श्रेष्ठ लोग उसे अपने जीवन में जीकर प्रस्तुत करते हैं। समाज का सामान्य जन उपदेश से नहीं, बल्कि आचरण से प्रेरित होता है। इसलिए भारत में परंपरागत रूप से आध्यात्मिक और नैतिक जीवन जीने वाले व्यक्तियों को आदर्श माना गया है। पर्यावरण और विकास के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि वर्तमान वैश्विक संकटों के मूल में असंतुलन है। विकास की अंधी दौड़ ने प्रकृति के साथ मनुष्य के संबंध को कमजोर किया है। भारतीय परंपरा इस संदर्भ में सह-अस्तित्व और संतुलन की शिक्षा देती है। प्रकृति के साथ टकराव नहीं, बल्कि समन्वय ही दीर्घकालिक समाधान प्रस्तुत कर सकता है और यही दृष्टि आज के समय में अधिक प्रासंगिक हो गयी है। उन्होंने कहा कि भारतीय दृष्टि में भौतिक उन्नति आवश्यक है, किंतु वह जीवन का अंतिम उद्देश्य नहीं है। धन अर्जन को जीवन का साधन माना गया है, साध्य नहीं। इसी कारण भारतीय समाज में आज भी दान, सेवा और परोपकार की प्रवृत्ति जीवित है। भारत की संस्कृति व्यक्ति को यह सिखाती है कि अर्जन से अधिक महत्वपूर्ण अर्जित साधनों का समाजहित में उपयोग है।

## अमित शाह शनिवार को लखनऊ में 'उत्तर प्रदेश दिवस' समारोह को करेंगे संबोधित

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह शनिवार को लखनऊ में 'उत्तर प्रदेश दिवस' समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करेंगे। केन्द्रीय गृह मंत्रालय के गुरुवार के बयान के मुताबिक लखनऊ स्थित राष्ट्र प्रेरणा स्थल में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान गृहमंत्री 'एक जनपद-एक व्यंजन' योजना की शुरुआत करेंगे। योजना के तहत प्रत्येक जनपद के विशिष्ट पारंपरिक व्यंजनों की पहचान कर उन्हें गुणवत्ता, ब्रांडिंग और बाजार से जोड़ा जाएगा, जिससे स्थानीय व्यंजनों को राष्ट्रीय और वैश्विक पहचान मिल सके। मंत्रालय ने बताया कि समारोह के दौरान अमित शाह 'सरदार पटेल औद्योगिक क्षेत्र योजना' का भी शुभारंभ करेंगे, जिससे उत्तर प्रदेश में औद्योगिक विकास को गति मिलने की उम्मीद है। इसके अलावा गृहमंत्री शाह मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (सीएम युवा) में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जनपदों को पुरस्कार प्रदान करेंगे तथा उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान 2025-26 का वितरण भी करेंगे।

## पत्नी से मिलने पहुंचा 9 साल से फरार हत्या का आरोपी यूपी से गिरफ्तार

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने एक 9 साल के लंबे समय से फरार हत्या के आरोपी को उत्तर प्रदेश के आगरा जिले के रिछोहा गांव से गिरफ्तार किया है। यह मामला दिल्ली के कंझावला इलाके का है, जहां साल 2016 के अंत में नए साल की पूर्व संध्या पर विवाद ने एक जान ले ली थी। जानकारी के मुताबिक मोविन खान और मृतक मलखान दोनों ही कंझावला के लेबर चौक पर दिहाड़ी मजदूर थे। दिसंबर 2016 में दोनों के बीच 400 रुपए और मोबाइल फोन को लेकर विवाद हो गया था। नए साल की रात को मोविन मलखान से मिला। उस समय ज्यादातर साथी न्यू ईयर मना रहे थे और मलखान नशे में था। गुस्साए मोविन ने मलखान का गला रेत दिया और शव को सावदा गांव के खेत में फेंक दिया। कुछ घंटों बाद मलखान गंभीर हालत में मिला था जिसकी बाद में अस्पताल में मौत हो गई। हत्या के तुरंत बाद मोविन दिल्ली से फरार हो गया। वह लगातार जगह बदलता रहा और बिहार, झारखंड, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में छिपता रहा। कोर्ट ने उसे भगोड़ा घोषित कर दिया था और पुलिस ने उसके खिलाफ चार्जशीट भी दाखिल कर दी थी। वह अपने परिवार से भी कम ही संपर्क करता था। पिछले पांच महीनों से क्राइम ब्रांच की टीम चार राज्यों में उसकी तलाश में जुटी थी। डीसीपी (क्राइम) ने बताया कि टीम ने हार नहीं मानी और समन्वय के साथ छापेमारी की। पिछले हफ्ते पुलिस को सूचना मिली कि मोविन आगरा से अपनी पत्नी से संपर्क करने की कोशिश कर रहा है। टीम ने तुरंत कार्रवाई की और उसे गिरफ्तार कर लिया।

## अमृतसर स्थित गोल्डन टेंपल के पास निहंगों ने मंहत की कर दी पिटाई

अमृतसर (एजेंसी)। पंजाब के अमृतसर स्थित गोल्डन टेंपल की हेरिटेज स्ट्रीट (विरासती मार्ग) पर निहंगों ने जबरन रुपए मांग रहे महंतों की पिटाई कर दी है। निहंगों ने डंडों से उन्हें पीटकर भगाया। निहंगों के विरोध को देखकर महंत भी वहां से दौड़ते हुए नजर आए। निहंगों के एक्शन के बाद कुछ देर के लिए माहौल तनावपूर्ण बन गया लेकिन यहां आए श्रद्धालुओं और दुकानदारों के सपोर्ट की वजह से महंत निहंगों का विरोध नहीं कर पाए। निहंगों के महंतों को हेरिटेज स्ट्रीट से दौड़ाने के वीडियो सामने आए हैं। निहंगों का कहना है कि उन्हें श्रद्धालुओं की और से सोशल मीडिया पर लगातार शिकायत मिल रही थी कि उन्हें परेशान किया जा रहा है। जिसके बाद वे मंगलवार रात वहां पहुंचे। वहां देखा कि महंत जबरन लोगों की जेब से रुपए निकालने तक के लिए जा रहे हैं। जिसके बाद निहंग एक्शन में आ गए। कुछ निहंग हेरिटेज स्ट्रीट पर जा रहे हैं। इस दौरान वह वहां घूम रहे महंतों पर नजर रख रहे हैं। इस दौरान एक महंत लोगों से रुपए मांगते हुए दिखता है। इस पर निहंग मंहत को घेर लेता हैं। इसके बाद निहंग डंडों से उसकी पिटाई करते हैं। वह महंत को कहते हैं कि कितनी बार तुम्हें कहा है, जाकर अपना काम करो। इसके बाद निहंग पीट-पीटकर मंहत को दौड़ा देते हैं। निहंग कहते हैं कि इन्होंने गंद डाल रखा है। इसके बाद महंत दौड़ते हुए नजर आता है। महंतों को दौड़ाने के बाद श्रद्धालु हाथ जोड़कर निहंगों का धन्यवाद करते हुए भी नजर आते हैं।

## 1.5 करोड़ रुपये की घूसखोरी के मामले में डिप्टी कमिश्नर प्रभा से सीबीआई की पूछताछ

लखनऊ (एजेंसी)। सीबीआई ने 1.5 करोड़ रुपये की घूसखोरी के मामले में झांसी के सीजीएसटी कार्यालय में तैनात रही डिप्टी कमिश्नर प्रभा भंडारी सहित अन्य आरोपितों से पूछताछ की। करीब आठ घंटे की पूछताछ में डिप्टी कमिश्नर खुद को निर्दोष बताया। वहीं, दो अन्य आरोपितों से भी सीबीआई अधिकारियों ने पूछताछ की, लेकिन उन्होंने मुंह नहीं खोला। डिप्टी कमिश्नर को सीबीआई की विशेष अदालत ने एक दिन के कस्टडी रिमांड पर सीबीआई को सौंपा था, जबकि दो अन्य आरोपितों का तीन दिन का रिमांड है। दरअसल जांच एजेंसी सीबीआई ने घूसखोरी के आरोप में बीती 31 दिसंबर को झांसी में छापेमारी कर डिप्टी कमिश्नर सहित जीसीएसटी के दो कर्मचारियों और एक वकील सहित दो अन्य लोगों को गिरफ्तार किया था। इनके ठिकानों से 70 लाख रुपये के अलावा संपत्तियों के दस्तावेज और ज्वैलरी बरामद हुई थी। इसके बाद सीबीआई की टीम तीनों आरोपितों को पूछताछ के लिए जेल से अपने कार्यालय आई थी। डिप्टी कमिश्नर ने सीबीआई अधिकारियों से कहा कि उन्हें घूस लेकर गिरफ्तार नहीं किया गया है, इसलिए इस मामले में उनकी कोई संलिप्तता नहीं है। हालांकि, सीबीआई ने जब उन्हें फोन काल का रिकार्ड दिखाया और व्हाट्सएप पर अन्य आरोपितों के साथ की गई चैट दिखाई तब वह कुछ नहीं बोल सकी। पूछताछ के बाद उन्हें शाम को जेल भेज दिया गया है, जबकि अनिल तिवारी व अजय शर्मा से कुछ देर ही पूछताछ की गई। दोनों आरोपितों से गुरुवार को भी पूछताछ की जाएगी।

## जब पति-पत्नी अलग होने को तैयार, तो कोर्ट उसमें तकनीकी अड़चनें नहीं डाले

**-राजस्थान हाईकोर्ट ने तलाक को लेकर सुनाया फैसला, फैमिली कोर्ट का आदेश किया रद्द**

जोधपुर (एजेंसी)। राजस्थान हाईकोर्ट की जोधपुर मुख्यपीठ ने मुस्लिम पर्सनल लॉ के तहत आपसी सहमति से होने वाले तलाक को लेकर फैसला सुनाया है। हाईकोर्ट ने फैमिली कोर्ट के रवैये पर तल्खी जाहिर करते हुए कहा कि जब पति-पत्नी दोनों अलग होने के लिए तैयार हैं, तो कोर्ट को उसमें तकनीकी अड़चनें नहीं डालनी चाहिए। जस्टिस अरुण मोंगा और जस्टिस योगेंद्र कुमार पुरोहित की डिवीजन बेंच ने मेड़ता फैमिली कोर्ट के आदेश को रद्द कर दिया। इस आदेश में एक मुस्लिम दंपती के तलाक को मंजूरी देने से इनकार कर दिया गया था। कोर्ट ने अपने फैसले की शुरुआत ही पुरानी कहावत को उल्टे रूप से करते हुए लिखा- यह मामला ऐसा है जहां मियां-बीवी राजी, नहीं मान रहा काजी वाली स्थिति बन गई है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मामला पाली निवासी आयशा चौहान और वसीम खान से जुड़ा है। दोनों का निकाह 27 फरवरी 2022 को मुस्लिम रीति-रिवाज से हुआ था। शादी के बाद विचारों में मतभेद के चलते वे साथ रहने को तैयार नहीं थे। इसके बाद पति ने शरीयत के मुताबिक तीन अलग-अलग तुहर में 8 जून, 8 जुलाई और 8 अगस्त 2024 को तीन बार तलाक बोला। इसके बाद दोनों ने 20 अगस्त 2024 को 500 रुपए के स्टाम्प पेपर पर आपसी सहमति से तलाकनामा लिखा। इसी समझौते के आधार पर उन्होंने फैमिली कोर्ट, मेड़ता में तलाक घोषित करने की अर्जी लगाई, लेकिन 3 अप्रैल 2025 को फैमिली कोर्ट ने अर्जी खारिज कर दी। हाईकोर्ट ने सुनवाई के दौरान पाया कि फैमिली कोर्ट ने अर्जी खारिज करने के लिए गलत आधार चुना।

# पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी के बाद अब बारिश-ओलावृष्टि का दौर शुरू होने की चेतावनी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश के पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी के बाद अब बारिश-ओलावृष्टि का दौर शुरू होने की चेतावनी दी गई है। गुरुवार से राजस्थान, हिमाचल और पंजाब-हरियाणा में वेस्टर्न डिस्टर्बेंस सक्रिय हो रहा है।



यूपी के 15, राजस्थान और हरियाणा के 6-6 जिलों में बारिश होने की संभावना है। इस दौरान 60 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। कुछ जगहों पर ओले गिरने की चेतावनी भी गई है। हिमाचल प्रदेश के चंबा, कुल्लू और लाहौल-स्पीति में गुरुवार बर्फबारी का ऑरेंज अलर्ट है। उत्तराखंड के 5 जिलों में आज और शुक्रवार को बर्फबारी का अलर्ट है। फिलहाल यहां पारा माइनस में चल रहा है। चमौली के वाण गांव में झरना जमा हुआ दिखाई दिया।

मौसम विभाग के मुताबिक पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में अगले 7 दिनों में लगातार दो पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो सकते हैं। इससे 9 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, राजस्थान और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में मौसम और बिगड़ सकता है। पश्चिमी विक्षोभ या वेस्टर्न डिस्टर्बेंस, पश्चिम से आने वाली हवा और बादलों का एक सिस्टम होता है। इसके सक्रिय होने से पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी, मैदानी क्षेत्रों में बारिश होगी। तापमान में गिरावट आएगी, साथ ही पाला पड़ने और कोल्डवेव के हालात बन सकते हैं।

जहां 23 जनवरी को उत्तर भारत में पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से मौसम में बदलाव रहेगा। अधिकांश इलाकों में बादल छाए रहने वाले है। राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, चंडीगढ़ और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना बनी रहेगी। कुछ स्थानों पर गरज-चमक के साथ तेज हवाएं (30-50 किमी/घंटा) चल सकती हैं। बारिश और बादलों के चलते दिन के तापमान में हल्की गिरावट दर्ज की जा सकती है, जबकि सुबह-शाम ठंड बनी रहेगी।

24 जनवरी को पश्चिमी विक्षोभ का असर धीरे-धीरे कमजोर पड़ेगा, लेकिन उत्तर भारत में मौसम अभी पूरी तरह साफ नहीं होगा। राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, चंडीगढ़ और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बादल छाए रहेंगे और कहीं-कहीं बारिश हो सकती है। कुछ इलाकों में हल्की गरज-चमक और तेज हवाएं चलने का अनुमान है। बारिश की गतिविधियों में कमी आने के बाद सर्द हवाओं के कारण सर्दी का असर बढ़ सकता है।

## सिख विरोधी दंगा : सज्जन को कोर्ट ने दी राहत, भीड़ को भड़काने के आरोप से किया बरी



नई दिल्ली (एजेंसी)। 1984 सिख विरोधी दंगों के एक मामले में कांग्रेस के पूर्व सांसद सज्जन कुमार को कोर्ट ने राहत दी है। दिल्ली की एक कोर्ट ने सज्जन कुमार को उस मामले में बरी कर दिया है जिसमें उन पर जनकपुरी और विकासपुरी में भीड़ को भड़काने का आरोप था। स्पेशल जज दिग्विनय सिंह ने कुमार को बरी करने का संक्षित रूप से मौखिक फैसला सुनाया। फैसले की कॉपी का इंतजार है। पिछले साल दिसंबर में मामले की सुनवाई पूरी होने के बाद कोर्ट ने 22 जनवरी के लिए अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक फरवरी 2015 में एसआईटी ने दंगों के दौरान दिल्ली के जनकपुरी और विकासपुरी में हुई हिंसा से जुड़ी शिकायतों के आधार पर सज्जन कुमार के खिलाफ दो एफआईआर दर्ज की थीं। एक एफआईआर जनकपुरी में हुई हिंसा से संबंधित थी, जहां एक नवंबर 1984 को सोहन सिंह और उनके दामाद अवतार सिंह की हत्या कर दी गई थी। दूसरी प्राथमिकी गुरबचन सिंह के मामले में दर्ज की गई थी, जिनको दो नवंबर 1984 को विकासपुरी में कथित तौर पर जिंदा जला दिया गया था।

## तेलंगाना में 15 बंदरों की संदिग्ध मौत, 80 गंभीर, पशु प्रेमी और लोगों में हड़कंप

**-बंदरों को किसी अज्ञात व्यक्ति के जहरीला पदार्थ खिलाने की लोग जता रहे शंका**

**कमारैड्डी (एजेंसी)।** तेलंगाना में कामारेड्डी जिले के बिक्कनूर मण्डल के अंतम्पल्ली गांव के पास नेशनल हाइवे पर स्थित एक ढाबे में कम से कम 15 बंदरों की संदिग्ध मौत हो गई, जबकि कई अन्य बंदर गंभीर रूप से बीमार हो गए। घटना की जानकारी लोगों ने तुरंत गांव के सरपंच और पशु चिकित्सक को दी, जिन्होंने मौके पर पहुंचकर घायल बंदरों का इलाज किया और कई बंदरों की जान बचाई।

मीडिया रिपोर्ट में लोगों ने बताया कि करीब 80 बंदर बहुत नाजुक स्थिति में पाए गए, जिन्हें चलने-फिरने में भी कठिनाई हो रही थी। मृत बंदरों के शव ढाबे के आसपास पड़े थे। लोग शक व्यक्त कर रहे हैं कि बंदरों को किसी अज्ञात व्यक्ति ने जहरीला पदार्थ खिला दिया है। इस घटना ने पशु प्रेमियों के बीच गहरा आक्रोश पैदा कर दिया है। कामारेड्डी जिले के ही मचारेड्डी और बिक्कनूर मण्डलों में हाल ही में बंदरों और आवारा कुत्तों के जहर दिए जाने के आरोपों के मद्देनजर यह घटना और भी चिंता का विषय बन गई है।

इस घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए गांव के सरपंच ने बताया कि कुछ अज्ञात लोगों ने बंदरों के एक समूह को वैन में लाकर नेशनल हाइवे के ढाबे पर छोड़ दिया। उन्होंने यह भी कहा कि जिम्मेदार लोगों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई जाएगी। स्थानीय पशु चिकित्सक ने बताया कि बचाए गए बंदरों का इलाज चल रहा है और उनकी स्थिति अब स्थिर है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की जानकारी तुरंत प्रशासन या पुलिस को दें।

रिपोर्ट के मुताबिक पशु कल्याण संगठनों ने भी घटना की कड़ी निंदा की है और प्रशासन से इस तरह की घटनाओं की रोकथाम के लिए कड़े कदम उठाने की मांग की है। वन विभाग और पुलिस प्रशासन ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

# मित्र देश के साथ रणनीतिक साझेदारी करने का यह सबसे उपयुक्त समय: वायु सेना प्रमुख

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय वायु सेना के प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने देश की हवाई सुरक्षा को लेकर एक महत्वपूर्ण और रणनीतिक दृष्टिकोण साझा किया है। उन्होंने जोर देकर कहा है कि भारत के लिए अगली पीढ़ी की हवाई युद्ध प्रणालियों और हथियारों के विकास के लिए एक विश्वसनीय मित्र देश के साथ रणनीतिक साझेदारी करने का यह सबसे उपयुक्त समय है। नई दिल्ली में आयोजित नेशनल सिक्योरिटी इम्पेरेटिव्स विषय पर एक सेमिनार को संबोधित करते हुए वायु सेना प्रमुख ने कहा कि भविष्य की चुनौतियों को देखते हुए उन्नत सैन्य विमान इंजन और अत्याधुनिक तकनीक के लिए वैश्विक सहयोग अब अनिवार्य हो गया है।



वायु सेना प्रमुख ने विशेष रूप से फ्रांस के साथ हालिया रक्षा सहयोग का उदाहरण देते हुए कहा कि लड़ाकू विमानों के इंजन विकास को लेकर जो निर्णय लिए गए हैं, वे इस दिशा में एक मजबूत आधार साबित हो सकते हैं। उन्होंने वर्तमान वैश्विक उथल-पुथल की ओर इशारा करते हुए चेतावनी दी कि किसी भी देश के लिए एक मजबूत सैन्य शक्ति, विशेषकर वायु शक्ति को बढ़ाना अब विकल्प नहीं बल्कि जरूरत बन गया है। उनके अनुसार, भारत के पास रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने के लिए आवश्यक इच्छाशक्ति और मानव संसाधन की कोई कमी नहीं है, लेकिन तकनीकी स्तर पर कुछ ऐसी बाधाएं हैं जिन्हें पार करने के लिए बाहरी सहयोग की आवश्यकता है। एयर चीफ मार्शल ने इस बात पर जोर दिया कि यद्यपि भारत अपने दम पर तकनीक विकसित करने में सक्षम है, लेकिन वर्तमान क्षेत्रीय सुरक्षा परिस्थितियों और पड़ोसी देशों की गतिविधियों को देखते हुए हमारे पास अधिक समय नहीं है। उन्होंने कहा कि अनुसंधान और विकास के प्रयासों के साथ-साथ मेक इन इंडिया के तहत त्वरित निर्णय लेने होंगे ताकि निकट भविष्य में आवश्यक हथियार और प्लेटफॉर्म उपलब्ध हो सकें। वायु सेना प्रमुख का यह बयान ऐसे समय में आया है जब भारतीय वायु सेना के बेड़े में लड़ाकू विमानों की संख्या घटकर 29 स्क्वाड्रन रह गई है, जो पिछले छह दशकों में सबसे कम स्तर पर है। देश की सुरक्षा के लिए कम से कम 42 स्क्वाड्रन की आवश्यकता बताई जाती है।

वायु सेना की युद्धक क्षमता को बढ़ाने की दिशा में हाल ही में एक बड़ी राहत की खबर भी सामने आई है। रक्षा खरीद बोर्ड ने फ्रांस की कंपनी दसॉ एविएशन से 114 राफेल लड़ाकू विमानों की खरीद के प्रस्ताव को अपनी शुरुआती सहमति दे दी है। यह पूरी प्रक्रिया मेक इन इंडिया ढांचे के तहत पूरी की जाएगी, जिसमें फ्रांसीसी कंपनी एक भारतीय साझेदार के साथ मिलकर जेट विमानों का निर्माण करेगी। इस प्रस्ताव को अब रक्षा खरीद परिषद और सुरक्षा पर मंत्रिमंडलीय समिति से अंतिम मंजूरी मिलना बाकी है। वायु सेना प्रमुख ने स्पष्ट किया कि यद्यपि सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड को 180 तेजस मार्क-1ए विमानों का ऑर्डर दिया गया है, लेकिन आपूर्ति में होने वाली देरी के कारण वायु सेना को अन्य विकल्पों पर गंभीरता से विचार करना पड़ रहा है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि तकनीकी कमियों को समय के साथ दूर कर लिया जाएगा, लेकिन सशस्त्र बलों को हर परिस्थिति के लिए तैयार रहने की जरूरत है। अगली पीढ़ी की तकनीक के साथ तालमेल बिठाना ही भारत को हवाई युद्ध के क्षेत्र में एक वैश्विक शक्ति बनाएगा।

# आप दिल्ली ब्लास्ट में शामिल हैं, सुनते ही घबरा गए रिटायर्ड अधिकारी

**-साइबर ठगों ने धमकाकर 16.50 लाख रुपए अलग-अलग बैंकों में करा लिए ट्रांसफर**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** साइबर ठगी के मामले आए दिन सामने आ रहे हैं जिसमें लोगों से लााखें की ठगी की जा रही है। अब एक ऐसा ही मामला बृहन्मुंबई नगर निगम से रिटायर्ड अधिकारी से लाखों रुपए की ठगी का है। दरअसल, साइबर ठगों ने इस बार दिल्ली ब्लास्ट के नाम पर 16.50 लाख रुपए उड़ा लिए।



मीडिया रिपोर्ट के मताबिक साइबर अपराधी ने खुद को एटीएस और एनआईए का अधिकारी बताया। इसके बाद मुंबई में रहने वाले 75 साल के बीएमसी से रिटायर शख्स को कॉल किया। विक्टिम को बताया कि दिल्ली ब्लास्ट आरोपियों में उनका नाम भी शामिल है, जो हाल ही में हुआ है। मुंबई के अंधेरी में रहने वाले शख्स ने पुलिस स्टेशन जाकर इस मामले की जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि विक्टिम को 11 दिसंबर को अनजान नंबर से कॉल रिसीव हुई थी। कॉल करने वाले ने बताया है कि वह दिल्ली एटीएस से है। इसके बाद कॉलर ने विक्टिम को धमकाना शुरू किया।

इसके बाद विक्टिम को बताया है कि उनको जांच में सहयोग करना होगा, जो सीक्रटली तरीके से होगी। इसके बाद साइबर ठगी का केस आगे बढ़ा। विक्टिम को बताया कि उनको एक मोबाइल ऐप्लीकेशन इंस्टॉल करने को कहा। जहां विक्टिम को एक वीडियो कॉल रिसीव हुई। वीडियो कॉल में एक शख्स सामने था, जिसने खुद को एनआईए ऑफिसर बताया। कॉलर ने विक्टिम को बताया कि एक बैंक अकाउंट का लिंक उनके मोबाइल नंबर है। उस बैंक अकाउंट में मनी लाउंड्रिंग के जरिए 7 करोड़ रिसीव हुए हैं। इसमें आरोपी को गिरफ्तार करने की धमकी दी गई, जिसके बाद विक्टिम घबरा गए।

साइबर ठग ने विक्टिम से कहा कि यह नेशनल सिक्योरिटी का मामला है। इसमें विक्टिम से कहा कि वह किसी को भी इसके बारे में ना बताए। साइबर स्कैमर्स ने विक्टिम को बताया है कि एजेंसी जानना चाहती है कि आपके बैंक खाते में कितनी रकम है और अन्य इनवेस्टमेंट लीगल हैं या नहीं। इसके बाद विक्टिम को सभी रकम कुछ बैंक अकाउंट में ट्रांसफर करने को कहा। ये रकम वेरिफिकेशन्स के नाम पर अन्य बैंक अकाउंट में ट्रांसफर करने को कहा। साथ ही कहा कि निर्दोष पाए जाने पर सभी रकम वापस कर दी जाएगी।

इसके बाद विक्टिम ने अलग-अलग बैंक अकाउंट में 16.50 लाख रुपए ट्रांसफर कर दिए फिर कॉलर ने विक्टिम का नंबर ब्लॉक कर दिया। विक्टिम को समझ आया कि वह साइबर ठगी का शिकार हो चुका है और उन्होंने पुलिस को जानकारी दी और शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस इस पूरे मामले की जांच कर रही है और आरोपियों का पता लगा रही है।

## आतंकी मोहम्मद आरिफ की उपचारात्मक याचिका को सुनेगा सुप्रीम कोर्ट... लाल किला हमले के दोषी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने साल 2000 में हुए ऐतिहासिक लाल किला हमले के दोषी और मौत की सजा पाए लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के आतंकी मोहम्मद आरिफ उर्फ ??अशफाक की उपचारात्मक याचिका को सुनने का फैसला किया है। गुरुवार को अदालत ने मामले में नोटिस जारी करते हुए आरिफ के पास उपलब्ध अंतिम कानूनी विकल्प पर विचार करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।



इस हमले में सेना के तीन जवान शहीद हो गए थे। न्यायालय ने मामले में सजा के खिलाफ आरिफ की पुनर्विचार याचिका तीन नवंबर 2022 को खारिज की थी। ??अशफाक को अक्टूबर 2005 में निचली अदालत ने मौत की सजा सुनाई थी और दिल्ली उच्च न्यायालय ने सितंबर 2007 में निचली अदालत के फैसले को कायम रखा था।

इसके बाद आरिफ ने हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती देकर सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। शीर्ष अदालत ने अगस्त 2011 में आरिफ को दी गई मौत की सजा को बरकरार रखा था। गुरुवार को प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी की विशेष पीठ ने वकीलों द्वारा प्रस्तुत दलीलों पर गौर किया, जिसमें शीर्ष अदालत के उन फैसलों का हवाला दिया गया था, जिसमें अपील और पुनर्विचार याचिका को खारिज करते हुए मृत्युदंड को बरकरार रखा गया था। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, '' नोटिस जारी करें।'' उपचारात्मक याचिका वादी के पास फैसले को चुनौती देने के लिए मौजूद अंतिम कानूनी उपाय है, जिसे सर्वोच्च न्यायालय ने स्वयं दो बार अपील और समीक्षा याचिका को खारिज करके बरकरार रखा है। अभियोजन पक्ष के अनुसार, 22 दिसंबर 2000 की रात को कुछ घुसपैठिए लाल किले के अंदर उस क्षेत्र में घुस गए जहां भारतीय सेना की 7 राजपूताना राइफल्स की यूनिट तैनात थी और उन्होंने गोलीबारी शुरू कर दी। इस घटना में सेना के तीन जवान शहीद हो गए थे।

# यूरोप ने कहा- बगैर भारत के हमारा काम नहीं चलेगा, गणतंत्र दिवस पर होगी सुरक्षा पर बड़ी डील

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** विश्व की बदलती राजनीतिक बिसात पर भारत इस समय एक ऐसी सुदृढ़ स्थिति में खड़ा है, जहां दुनिया की महाशक्तियां उसके साथ साझेदारी के लिए लालायित हैं। एक ओर जहां अमेरिका द्विपक्षीय व्यापारिक समझौतों के लिए उत्सुक दिख रहा है, वहीं दूसरी ओर यूरोप ने खुले तौर पर यह स्वीकार कर लिया है कि भारत के बिना उसकी वैश्विक रणनीति अधूरी है। इस वर्ष का गणतंत्र दिवस समारोह इसी बदलते वैश्विक समीकरण का गवाह बनने जा रहा है, क्योंकि यूरोपीय संघ (ईयू) के शीर्ष नेता इस बार मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत कर रहे हैं। यह दौरा केवल औपचारिक शिष्टाचार तक सीमित नहीं है, बल्कि अपने साथ कई ऐसे बड़े रक्षा और आर्थिक समझौते लेकर आ रहा है जो आने वाले दशकों में भारत और यूरोप के संबंधों की नई दिशा तय करेंगे।

यूरोपीय मेहमानों का भारत आगमन इस बात का स्पष्ट संकेत है कि पश्चिमी देशों के लिए भारत अब केवल एक उभरती हुई अर्थव्यवस्था नहीं, बल्कि एक अनिवार्य रणनीतिक मजबूरी बन चुका है। भारत के बिना हम अधूरे हैं जैसे शब्द आज के दौर में यूरोप की उसी सोच को दर्शाते हैं, जो वैश्विक युद्ध, अस्थिरता और आर्थिक दबावों के बीच एक भरोसेमंद साझेदार की तलाश में है। दिल्ली में होने वाला यह यूरोपीय संघ-भारत शिखर सम्मेलन वैश्विक शक्ति के संतुलन में आए बदलाव का सबसे बड़ा प्रतीक है। इस सम्मेलन का प्रभाव केवल दिल्ली तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसकी गूंज बीजिंग से लेकर इस्लामाबाद तक महसूस की जाएगी।

इस ऐतिहासिक समझौते के तहत डिफेंस, काउंटर टेररिज्म और साइबर सिक्योरिटी जैसे संवेदनशील मुद्दों पर भारत और यूरोपीय संघ एक मंच पर आने जा रहे हैं। इसे इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में चीन की आक्रामक समुद्री नीति पर लगाम लगाने की एक साझा रणनीति के रूप में देखा जा रहा है। समुद्री सुरक्षा और मैरिटाइम डोमेन अवेयरनेस पर सहयोग बढ़ने से हिंद महासागर में खुले व्यापारिक मार्गों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी, जो सीधे तौर पर नियम आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को मजबूती प्रदान करेगी। यूरोपीय संघ की विदेश नीति प्रमुख काजा कैलास ने भी स्पष्ट कर दिया है कि यूरोप की आर्थिक मजबूती और रणनीतिक स्थिरता के लिए भारत की भूमिका अनिवार्य है। पाकिस्तान के लिए यह साझेदारी एक बड़े कूटनीतिक झटके के समान है। आतंकवाद के मुद्दे पर भारत और यूरोपीय संघ का एक सुर में बोलना पाकिस्तान के अंतरराष्ट्रीय नैरेटिव को कमजोर करेगा और आतंकी नेटवर्कों पर वैश्विक दबाव को बढ़ाएगा। वहीं, चीन के लिए भारत और यूरोप की यह नजदीकी इसलिए चिंताजनक है क्योंकि यह न केवल सुरक्षा के मोर्चे पर, बल्कि टेक्नोलॉजी, सेमीकंडक्टर और साइबर स्पेस में भी चीन के एकाधिकार को चुनौती देने वाली है। सिर्फ सुरक्षा ही नहीं, बल्कि आर्थिक मोर्चे पर भी एक बड़ा गेम-चेंजिंग प्लान तैयार है। लंबे समय से प्रतीक्षित फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) पर बातचीत ने अब रफ्तार पकड़ ली है। क्लीन टेक्नोलॉजी, फार्मा और सेमीकंडक्टर सप्लाई चेन में सहयोग से भारत को वैश्विक विनिर्माण केंद्र के रूप में बड़ी पहचान मिलेगी। इसके साथ ही, प्रस्तावित मोबिलिटी फ्रेमवर्क से भारतीय छात्रों और पेशेवरों के लिए यूरोप में शिक्षा और रोजगार के नए द्वार खुलेंगे। कुल मिलाकर, गणतंत्र दिवस के अवसर पर होने वाला यह पावर शिफ्ट दुनिया को यह संदेश दे रहा है कि भारत अब वैश्विक सुरक्षा ढांचे का एक मुख्य स्तंभ बन चुका है।


AFP

# पंजाब में केजरीवाल और भगवंत सिंह मान ने पूरी की स्वास्थ्य गारंटी

प्रथम पृष्ठ का शेष

राष्ट्रीय कन्वीनर ने कहा, इन नेताओं ने कहा कि अरविंद केजरीवाल मुफ्त बिजली, मुफ्त स्वास्थ्य सुविधा और मुफ्त शिक्षा के बारे में झूठ फैला रहे हैं, और यह कुछ भी संभव नहीं था क्योंकि पैसा नहीं था। लेकिन आप सरकार ने साबित कर दिया कि सारी गारंटियां सचमुच पूरी की जा सकती हैं। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आज मुफ्त में बिजली उपलब्ध करवाई जा रही है और अच्छे स्कूल बनाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा, मुफ्त स्वास्थ्य सुविधा के प्रबंध पहले ही शुरू किए गए थे, लेकिन आज का कदम ऐतिहासिक है। पिछले चार सालों में सरकार ने गांवों और मोहल्लों में लगभग 1,000 मोहल्ला क्लिनिक बनाए हैं। राष्ट्रीय कन्वीनर ने बताया कि ये आम क्लिनिक नहीं हैं। उन्होंने कहा, पिछले 75 सालों में अकाली दल, भाजपा और कांग्रेस सरकारों ने मिलकर सिर्फ 400 प्राइमरी हेल्थ सेंटर खोले हैं, जबकि मौजूदा सरकार ने सिर्फ चार सालों में 1,000 मोहल्ला क्लिनिक बनाए हैं, और अन्य 500 निर्माणाधीन हैं। अरविंद केजरीवाल ने जोर देकर कहा, अगले चार से पांच महीनों में 2,500 पिंड क्लिनिक खोले जाएंगे। पिछली सरकारों ने 75 सालों में जो काम किया, इस सरकार ने शायद सिर्फ चार सालों में उससे 10 गुना ज्यादा किया है। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि पिछली सरकारों के प्राइमरी हेल्थ सेंटरों में जिंदा लग गया था, अंदर कुत्ते घूम रहे थे। उनके हेल्थ सेंटर ऐसे थे। लेकिन अब जो मोहल्ला क्लीनिक बनाए गए हैं वे शानदार और एयर कंडीशन्ड हैं। उन्होंने आगे कहा, जिन्होंने वहां इलाज करवाया है, वे जानते हैं कि वे कितने अच्छे हैं। जब आप वहां जाते हो, तो यह सरकारी अस्पताल जैसा नहीं लगता, बल्कि एक प्राइवेट क्लिनिक जैसा महसूस होता है। अब मोहल्ला क्लिनिक दूर-दूर तक, हर जगह गांवों में खुल रहे हैं। आप मुखिया ने आगे कहा कि पहले पंजाब के सरकारी अस्पतालों को डॉक्टरों की भारी कमी का सामना करना पड़ा था। पिछले चार सालों में 1100 विशेषज्ञ डॉक्टरों की भर्ती की गई है, और अब सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों की कोई कमी नहीं है। पहले मशीनें काम नहीं करती थीं, लेकिन अब सारी मशीनें लगाई गई हैं और हर एक सही ढंग से काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि पहले दवाइयां नहीं मिलती थीं, लेकिन अब दवाइयों के काउंटर खुल गए हैं और लोगों को मुफ्त दवाइयां मिल रही हैं। सरकारी अस्पतालों को शानदार बनाया गया है। आप के राष्ट्रीय कन्वीनर ने कहा कि कई बार कोई बीमारी इतनी गंभीर हो जाती है कि किसी को प्राइवेट अस्पताल जाना पड़ता है। उन्होंने कहा, बहुत सारे लोग इलाज के लिए प्राइवेट अस्पताल चुनते हैं। इसलिए अब ऐसी योजना लागू की जा रही है जिसके तहत पंजाब के सबसे अच्छे प्राइवेट अस्पताल, जहां सबसे अमीर लोग भी इलाज के लिए जाते हैं, अब सबसे गरीब किसान, मजदूर और रिक्शा चालक के लिए भी इलाज के लिए जा सकेंगे। उन्हें पैसे की चिंता करने की जरूरत नहीं होगी। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि एक किसान हमारे सभी के लिए अनाज पैदा करने तेज धूप में बहुत मेहनत करता है, लेकिन अगर उसके परिवार में कोई बीमार हो जाता है, तो उसे अपनी जमीन गिरवी रखनी पड़ती है। उन्होंने आगे कहा, वह अपनी जमीन और गहने बेच देता है, अपना घर गंवा देता है, और फिर भी इस बात की कोई गारंटी नहीं होती कि मरीज बच जाएगा। छोटी से छोटी बीमारी के लिए भी, अगर किसी प्राइवेट अस्पताल जाता है, तो कम से कम पैकेज 2 लाख से 3 लाख रुपये होता है, और व्यक्ति पूरी तरह बर्बाद हो जाता है। लेकिन अब लोगों को चिंता करने की जरूरत नहीं है। अरविंद केजरीवाल ने आगे बताया कि यह 10 लाख रुपए की बीमा योजना है। उन्होंने कहा, लोग किसी भी अस्पताल में जा सकते हैं, चाहे सरकारी हो या प्राइवेट। सरकार ने पहले ही सब कुछ ठीक करना शुरू कर दिया है, और जल्द ही सरकारी अस्पताल प्राइवेट अस्पतालों से भी बेहतर हो जाएंगे। लेकिन अब मरीज कहीं भी जा सकते हैं। उन्होंने आगे कहा, बड़ी और छोटी बीमारियों के लिए 10 लाख रुपये तक की सारी दवाइयां और टेस्ट मुफ्त होंगे। जैसे ही मरीज अस्पताल में दाखिल होता है, सब कुछ मुफ्त होगा। उनसे कुछ नहीं पूछा जाएगा, सिर्फ अपना हेल्थ कार्ड लाने के लिए। पंजाब में लगभग 65 लाख परिवार हैं, जिनमें अमीर और गरीब, हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई और सभी धर्मों और जातियों के लोग शामिल हैं। किसी को भी इससे बाहर नहीं रखा गया। उन्होंने कहा कि सरकारें आम तौर पर बहुत सारी शर्तें लगाती हैं, लेकिन उन्होंने कोई शर्त नहीं लगाई। उन्होंने जोर देकर कहा, हर कोई इंसान है, हर कोई पंजाबी है, और हर कोई भारतीय है, तो किसी को क्यों बाहर रखा जाए? यह कार्ड सभी के लिए है, और 65 लाख परिवारों को सीधा लाभ होगा। अरविंद केजरीवाल ने पिछले चार सालों और उससे पहले के समय को याद करते हुए, कहा कि कांग्रेस, अकाली दल और भाजपा सरकारें सत्ता में थीं तो पंजाब नशों से ग्रस्त था। उन्होंने कहा, इन सरकारों के बड़े मंत्री नशे बेचते थे और अपने सरकारी वाहनों से बांटते थे। उन्होंने याद दिलाया कि जब बड़े नशा तस्करों को गिरफ्तार किया गया था तो उन्होंने इन्हीं मंत्रियों का नाम लेकर कहा था कि ये मंत्री नशे का कारोबार चला रहे थे। उन्होंने कहा कि पहली बार किसी सरकार ने भ्रष्ट मंत्रियों को गिरफ्तार करने और जेल भेजने हिम्मत दिखाई है। लेकिन उन्हें इस बात का बहुत दुख हुआ कि जब उस मंत्री को गिरफ्तार किया गया, तो ये सारी पार्टियां इकट्ठी हो गईं और गालियां निकालने लगीं। इन पार्टियों ने आप, भगवंत सिंह मान और अरविंद केजरीवाल को गालियां निकालीं और कहा कि मानवाधिकारों का उल्लंघन हो रहा है। आप मुखिया ने सवाल किया, जब पंजाब के बच्चे नशों के कारण मर रहे थे और उनका भविष्य तबाह हो रहा था, तो क्या उनके मानवाधिकारों का उल्लंघन नहीं हो रहा था? अब जब गैंगस्टरों और अन्य अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई की जाती है तो क्या यह मानवाधिकारों का उल्लंघन हो रहा है? उन्होंने कहा कि ये लोग किसी को प्यार नहीं करते। अरविंद केजरीवाल ने कहा, यह सब उनका कारोबार है। भगवंत सिंह मान ने इनका कारोबार बंद कर दिया है। नशे बेचने वाली इन पार्टियों, इनके पैरोकारों और उनके रिश्तेदारों से संबंधित हैं। अब जब नशा तस्करों को पकड़ा जा रहा है और गैंगस्टरों के खिलाफ जंग शुरू की गई है, तो ये पार्टियां गालियां निकाल रही हैं और कह रही हैं कि मानवाधिकारों का उल्लंघन हो रहा है।

## पार्टी करते हुए संदिग्ध हालत में तीसरी मंजिल से गिरने से युवक की मौत

नई दिल्ली। आदर्श नगर इलाके में अपने दोस्त के घर पार्टी कर रहा युवक संदिग्ध हालत में तीसरी मंजिल से नीचे गिर गया। घायल अवस्था में भविष्य (25) को उसका दोस्त वंश अस्पताल ले गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। अस्पताल से सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। परिवार भी अस्पताल आ गया। भविष्य के परिजनों ने दोस्तों पर उसे धक्का देकर मारने का आरोप लगाया है। फिलहाल पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल बोर्ड की मांग की गई है। मंगलवार को मेडिकल बोर्ड शव का पोस्टमार्टम करेगा। वहीं पुलिस भविष्य के चार दोस्तों वंश, ललित, नितेश तोमर और कनिष्क से पूछताछ कर मामले की छानबीन कर रही है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को भी खंगाला जा रहा है। जिला पुलिस उपायुक्त भीष्म सिंह का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद तथ्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस उपायुक्त के मुताबिक भविष्य परिवार के साथ रेलवे रोड, आजादपुर में रहता था। वह निजी कंपनी में नौकरी करता था। रविवार शाम को छुट्टी की वजह से दोस्तों ने पार्टी करने का मन बनाया था। भविष्य के अलावा उसके तीन दोस्हों वंश, कनिष्क और नितेश लाल बाग निवासी ललित के घर पहुंचे। सभी तीसरी मंजिल की छत पर पार्टी करने लगे। इस बीच भविष्य किसी तरह तीसरी मंजिल से नीचे गली में गिर गया। भविष्य के नीचे गिरते ही सभी दोस्त नीचे भागे। बाकी दोस्त तो डर गए। वंश उसको लेकर अस्पताल भागा, लेकिन वहां पहुंचने पर उसे मृत घोषित कर दिया गया।


**आवश्यकता है**

एक अनुभवी अटेंडेंट की महिला या पुरूष कोई भी,में पूर्व प्रिंसिपल रविन्द्र कुमार विश्वा( नवीन) जोकि मकान नम्बर 107- C गली नम्बर,3 बिहारी कालोनी शाहदरा दिल्ली110032 है, नॉट- मेरी पत्नी का देहांत हो गया है मेरी री ? की हड्डी में फ्रेक्चर हो जाने से बीमार रहता हूं, शरीरिक कमजोरी के कारण मुझे फूल टाइम एक सेवादार की आवश्यकता है, वेतन 12,हजार रुपये महीना, रहने की सुविधा उपलब्ध है, इच्छुक लोग संपर्क करें, फोन,9319413459

**NAME CHANGE**

I, Pooja Devi W/O Krishna Kumar R/O RC-249, Gali No -01, Shankar Vihar Khora Colony, Ghaziabad, PO: Ghaziabad, DIST: Ghaziabad, Uttar Pradesh - 201001, have changed my name and shall hereafter be known as Doli Devi

**NAME CHANGE**

I, hitherto known as DIVYOM A TRIPATHI ALIAS DIVYOM ANOOP TRIPATHI S/O ANOOP TRIPATHI R/O O/806, THE GOLDEN PALM APARTMENT, SETOR-168, NOIDA, GAUTAM BUDDHA NAGAR, UTTAR PRADESH-201304 have changed my name and shall hereafter be known as YASHHRAJ TRIPAATHI.

**NAME CHANGE**

I, Mohammad Asif Khan S/o Sh. Abdul Quddoos Khan R/o House No.311/A, Upper Ground Floor, Okhla Village, Jamia Nagar, New Delhi-110025 have changed my name from Mohd Asif to Mohammad Asif Khan for all future purposes.

**NAME CHANGE**

I, Salman Qureshi S/O Alimuddin Qureshi R/O H. No-40, Wright Ganj Ganda Nala , Nai Basti , Ghaziabad, Ghaziabad, Uttar Pradesh -201001, have changed the name of my minor daughter Fatima aged 02 years and she shall hereafter be known as Riya Qureshi

**NAME CHANGE**

I, IMRA D/O MOHAMMAD AFSAR R/O HOUSE NO. 3281, MAIN BAZAR, DELHI GATE, DARYA GANJ, NEW DELHI - 110002, HAVE CHANGED MY NAME FROM IMRAH TO IMRA FOR ALL PUROSES.

**NAME CHANGE**

I, SHAMSHAD BEGUM W/O MOHD RASHID R/O HOUSE NO. 33, GALI MASJID WALI, CHATTA LAL MIAN, DARYA GANJ, NEW DELHI - 110002, HAVE CHANGED MY NAME FROM SHAMSHAD TO SHAMSHAD BEGUM.

**NAME CHANGE**

I SACHIN S/O RAMESH KUMAR R/O 52/49 THIRD FLOOR RAMJAS ROAD KAROL BAGH NEW DELHI-110005, I have changed my name to SACHIN LINZARA Permanently for all Future purpose

**NAME CHANGE**

I MOHD FAIZAN ANSARI S/O MOHD ASHRAF ALI R/O RZ-259/20 3RD FLOOR TUGHLAKABAD EXTENSION DELHI-110019, I have changed my name to FAIZAN ANSARI Permanently for all Future purpose

**NAME CHANGE**

I NIKITA SHARMA W/O RAJESH SHARMA R/O C-42 BLOCK C GANESH NAGAR , PANDAV NAGAR COMPLEX DELHI-110092, I have changed my name to NITIKA SHARMA Permanently for all Future purpose

**NAME CHANGE**

I WAGLE ARYA UMESH D/O UMESH R/O F-7, SECTOR -16 ROHINI DELHI- 110089, I have changed my name to WAGLE ARYA Permanently for all Future purpose

**NAME CHANGE**

I MEHDI IMAM S/O MD KASIM R/O H.NO-D43/2 WING- B/2, 3RD FLOOR MIDDLE PORTION KH NO 220/2 ABUL FAZAL ENCLAVE -1 JAMIA NAGAR OKHLA DELHI-110025, I have changed my name to MD MEHDI IMAM Permanently for all Future purpose

**NAME CHANGE**

I Lakshmi Singh S/o Bihari Lal R/o A 30, Nehru Vihar, Timar Pur, Delhi have changed my name to Lakhmi Singh for all future purposes.

**NAME CHANGE**

I TANNU KUMARI W/o SAKSHAM VIJH R/o WZ-178, Meenakshi Garden, Tilak nagar S.O, DIST: West Delhi, Delhi-110018 have changed my name to TANNU for all future purposes.

**NAME CHANGE**

I Saira Sagheer D/o Sagheer Ahmad R/o Musir Ahamad, 1/47, B- Block, Agar Nagar, Prem Nagar 111, Kirari Suleman Nagar, North West Delhi, Delhi-110086 have changed my name to Saira Bano for all future purposes.

**NAME CHANGE**

I Usha Sanjay W/o Sanjay Kumar Subramanian, R/o House no-343,DDA SFS Flats; sector-5, Pocket-1. Dwarka, Post Office Dwarka Sec-6, South West Delhi, Delhi-110075 have changed my name to Usha Lakshmanan for all future purposes.

**NAME CHANGE**

I PARSHANT S/o SURENDER JAIN R/o G-17/33 1ST FLOOR SECTOR 15 ROHINI , DIST: NORTH West Delhi, Delhi-11089 have changed my name to PARSHANT JAIN for all future purposes.

**NAME CHANGE**

I, Madhu Sharma alias Madhu Badoni D/o Late Sh. Satya Prasad Sharma W/O Pramod Badoni R/o D-339, TF-2, Block-D, Indraprastha Yojna, Loni, Ghaziabad, Uttar Pradesh-201102, have changed my name and shall hereafter be known as Madhu Badoni.

**NAME CHANGE**

I Rakesh S/o Gangaram R/o Nagla Daduan, Phulan Pur, Bahadurpur, Majhgaon, Kannauj, Chhibramau, Uttar Pradesh - 209728, have changed my name to Rajnarayan

**NAME CHANGE**

I Akash S/o Suresh Pal Singh R/o Mohammad Sadiqpur, PO-Mohd.Sadikpur, Dist-Moradabad, Uttar Pradesh - 202414, have changed my name to Aman Kumar

**NAME CHANGE**

I Giri Raj Chandak S/o Shiv Shankar Chandak R/o Near Roopnikhar Beuty Parlor, Outside Jassusar Gate, Bikaner, Rajasthan - 334001, have changed my name to Giriraj Chandak.

**NAME CHANGE**

I, Jugendra Kumar S/O Ramveer Singh R/O -114, Teachers Colony, Dankaur, Dankaur, Gautam Buddha Nagar, Uttar Pradesh -203201, have changed the name of my minor Son Yash aged 15 years and he shall hereafter be known as Yashveer Singh

**NAME CHANGE**

Public at large is hereby informed that my clients Sh. Manoj Kumar S/o Late Sh. Surendra Prakash & Late Smt. Birmati Devi R/o RZF-150, Gali No.37. Sadh Nagar, Palam, New Delhi, South West Delhi, Delhi-110045, all his relatives have severed their relations with his sister namely Twinkle Dio Late Surendra Prakash Rio Hose No. RZF-150, Gali No.37, Sadh Nagar-2, Palam Colony, Palam Village, South West Delhi, Delhi-110045. Now my client has no relation, whatsoever with their above-said sister namely Twinkle Do Late Surendra Prakash and disowns/debar them from all their movable and immovable properties. Any person(s) dealing with her in any manner shall be doing so at their own risk and consequences. My client shall not be responsible in any manner whatsoever for the acts and deeds done by Twinkle Dio Late Surendra Prakash.

**HIMANSHU BHARDWAJ, Advacate**
757, Lawyers Chambers
Dwarka Court Complex, Sec. 10,
Dwarka, New Delhi-110075

**NAME CHANGE**

I, Guddi W/O Kheemchand R/O Bhanaira, Ghaziabad, Uttar Pradesh - 201204, have changed my name and shall hereafter be known as Kusum

**NAME CHANGE**

I, ZAHEDA MAHISAL Mother of No-15732193X Rank-NK Name-HASEM MAHISAL residing at VILL+PO-BINOD NAGAR, PS-TEHATTA, DIST-NADIA, WEST BENGAL-741155, have changed my name from ZAHEDA MAHISAL to ZAHEDA MAHISHAL for all future purposes vide Affidavit dated 22/01/2026 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**

I, EKTER MAHISAL father of No-15732193X Rank-NK Name-HASEM MAHISAL residing at VILL+PO-BINOD NAGAR, PS-TEHATTA, DIST-NADIA, WEST BENGAL-741155, have changed my name from EKTER MAHISAL to EKTAR MAHISHAL for all future purposes vide Affidavit Dated 22/01/2026 before Notary Public, Delhi.

**सार्वजनिक सूचना**

आम जनता को यह जानकारी दी जाती है कि हमारी ग्राहक आम जनता को यह जानकारी दी जाती है कि हमारे ग्राहक मोहम्मद साजिद पुत्र श्री अब्दुल मजीद फ्रीहोल्ड आवासीय संपत्ति संख्या सी-37 और नई संख्या सी-40 क्षेत्रफल 50 वर्ग मीटर का मालिक है। गज, यानी 41.80 वर्ग. मीटर, ग्राम घोंडा गुजरान बांगर के क्षेत्र में स्थित खसरा नंबर 210/145 से बाहर, गली नंबर 5-6 उत्तरी घोंडा, इलाक़ा शाहदरा, दिल्ली की आबादी में बिक्री विलेख दिनांक 15.10.2025 के आधार पर दस्तावेज़ नंबर 2025/12/l/3772, बुक नंबर 1, वॉल्यूम नंबर 6480, पेज में 1-28 दिनांक 15.10.2025 को एस.आर. नॉर्थ ईस्ट सीलमपुर IV., अब हमारा ग्राहक घोषणा कर रहा है कि किसी अन्य व्यक्ति का उक्त संपत्ति पर कोई अधिकार नहीं है, और इसका वित्त पोषण पीरामल फाइनेंस लिमिटेड शाखा- कौशांबी गाजियाबाद उत्तर प्रदेश द्वारा किया गया है। यदि किसी भी व्यक्ति को उक्त संपत्ति में अधिकारऋस्वामित्व या हित के संबंध में कोई आपत्ति या दावा है तो इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 07 दिनों के भीतर हमसे संपर्क करें या उसी को संपर्क करें। यदि किसी को मिला तो अधोहस्ताक्षरित। इसके बाद किसी भी दावे पर विचार नहीं किया जाएगा

**Naveen Kumar Verma (advocate)**
F-211,sector-3 Vaishali Ghaziabad
Uttar Pradesh-201010, Contact at 09958871432

**NAME CHANGE**

I, hitherto known as SUNDRA DEVI D/o SIYADHAR R/o H No 84, Rajiv Gandhi Camp, Punjabi Bagh, Road No. 77, Punjabi Bagh, West Delhi, Delhi-110026 have changed my name and shall hereafter be known as SUNDER DEVI.

**NAME CHANGE**

I, ASHA RANI W/o DAYARAM R/o KASAN GURGAON HARYANA122051, I HAVE CHANGED MY NAME ASHA DEVI FOR ALL FUTURE PURPOSES

**NAME CHANGE**

I JAKIR HUSSAIN S/O HAJUR SHAH R/O 152 NEAR AARA MACHINE BALLABGARH FARIDABAD HAR-121004 have changed my name to ZAKIR HUSSAIN for all future purpose.

**NAME CHANGE**

I, SHASHIDA HUSSAIN W/O SAGHEER HUSSAIN R/O H NO-3836, GALI MASJID SHAHGUL, SADSR THANA, SADSR BAZAR, DELHI-110006. have changed my name to SHAHIDA HUSSAIN for all future purposes.

**NAME CHANGE**

I, ARCHNA W/o Vipin Sharma R/o B-2762/85, Gali No.75, Sant Nagar, S.D Enclave, Burari, Delhi-110084, have changed my name to ARCHANA for all future purpose.

**NAME CHANGE**

I, Alok Garg S/O Jagdish Sharan R/O H.no- 123-A/26 Post office Mehrauli delhi-110030 changed my name to Alok Kumar Garg

**NAME CHANGE**

I, No-13632023M Rank-L/NK Name-KULDEEP PARMAR Presently residing at VILL-SILARKHEDI, PO-NOUGAWAN, TEH-UJJAIN, DIST-UJJAIN, MADHYA PRADESH-456664, have changed my wife's name from KIRAN SOLANKI to KIRAN PARMAR for all future purposes vide Affidavit dated 22/01/2026 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**

I, BALA SALWAN W/o ANIL KUMAR SALWAN R/o F002, GROUND FLOOR, IRWO CLASSIC APARTMENT, RAIL VIHAR SECTOR-57, WAZIRABAD, GURGAON, HARYANA-122003, have changed my name from BALA SALWAN to RAVI BALA SALWAN for all future purposes.

**NAME CHANGE**

I, hitherto known as RAJWATI W/O GYANACHAND R/O 141, SARAI NAJAR ALI, NASRAT PURA, GHAZIABAD, UTTAR PRADESH-201001 have changed my name and shall hereafter be known as RAJESH It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection

**NAME CHANGE**

I, NO-16012834F, Rank-HAV Name-JITENDRA SINGH SHEKHAWAT residing at VILL-DHANI KAIRORI, PO-RAJNOTA, TEHSIL-KOTPUTLI, DIST-JAIPUR, RAJASTHAN-303110, have changed my father's name from HATHI SINGH to HATHI SINGH SHEKHAWAT for all future purposes and in my service records my father's date of birth wrongly mentioned as 01/07/1960 instead of his correct date of birth as 10/10/1960 vide Affidavit dated 22/01/2026 before Notary Public, Delhi.

**PUBLIC NOTICE**

NOTICE is hereby given to public at large that my client **S Vijaylaxmi** is purchasing the SECOND FLOOR FLAT NO. C-2, FRONT LHS WITHOUT ROOF RIGHTS, PROPERTY BEARING NO. 103, OUT OF KHASRA NO. 64, SITUATED OF MAIDAN GARHI, IN REVENUE ESTATE OF VILLAGE MAIDAN GARHI, TEHSIL SAKET, NEW DELHI-110068 from Sh. Kulbeer Singh who is the owner of the abovementioned property from GPA, Agreement to Sale & WILL dated 13.05.2025 and Intend to mortgage the said property with **Aditya Birla Housing Finance Ltd.** If any person(s) has/have any objection(s) or claim(s) with respect to the right, title or interest in the said property may please contact us within 07 days from the date of this notice on the number & address mentioned herein below, failing which my client(s) shall not be held responsible in any manner whatsoever.

**Khaitan & Khaitan**
Plot No. 100 ,2nd floor
Okhla Phase III, New Delhi
Ph. No: 011-49774545

**NAME CHANGE**

I SIKANDER KALRA S/O KEWAL KRISHNA KALRA R/O BLOCK-29/36, OLD RAJENDER NAGAR, NEW DELHI-110060 have changed my name to SIKANDER MOHAN KALRA for all future purpose.

**NAME CHANGE**

I, BANDU JAGANNATH DODKE Father of No-17033037A Rank-CFN Name-DODAKE DIPAK BANDU Presently residing at VILL-KRUSHNANPUR, PO-NERAD (PURAD), TEH-WANI, DIST-YAVATMAL, MAHARASHTRA-445304, have changed my name from BANDU JAGANNATH DODKE to BANDU JAGANNATH DODAKE for all future purposes vide Affidavit dated 22/01/2026 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**

I, SUREKHA Mother of No-17033037A Rank-CFN Name-DODAKE DIPAK BANDU Presently residing at VILL-KRUSHNANPUR, PO-NERAD (PURAD), TEH-WANI, DIST-YAVATMAL, MAHARASHTRA-445304, have changed my name from SUREKHA to SUREKHA BANDUJI DODAKE for all future purposes vide Affidavit dated 22/01/2026 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**

I, LOVEPRIYA S/O PURAN CHAND R/O RZ-114, BLOCK-A, KHUSHI RAM PARK, UTTAM NAGAR, DIST-WEST DELHI, DELHI-110059 have changed my name from LOVEPRIYA to LOVE PRIYA for all future purposes.

**NAME CHANGE**

I, RINKU YADAV Legally son of NO - 4189020N Rank- HAV Name- LAXMI NARAYAN YADAV, permanent residing at WARD NO-4, KHANDWA, JHUNJHUNU, RAJASTHAN-333502, in my father's service records my date of birth wrongly mentioned as 03/05/1995 instead of my correct date of birth as 03/03/1994 vide affidavit dated 22/01/2026 before Notary Public, Delhi.

**PUBLIC NOTICE**

It is for general information that I Md Saeem Akhtar S/O MD AKHTAR ALI, R/O H NO 1530, GALI NO 14, BALMIKI MOHALLA, NEAR E- RIKSHAW STAND TUGHLAKABAD VILLAGE, Badarpur, South Delhi, Delhi, 110044, declare that name of mine has been wrongly written as Md Sayeem Akhtar in my all EDUCATIONAL documents.The actual name of mine is MD SAEEM AKHTAR, respectively which may be amended accordingly.

**सार्वजनिक सूचना**

यह सूचित किया जाता है कि श्रीमती मंजू देवी संपत्ति आईडी संख्या 3QDEO7Y5 की स्वामिनी हैं, जिसका भू-क्षेत्रफल 3.5 मरला अर्थात 105 वर्ग गज है, जो खेवट संख्या 2608/2610, खातौनी संख्या 2907/2909, मुस्तातिल संख्या 204, किला संख्या 3/1/3/4/1 (1-10), 4/2 (0-19), न्यू आदर्श नगर, रेवाड़ी, तहसील एवं जिला रेवाड़ी (हरियाणा) में स्थित है। उक्त संपूर्ण संपत्ति की मूल स्वामिनी श्रीमती रमेश्वरी देवी एवं श्रीमती ओमवती थीं, जिन्होंने दिनांक 21.03.1988 के विक्रय विलेख द्वारा उक्त संपत्ति श्री मोहन लाल को विक्रय की। तत्पश्चात श्री मोहन लाल ने दिनांक 01.02.2016 के विक्रय विलेख एवं दिनांक 02.03.2016 के संशोधन विलेख के माध्यम से उक्त भू-खंड श्रीमती गीता देवी एवं श्रीमती मंजू को विक्रय किया। इसके पश्चात श्रीमती गीता देवी ने अपने 3.5 मरला (105 वर्ग गज) के हिस्से को दिनांक 02.03.2016 के हस्तांतरण विलेख द्वारा श्री संजय कुमार के पक्ष में स्थानांतरित किया। अंततः श्री संजय कुमार ने दिनांक 05.06.2025 के विक्रय विलेख द्वारा उक्त संपत्ति श्रीमती मंजू देवी को विक्रय कर दी। परिणामस्वरूप, श्रीमती मंजू देवी उपर्युक्त संपत्ति की पूर्ण एवं निर्विवाद स्वामिनी हैं। कृपया ध्यान दें कि मूल चेन दस्तावेज़ गुम हो गए हैं, जिनमें बिक्री विलेख दिनांक 21.03.1988 (पंजीकरण संख्या 4134) तथा सुधार विलेख दिनांक 02.03.2016 (पंजीकरण संख्या 7240) शामिल हैं। तदनुसार, उपर्युक्त संपत्ति के संबंध में उक्त मूल दस्तावेज़ उपलब्ध नहीं हैं। उपर्युक्त दस्तावेज़ों के गुम होने के संबंध में एक ऑनलाइन एफआईआर (लॉस्ट रिपोर्ट संख्या 132360352600108 / 132360352600109) दर्ज कराई गई है। यह संपत्ति किसी भी प्रकार के वाद-विवाद, भार, बंधक, देयता, दावा या अधिकार से मुक्त है। कृपया यह भी ध्यान दें कि वर्तमान में यह संपत्ति आरबीएल बैंक लिमिटेड (RBL Bank Ltd.), शाखा- ओखला नई दिल्ली के द्वारा वित्तपोषित (financed) द्वारा किया जा रहा है।यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त संपत्ति के संबंध में कोई आपत्ति हो, तो कृपया इस सूचना की तिथि से 07 दिनों के भीतर अपनी आपत्ति लिखित रूप में प्रस्तुत करें। उक्त आपत्ति नीचे दिए गए पते पर पंजीकृत डाक के माध्यम से एवं ई-मेल द्वारा अधोहस्ताक्षरी को भेजी जा सकती है। यदि निर्दिष्ट अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती है, तो उक्त संपत्ति के संबंध में कोई भी दावा अमान्य और निष्प्रभावी माना जाएगा।

**[ASHWANI KUMAR] Advocate**
Chamber No. 122,
Tehsil Compound, Ghaziabad, U.P.

**NAME CHANGE**

I, Shivam S/o Rajesh Gupta, R/o H No: 82, Ward No: 35, Near Railway Station, Janta Colony, Rohtak - 124001, Haryana have changed my name to Shivam Gupta for all intends and purposes.

**NAME CHANGE**

I, Ajay Kumar S/O Nand Kishor R/O House No- 75,Ashoka Green Residency, Greater Noida West, Sector -1, Bishrakh , PO: I. A. Surajpur, Dist: Gautam Buddha Nagar Uttar Pradesh -201306, have changed the name of my minor Son Atulit aged 01 years and he shall hereafter be known Atharva Bhardwaj

**NAME CHANGE**

I QAMARUDDIN S/O HAJI MANGAT R/O 139 CHHOTI MASJID KHUREJI KHAS KRISHNA NAGAR DELHI-110051 have changed my name to QAMRUDDIN for all future purpose.

**सार्वजनिक सूचना**

यह सूचित किया जाता है कि श्री रामफल द्वारा निर्मित संपत्ति संख्या 2944, जिसका भू-क्षेत्रफल 40 वर्ग गज, खसरा संख्या 91 में से, गली नंबर 06, ग्राम वज़ीराबाद, दिल्ली-110084 में स्थित है, को श्री कृष्ण पाल से क्रय करने का इरादा है। उक्त संपूर्ण संपत्ति की मूल स्वामिनी श्रीमती क़लीम अख़्तर थीं। श्रीमती क़लीम अख़्तर ने दिनांक 12.03.2004 को GPA, ATS एवं वसीयत के माध्यम से यह संपत्ति श्रीमती बिमलेश एवं श्रीमती सोनिया खोसला को हस्तांतरित की। तत्पश्चात, श्रीमती बिमलेश एवं श्रीमती सोनिया खोसला ने दिनांक 16.05.2005 को तक्क्र-ज्ञस एवं वसीयत के माध्यम से यह संपत्ति श्रीमती शकुंतला बजाज को हस्तांतरित की। इसके बाद, श्रीमती शकुंतला बजाज ने दिनांक 01.03.2006 को GPA, ATS एवं वसीयत के माध्यम से यह संपत्ति श्री विजय कुमार शर्मा को हस्तांतरित की। श्री विजय कुमार शर्मा ने दिनांक 10.03.2006 को GPA, ATS एवं वसीयत के माध्यम से यह संपत्ति श्रीमती शर्मा देवी को हस्तांतरित की। तत्पश्चात, श्रीमती शर्मा देवी ने दिनांक 05.02.2008 को GPA, ATS एवं वसीयत के माध्यम से यह संपत्ति पुनः श्री विजय कुमार शर्मा को हस्तांतरित की। इसके उपरांत, श्री विजय कुमार शर्मा ने दिनांक 20.08.2008 को GPA, ATS एवं वसीयत के माध्यम से यह संपत्ति श्रीमती संतनाम कौर को हस्तांतरित की। श्रीमती संतनाम कौर ने दिनांक 01.06.2012 को GPA, SPA, ATS एवं वसीयत के माध्यम से यह संपत्ति श्री शिव प्रसाद को हस्तांतरित की। इसके बाद, श्री शिव प्रसाद ने दिनांक 31.03.2019 को GPA, ATS एवं वसीयत के माध्यम से यह संपत्ति श्री कृष्ण पाल को हस्तांतरित की। अतः, श्री कृष्ण पाल उक्त संपत्ति के पूर्ण एवं वैध स्वामी हैं। यह भी नोट किया जाए कि उक्त संपत्ति को बजाज हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, गुड़गांव शाखा, हरियाणा द्वारा वित्तपोषित (फाइनेंस) किया जाना प्रस्तावित है। यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त संपत्ति के संबंध में कोई आपत्ति हो, तो कृपया इस सूचना की तिथि से 07 दिनों के भीतर अपनी आपत्ति लिखित रूप में प्रस्तुत करें। उक्त आपत्ति नीचे दिए गए पते पर पंजीकृत डाक के माध्यम से एवं ई-मेल द्वारा अधोहस्ताक्षरी को भेजी जा सकती है। यदि निर्दिष्ट अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती है, तो उक्त संपत्ति के संबंध में कोई भी दावा अमान्य और निष्प्रभावी माना जाएगा।

**[ASHWANI KUMAR] Advocate**
Chamber No. 122,
Tehsil Compound, Ghaziabad, U.P.

**NAME CHANGE**

I, Jagdish Yadav S/O Rohtash Singh R/O Jauri Kalan Jori(24), Janaula, Gurgaon, Haryana (122503), Have Change My Name To Jagdish.

**नाम परिवर्तन**

मैं, सुमन पत्नी अमित शहगल, निवासी मकान नंबर 193, दूसरी मंजिल, जे ब्लॉक के सोसाइटी के पास, सेक्टर-9ए, गुरुग्राम, हरियाणा-122001, ने अपनी नाबालिग बेटी का नाम वाणी से बदलकर वाणी सहगल कर लिया है, भविष्य में सभी उद्देश्यों के लिए।

**NAME CHANGE**

I, NO-16012618N Rank-HAV Name-KAMALESWAR NATH SINGH residing at VILL-GAHMAR, PO-GAHMAR, TEHSIL-ZAMANIA, DIST-GHAZIPUR, UTTAR PRADESH-232327, have changed my name from KAMALESWAR NATH SINGH to KAMALESHWAR NATH SINGH for all future purposes vide affidavit Dated 22/01/2026 before Notary Public Delhi.

**NAME CHANGE**

I, RAJEEV JAYPRAKASH TRIPATHI, R/O Flat No. D-1001, Gauri Ganesh Apartments, Himachali CGHS Ltd., Plot No. 8, Sector 3, Dwarka, Delhi - 110075 Have changed the name of my minor daughter NIVRITI TRIPATHI aged 15 years and shall hereafter be known as NIVRITI RAJEEV TRIPATHI, for all future purposes. It is Certified that I have complied with other legal requirements in this connection.

**RAJEEV JAYPRAKASH TRIPATHI**

**NAME CHANGE**

I, MOHD HAFEEZ S/o Khachedu R/o A-1/196, Gali No.4, Nehru Vihar, Mustafabad, Delhi-110094, have changed my name to ABDUL HAFIZ permanently

**NAME CHANGE**

I, MOHD MUZAFFAR AALAM S/o Yaqub Ansari R/o 34/40, Third Floor Old Rajinder Nagar, Delhi-110060, have changed my name from MOHD MUZAFFAR AALAM to MOZFFAR ALAM permanently.

**NAME CHANGE**

I,SHAHID PARVEJ S/o Mozffar Alam R/o 34/40, Third Floor Old Rajinder Nagar, Delhi-110060, have changed my name from SHAHID PARVEJ to SHAHID PARVEJ ALAM permanently.

**NAME CHANGE**

I, RAJKUMAR S/o FATEH SINGH R/o H.No. Swami Mohalla, Sankhol, Jhajjar-124507 have changed my name from RAJKUMAR to RAJ KUMAR for all future purposes.

**Public notice**

It is for general information that I, MEETU JAIN D/O ADISH JAIN, HOUSE NO-22/10 3RD FLOOR, DOUBLE STORY, NEW RAJINDER NAGAR, RAJENDER NAGAR, PO: RAJENDER NAGAR, DIST: CENTRAL DELHI, DELHI-110060, declare that name of my son name has been wrongly written as ARNAV. That my minor son name is ARNAV JAIN aged 11 years in his Birth Certificate. The actual name of my son is ARNAV JAIN.

**Public notice**

Information is given to the general public at large that my client Mr Santram Singh S/O Hari Kishan R/O House no 40 Nayabans Sector 15 Noida Gautam Buddha Nagar Uttar Pradesh 201301, (herein referred as the "said property through Gift Deed dated 13.10.2023 executed between Mr. Hari Kishan in favour of Mr. Sant Ram Singh in respect of Plot of land measuring 333 sq. yds., out of Khasra No.320, situated at village Nayabans, Pargana & Tehsil Dadri, Distt. Gautam Budh Nagar, U. P., duly regd. as Doc. No.5672, Book No.1, Vol. No.13658, page 305-322, on 13.10.2023 (SR-II, Noida). Now, my client intends to mortgage the said property to Godrej Finance Limited. Any person(s), institution having any claim and /or objection in respect of the said property shall communicate the same to the undersigned at our address within 15 days from the publication of this notice with documentary evidence in support thereof, failing which all the claim, of such person and institution shall not be binding upon the said property or purchaser.

**Ashwani Kumar (Advocate)**
Delhi Hight Court Enrl, No,
D/5304/2018 New Delhi
Tis Hazari Court New Delhi
PH. No. 921277
4686//9716471606/9910788221


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

### धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **1) मीता शर्मा, पत्नीः कमल कुमार अवस्थी, 2) ऋषि शर्मा, पुत्रः कमल शर्मा, 3) वैभव अवस्थी, पुत्रः कमल कुमार अवस्थी, 4) कमल शर्मा, पुत्रः शिव कुमार, 5) राजेश तिवारी, पुत्रः आर.के. तिवारी, पताः म.नं. 54 बी, अभय खंड नं. 03, इंदिरापुरम, उत्तर प्रदेश** ने **FIR No. 1334/2015, U/s 498A/406/34/506 IPC, पुलिस थाना मेहरौली, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होंने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **1) मीता शर्मा, 2) ऋषि शर्मा, 3) वैभव अवस्थी, 4) कमल शर्मा, 5) राजेश तिवारी** मिल नहीं रहे हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **1) मीता शर्मा, 2) ऋषि शर्मा, 3) वैभव अवस्थी, 4) कमल शर्मा, 5) राजेश तिवारी** फरार हो गए हैं (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 1334/2015, U/s 498A/406/34/506 IPC, पुलिस थाना मेहरौली, दिल्ली** के अभियुक्त **1) मीता शर्मा, 2) ऋषि शर्मा, 3) वैभव अवस्थी, 4) कमल शर्मा, 5) राजेश तिवारी** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **27.02.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार – सुश्री नीतिका कपूर
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, महिला कोर्ट नं. 3
**DP/761/SD/2026** दक्षिण जिला, कमरा नं. 12, साकेत कोर्ट, नई दिल्ली

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

### धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **हासिम उर्फ सोनू** पुत्र नूर मोहम्मद निवासी मकान नं. 3, सरस्वती विहार, लोनी, गाजियाबाद (उत्तर प्रदेश) ने प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 597/13 धारा 379/411/482/34 भा. द.स. के तहत थाना फर्श बाजार, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **हासिम उर्फ सोनू** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **हासिम उर्फ सोनू** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr.P.C. की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 597/13 धारा 379/411/482/34 भा.द.स. के तहत थाना फर्श बाजार, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **हासिम उर्फ सोनू** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **02.03.2026** को हाजिर हो।

आदेशानुसारः श्री अखिल मलिक,
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–02,
कमरा नं. 38, भूतल,
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/944/SHD/2026


## उत्तर रेलवे

### खुली निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल अभियंता/प्रथम, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए ई-टेंडर के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | **कार्य का नाम : 1.** सहायक मंडल अभियंता/पानीपत के अंतर्गत एसएसई/डब्ल्यू/सोनीपत के तहत रेल कोच नवीनीकरण कारखाना, बारही, उत्तर रेलवे में प्रशासनिक ब्लॉक और फैक्ट्री भवनों आदि की मरम्मत और रखरखाव के लिए वार्षिक क्षेत्रीय कार्य। **2.** सहायक मंडल अभियंता/पानीपत के अंतर्गत एसएसई/डब्ल्यू/सोनीपत के तहत रेल कोच नवीनीकरण कारखाना, बरही, उत्तर रेलवे में स्टाफ क्वार्टर और फैक्ट्री भवनों आदि की मरम्मत और रखरखाव के लिए वार्षिक क्षेत्रीय कार्य। | |
| 2. | **अनुमानित लागत : 1.** रु. 7016467.70/- **2.** रु. 9999156.79/- | |
| 3. | **धरोहर राशि : 1.** रु. 140300/- **2.** रु. 200000/- बयाना राशि केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के रूप में होनी चाहिए। **नोटः**– एफ.डी.आर या डिमांड ड्राफ्ट के रूप में ई.एम.डी. स्वीकार नहीं की जाएगी। रेलवे बोर्ड के पत्र संख्या 2015/सीई-1/सीटी/5/1 दिनांक 31.08.2016 के अनुसार आई.आर.ई.पी.एस. पर आमंत्रित निविदा के लिए। | |
| 4. | **समापन अवधी : 1 & 2.** 08 महीने | |
| 5. | **ई-निविदा खोलने और प्रस्तुत करने के लिए दिनांक और समय** | 13.02.2026 को 15:00 बजे तक निविदा प्रस्तुत करने तथा निविदा खुलने का समय दिनांक 13.02.2026 को 15:00 बजे। |
| 6. | **निविदा की वेबसाइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है** | **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। |
| 7. | **सामान प्रकार के कार्य** | **1 & 2.** ट्रैक काम के अलावा कोई भी सिविल कार्य। |

**नोट** :– शपथ पत्र संलग्नक–XXIV अनिवार्य रूप के रूप में निविदा शर्तों के साथ संलग्न नए प्रारूप में प्रस्तुत किया जाना चाहिए। और सभी संलग्न दस्तावेज निविदाकर्ता द्वारा स्वयं सत्यापित किया जाना चाहिए। **पत्र संख्या** :– **128–डब्लू/280/निविदा सूचना/25–26/डब्लू–I (NIT-42 & 43) दिनांक :– 21.01.2026** **220/2026**

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**

भारत सरकार GOVERNMENT OF INDIA
अंतरिक्ष विभाग DEPARTMENT OF SPACE
भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन INDIAN SPACE RESEARCH ORGANISATION
अंतरिक्ष उपयोग केंद्र SPACE APPLICATIONS CENTRE
अहमदाबाद AHMEDABAD 380015

सत्यमेव जयते

SAC इसरो isro

**विज्ञापन सं./Advertisement No.: सैक SAC: 01:2026: दिनांक/ dated: 23.01.2026**

अंतरिक्ष उपयोग केंद्र (सैक) अर्ह अभ्यर्थियों से सैक अहमदाबाद में वैज्ञानिक/अभियंता 'एसडी' के पद तथा सैक अहमदाबाद, एनआरएससी, हैदराबाद, एनईसैक, मेघालय और वीएसएससी, तिरुवनंतपुरम में वैज्ञानिक/अभियंता 'एससी' के पद हेतु आवेदन आमंत्रित करता है।

वैज्ञानिक/अभियंता 'एसडी' के लिए आवेदन केवल इसरो लाइव पंजीकरण पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन ही लिए जाएंगे। अतः, अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे 12.02.2026 (1700 घंटे) तक या उससे पहले इसरो के केरियर टेब में लाइव पंजीयन पोर्टल https://www.isro.gov.in पर पंजीयन करें या अपना पंजीयन अद्यतन करें। लाइव पंजीकरण पोर्टल पर https://liveregister.isro.gov.in/LRClient से सीधे पहुँचा जा सकता है।

वैज्ञानिक/अभियंता 'एससी' के लिए: इच्छुक अभ्यर्थी विस्तृत विज्ञापन और आवेदन के ऑनलाइन पंजीकरण के लिए हमारी वेबसाइट https://www.sac.gov.in या https://careers.sac.gov.in देख सकते हैं। आवेदन केवल ऑनलाइन ही लिए जाएंगे। ऑनलाइन पंजीकरण, ऑनलाइन आवेदन भरने और आवेदन शुल्क जमा करने के लिए साइट 23.01.2026 को 1000 बजे से 12.02.2026 को 1700 बजे तक उपलब्ध रहेगी।

कोई भी परिशिष्ट / अद्यतन / शुद्धिपत्र केवल सैक वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा। अभ्यर्थी नवीनतम अद्यतन सूचना हेतु सैक वेबसाइट www.sac.gov.in नियमित रूप से देखते रहें।

cbc 49107/11/0022/2526



**कौमी पत्रिका**

संपादक–गुरचरन सिंह बब्बर
स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक, गुरचरन सिंह बब्बर ने कौमी पत्रिका प्रिंटिंग प्रेस, सेक्टर ए-4/ए-144 इंडस्ट्रीयल एरिया ट्रोनिका सिटी लोनी (गाजियाबाद), उत्तर प्रदेश से छापकर प्रकाशित किया।

**Corporate Office:**
5, Bahadurshah Zafar Marg
ITO, New Delhi-110002

फोन : 011-41509689, 23315814
मोबाइल नंबर : 9312262300

**E - mail address :**
qpatrika@gmail.com
**Website:** www.qaumipatrika.in

**R.N.I. No.**
**UP-HIN/2007/21472**

**Legal Advisors:**
Advocate Mohd. Sajid
Advocate Dr. A.P.Singh
Advocate Manish Sharma
Advocate Pooja Bhaskar Sharma

# हरियाणा में चालक भर्तियों के लिए तय होंगे नए नियम

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने सभी विभागों के प्रशासनिक सचिवों से ग्रुप-सी के अंतर्गत चालकों के लिए समान सेवा नियम बनाने के लिए सुझाव मांगे हैं। सरकार की तरफ से सभी सचिवों को दस दिन का समय दिया गया है। मुख्य सचिव कार्यालय की तरफ से जारी पत्र के अनुसार, प्रस्तावित नियम हरियाणा ग्रुप-सी चालक (भर्ती एवं सेवा शर्तें) नियम, 2025 के नाम से जाने जाएंगे और ये आधिकारिक राजपत्र में प्रकाशन की तिथि से लागू होंगे। प्रारूप नियमों के अनुसार चालक पद पर सीधी भर्ती के लिए अभ्यर्थियों की आयु सीमा 18 से 42 वर्ष निर्धारित की गई है। अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग, पूर्व सैनिक तथा दिव्यांग श्रेणी के उम्मीदवारों को सरकार द्वारा समय-समय पर निर्धारित नियमों के अनुसार ऊपरी आयु सीमा में छूट प्रदान की जाएगी। चालक पद पर सीधी भर्ती अथवा स्थानांतरण/प्रतिनियुक्ति के माध्यम से नियुक्त सभी अभ्यर्थियों के पास बारहवीं या इसके समकक्ष योग्यता होनी चाहिए। उनके पास कम से कम तीन वर्ष पुराना वैध लाइट या हैवी परिवहन वाहन ड्राइविंग लाइसेंस हो तथा निर्धारित ड्राइविंग टैस्ट उत्तीर्ण करना अनिवार्य होगा।नियुक्ति के किसी भी माध्यम से चयनित सभी अभ्यर्थियों के लिए मैट्रिक स्तर पर हिंदी या संस्कृत विषय अथवा उच्च स्तर पर हिंदी विषय उत्तीर्ण होना चाहिए। प्रारूप नियमों के अनुसार, चालक पद के लिए चयन प्रक्रिया में 100 अंकों की लिखित परीक्षा होगी।

# नितिन नवीन के कार्य अनुभव का भाजपा को मिलेगा बड़ा लाभः दुष्यंत भट्ट

**पानीपत।** भाजपा जिला कार्यालय श्याम कमल परिसर में भाजपा के 12वें राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के निर्वाचित होने की खुशी में बुधवार को लड्डू बांटे गए। इस अवसर पर मौजूद रहे शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि नितिन नवीन का इस पद पर निर्वाचित होना युवाओं को सम्मानित करने जैसा है इससे निश्चित तौर पर युवा कार्यकर्ताओं के मन में नई उमंग और जोश का संचार होगा । उन्होंने कहा कि दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी के अध्यक्ष पद पर एक युवा को जिम्मेदारी मिलना एक परिवर्तन का संदेश भी देता है । उन्होंने कहा कि राष्ट्रवाद, अन्त्योदय, सुशासन और पूरी पारदर्शिता के साथ समाज के गरीब वर्ग का उत्थान करना भाजपा का मूल उद्देश्य है। शहरी विधायक प्रमोद विज ने कहा कि नितिन नवीन की नियुक्ति पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह कहना कि पार्टी मामलों में अब नबीन ही मेरे बॉस होंगे, यह दर्शाता है कि पार्टी में अध्यक्ष पद का कितना महत्व है। इससे भी बड़ी बात यह है कि नितिन नबीन 45 वर्ष के हैं जो आज तक के भाजपा के सबसे युवा पार्टी अध्यक्ष है । इस नियुक्ति से निश्चित ही देश के युवा वर्ग में विशेष खुशी की झलक स्पष्ट नजर आती है ।

# कांग्रेस पार्टी एक टूटे तांगे की तरह : शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा

**पानीपत।** शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने राहुल गांधी के कुरुक्षेत्र दौरे और प्रदेश कांग्रेस में गुटबाजी पर कहा कि कांग्रेस 'टूटे हुए तांगे' की तरह है। जिस पार्टी के नेताओं की विचारधारा ही अलग अलग हो वह जनता का भला क्या करेगी। वे पार्टी कार्यालय 'श्याम कमल' में आयोजित एक कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कांग्रेस की हालत उस टूटे हुए तांगे जैसी हो गई है, जिसमें 10 घोड़े तो लगे हैं, लेकिन हर घोड़ा उस तांगे को अपनी-अपनी दिशा में खींच रहा है। कोई पूरब भाग रहा है तो कोई पश्चिम। जब खींचने वाले ही अलग-अलग दिशाओं में जोर लगाएंगे, तो वह तांगा आगे बढ़ने के बजाय वहीं बिखर जाएगा। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के बयानों पर भी पलटवार किया। उन्होंने कहा कि जो लोग भाजपा को 'इवेंट मैनेजमेंट' की सरकार कहते हैं, उन्हें अपने गिरेबान में झांकना चाहिए। कांग्रेस की सरकार 'लूट-खसोट' और 'प्रॉपर्टी डीलिंग' की दुकान थी। उन्होंने राहुल गांधी के दौरों को महज एक राजनीतिक ढोंग करार देते हुए कहा कि जनता अब इनके झांसे में आने वाली नहीं है।

# जुलाना रेलवे स्टेशन का डीआरएम ने किया औचक निरीक्षण

**जींद।** जुलाना रेलवे स्टेशन का डीआरएम पुष्पेश रमन त्रिपाठी ने औचक निरीक्षण किया। डीआरएम के जुलाना पहुंचने की सूचना मिलते ही रेलवे स्टेशन पर कर्मचारियों में सतर्कता देखी गई और व्यवस्थाओं को दुरुस्त किया गया। डीआरएम ने अपने निरीक्षण कार्यक्रम के तहत किनानाए जैजैवंती और जुलाना रेलवे स्टेशन का दौरा किया। उन्होंने यात्री सुविधाओं, सुरक्षा इंतजामों और निर्माणाधीन कार्यों का जायजा लिया। जुलाना रेलवे स्टेशन पर पहुंचने पर गणमान्य लोगों ने डीआरएम का फूलमालाओं से स्वागत किया। इस दौरान कस्बे के लोगों ने डीआरएम के समक्ष जुलाना स्टेशन पर अधिक ट्रेनों के ठहराव की मांग रखी। लोगों का कहना है कि जुलाना क्षेत्र में यात्रियों की संख्या लगातार बढ़ रही है लेकिन ट्रेनों के ठहराव की कमी के कारण यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। निरीक्षण के दौरान डीआरएम ने स्टेशन परिसर में चल रहे निर्माण कार्यों को देखा और अधिकारियों को कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि जुलाना रेलवे स्टेशन पर फुट ओवरब्रिज का निर्माण कार्य प्रगति पर है। जिससे यात्रियों को प्लेटफार्म बदलने में सुविधा मिलेगी। इसके साथ ही स्टेशन पर जल्द ही नए प्लेटफार्म का निर्माण भी किया जाएगा। जुलाना-हांसी मार्ग पर प्रस्तावित फ्लाईओवर को लेकर भी उन्होंने अधिकारियों से जानकारी ली और कहा कि इस दिशा में आवश्यक प्रक्रिया पूरी की जा रही है। डीआरएम पुष्पेश रमन त्रिपाठी ने स्टेशन परिसर में पौधारोपण भी किया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

# पानीपत में बनेगा अंतरराष्ट्रीय टैक्सटाईल संस्थानः मुख्यमंत्री नायब सैनी

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पानीपत बुनकरों की और ऐतिहासिक नगरी है जहां का कपड़ा उद्योग हरियाणा के साथ-साथ पूरे भारत में नाम रौशन कर रहा है। पानीपत आज तेज गति से खाद्य प्रसंस्करण केन्द्र के रूप में भी तेजी से उभर रहा है। इसी को देखते हुए विभिन्न उद्योग संगठनों की मांग पर पानीपत में अंतर्राष्ट्रीय स्तर का टैक्सटाईल संस्थान बनाया जाएगा, जिसके लिए 10 एकड़ जमीन उपलब्ध करवाई जाएगी। इस संस्थान में अंतर्राष्ट्रीय स्तर के मानकों पर तकनीकी दक्षता उपलब्ध करवाई जाएगी। मुख्यमंत्री पानीपत में आयोजित पानीपत, सोनीपत, और करनाल में टेक्सटाइल, फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्री और विभिन्न उद्योगों से जुड़े प्रतिनिधियों से बजट पूर्व परामर्श बैठक में उपस्थित उद्योगपतियों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि



विभिन्न उद्योग संगठनों की मांग पर हरियाणा आत्मनिर्भर टेक्सटाइल पॉलिसी की अवधि को एक वर्ष के लिए बढ़ाकर 18 दिसंबर, 2026 तक कर दिया है। नायब सिंह सैनी ने कहा कि आज फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्री पूरे प्रदेश में किसानों और उपभोक्ताओं के बीच एक मजबूत सेतु का कार्य कर रही है। किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य दिलाने, उन्हें आधुनिक तकनीक से जोड़ने और कृषि को लाभकारी व्यवसाय बनाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के फार्म टू फाईबर, फाईबर टू फैक्ट्री, फैक्ट्री टू फैशन और फैशन टू फोर्न फाइव-एफ के मंत्र का भी जिक्र किया और कहा कि हरियाणा में भी इसी फाइव-एफ विजन को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है। पूंजीगत निवेश सब्सिडी के तहत अब मामलों की संख्या पर कोई सीमा नहीं रहेगी। अब जितने भी योग्य उद्यमी आएंगे, सरकार उन सबकी मदद करेगी। उन्होंने कहा कि हरियाणा आत्मनिर्भर टैक्सटाईल पॉलिसी के तहत 354 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनके लिए 367 करोड़ रुपये की ग्रांट स्वीकृत की जा चुकी है। यह पॉलिसी सभी उद्यमियों के विश्वास का प्रतीक है। आज दुनिया केमिकल-मुक्त और प्राकृतिक रंगों वाले कपड़ों की मांग कर रही है। उन्होंने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि जिला पानीपत इस दिशा में ग्लोबल लीडर बन सकता है और यहां के लोग अब केवल पारंपरिक काम नहीं कर रहे, बल्कि वेस्ट टू वेल्थ और पेट टू फाईबर तथा एंटी बैक्टीरियल टॉवल्स जैसे नए प्रयोग कर रहे हैं।

# हमारी संस्कृति पर कोई प्रहार करने का प्रयत्न करेगा तो उचित उत्तर मिलेगाः डॉ. सुरेन्द्र जैन



एजेंसी

**रोहतक।** एलपीएस बोसार्ड में विश्व हिन्दु परिषद द्वारा धर्म रक्षा निधि विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता परिषद के केन्द्रीय संयुक्त महामंत्री डॉ. सुरेन्द्र जैन ने कहा कि भारतीय संस्कृति आत्मवत सर्वभूतेषु कि संस्कृति है, जो सभी को स्वीकार करती है, लेकिन हमारी संस्कृति पर कोई प्रहर करने का प्रयत्न करेगा तो हिन्दू समाज उसका उचित उत्तर भी देगा। इस अवसर पर एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन ने कहा कि भारत की संस्कृति की पूरे विश्व में अलग पहचान है। उन्होंने युवा पीढ़ी और मातृशक्ति को हिन्दुत्व कार्य में आगे आने के का आह्वान किया। इस अवसर पर विश्व हिन्दु परिषद द्वारा बोसार्ड के एमडी राजेश जैन को सामाजिक एवं धार्मिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने पर सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर राजीव मलिक, राधेश्याम, महेंद्र, चरण जीत, श्रवण केशव, कमल, सुन्दर, कमल सुनेजा, रविकांत, सरोज ने भी अपने विचार सांझा किए।

# दूषित पेयजल समस्या पर ग्रामीणों ने दी जलघर पर ताला लगाने की चेतावनी

एजेंसी

**हिसार।** पेयजल की समस्या से जूझ रहे हांसी क्षेत्र के गांव शेखपुरा के ग्रामीणों ने जलघर के अंदर प्रदर्शन करते हुए प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। ग्रामीणों ने समस्या का एक सप्ताह के अंदर समाधान नहीं किए जाने पर आंदोलन का फैसला लिया। पंचायत की अध्यक्षता गांव के सरपंच व सरपंच एसोसिएशन के प्रधान प्रदीप लादी ने की। पंचायत में ग्रामीणों ने कहा कि जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को सैकड़ों बार लिखित में शिकायत किए जाने के बावजूद भी जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग द्वारा शेखपुरा गांव के जलघर की सुध नहीं ली जा रही। सरपंच प्रदीप लादी ने बताया इस जलघर से शेखपुरा गांव के अलावा चार अन्य गांवों को पेयजल की सप्लाई होती है। पंचायत में पेयजल समस्या का एक सप्ताह में समाधान नहीं किया गया तो अगले सप्ताह जलघर को ताला लगा कर सड़क को जाम करने का फैसला लिया गया।

सरपंच प्रदीप लादी ने बताया कि उनके गांव के जलघरसे शेखपुरा के अलावा ढाणी केंदू, ढाणी शोभा, ढाणी कुंदनापुर और ढाणी चदरपुल में पेयजल की सप्लाई होती है। लेकिन आज इन सभी गांवों में पेयजल सप्लाई बुरी तरह से प्रभावित है। जलघर में लगे मीडिया फिल्टर खराब होने के कारण पिछले करीब चार साल से इन्हें निकाल कर बाहर रखा हुआ है। और बिना फिल्टर के की जा रही दुषित वाटर सप्लाई के चलते गांव के हर घर में कोई ना कोई व्यक्ति बीमार पड़ा हुआ है। सरपंच लादी ने बताया कि जलघर की 40 फुट की दीवार गिर गई थी।

# हरियाणा हेल्थ हब बनने की राह पर अग्रसरः आरती सिंह राव

एजेंसी

**नारनौल।** हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश के स्वास्थ्य बजट का एक-एक पैसा जनता की भलाई और अत्याधुनिक सुविधाओं पर खर्च किया जा रहा है। हरियाणा अब हेल्थ हब बनने की राह पर तेजी से अग्रसर है। स्वास्थ्य मंत्री अटेली हलके के गांवों में विभिन्न विकास कार्यों के उद्घाटन व शिलान्यस के मौके पर जनसभाओं को संबोधित कर रही थीं। इस दौरान उन्होंने लगभग तीन करोड़ रुपये के विकास कार्यों का उद्घाटन और शिलान्यास किया गया। इसके साथ ही स्वास्थ्य मंत्री ने गांव सराय, सुरानी और गुजरवास को आठ-आठ लाख रुपये तथा छापड़ा सलीमपुर और खोड़ के विकास के लिए 10-10 लाख रुपये की घोषणा की। इस दौरान उन्होंने





ग्रामीणों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि कोरियावास मेडिकल कॉलेज में सीनियर रेजिडेंट डॉक्टर्स के 68 पदों के लिए साक्षात्कार चल रहे है 21 और 22 जनवरी दो दिन के लिए इंटरव्यू चलेंगे। बिजली की समस्या से निजात के लिए फाइल एनओसी के लिए फॉरेस्ट डिपार्टमेंट दिल्ली भेज रखी है फाइनल अप्रूवल आते ही बिजली की समस्या से निजात मिल जाएगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र का सर्वांगीण विकास, बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं और मूलभूत सुविधाओं को हर घर तक पहुंचाना उनकी पहली प्राथमिकता है। चुनाव के दौरान किए गए सभी वादों को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा। इस मौके पर बीजेपी के जिला अध्यक्ष डा यतेंद्र राव, मुख्य चिकित्सक अधिकारी डा अशोक कुमार, जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. शशिबाला, एसएमओ डॉ. विजय, ब्लॉक समिति चेयरमैन जयप्रकाश, सराय के सरपंच नरेंद्र, सुरानी की सरपंच पूजा देवी, छापड़ा सलीमपुर की सरपंच एकता यादव, खोड़ की सरपंच नुपूर, गुजरवास की सरपंच वर्षा रानी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

# डीसी ने युवाओं को दी एफडीआई से प्रशिक्षण रोजगार पाने की सलाह

एजेंसी

**झज्जर।** उपायुक्त स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने जिला के युवाओं को निश्चित रूप से रोजगार प्राप्त करने के लिए फुटवियर डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट बहादुरगढ़ में उपलब्ध निशुल्क प्रशिक्षण लेने की सलाह दी है। इस आशय की बात उन्होंने यहां फुटवियर पार्क में स्थित फुटवियर डेवलपमेंट संस्थान का दौरा करने के बाद कही।

उपायुक्त ने जिलाभर के बेरोजगार युवाओं से आह्वान किया कि वे फुटवियर डेवलपमेंट संस्थान में अपना कौशल निखारकर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकते हैं। यहां प्रशिक्षण उपरांत रोजगार की गारंटी है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा बेरोजगार युवाओं को इस बारे में ग्राम स्तर पर जागरूक किया जाएगा ताकि ज्यादा से ज्यादा सख्यां में बेरोजगार युवा आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकें। इस दौरान जीएम डीआईसी संजीत कौर भी मोजूद रहीं। इस दौरान एसडीएम अभिनव सिवाच, बीसीसीआई के



प्रधान सुभाष जग्गा, पदाधिकारी नरेंद्र छिकारा, विकास सोनी सहित अन्य उद्यमी मौजूद रहे। डीसी ने संस्थान में मौजूद प्रशिक्षण सुविधाओं, लैब सहित अन्य सुविधाओं की जानकारी ली। बीसीसीआई प्रधान सुभाष जग्गा ने डीसी को जानकारी देते हुए बताया कि बहादुरगढ़ फुटवियर पार्क में देश का लगभग 63 प्रतिशत नॉन लेदर फुटवियर का उत्पादन होता है। केवल बहादुरगढ़ फुटवियर उद्योग ने लगभग साढ़े तीन लाख लोगों को रोजगार दिया हुआ है। उत्पादन की गुणवत्ता बढ़ाने और कौशलयुक्त कर्मियों की कमी को पूरा करने के लिए सरकार के सहयोग से एफडीआई संस्थान खोला गया है। इसमें हर वर्ष 15 हजार युवाओं का कौशल विकास रोजगार की शत-प्रतिशत गारंटी के साथ किया जाता है। प्रशिक्षण अवधि के दौरान युवाओं को यातायात और भोजन की निशुल्क सुविधा है। नरेंद्र छिकारा ने बताया कि लैब में देशभर से फुटवियर क्वालिटी चेक के लिए आते हैं। बीसीसीआई पदाधिकारियों ने बताया कि संस्थान में लैब टेकनिशियन, सिलाई ऑपरेटर, फुटवियर कटर, फुटवियर डिजाइनिंग, जूता निर्माण, कंप्यूटर प्रशिक्षण, अंग्रेजी बोलचाल प्रशिक्षण, एकाउंटिंग व टैली प्रशिक्षण, वेबसाइट डिजाइनिंग प्रशिक्षण की सुविधा निशुल्क है।

प्रशिक्षण की अवधि दो से तीन महिने की है। प्रशिक्षण उपरांत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त प्रमाण पत्र और ए ऑन.द.जॉब ट्रेनिंग के दौरान भत्ता भी दिया जाता है। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण 18 से 45 वर्ष की आयु तक, प्रशिक्षण की अवधि दो से तीन माह की है। प्रशिक्षण के इच्छुक युवा को पंजीकरण के लिए अपना आधार कार्ड, शैक्षणिक प्रमाण पत्र, परिवार पहचान पत्र, बैंक पासबुक की प्रति और पासपोर्ट साइज के दो फोटो लाना जरूरी है।

# बहादुरगढ़ की फुटवियर फैक्टरी में आग लगने से दो मजदूर जिंदा जले, एक घायल

एजेंसी

**झज्जर।** हरियाणा के बहादुरगढ़ के आधुनिक औद्योगिक क्षेत्र भाग-ए स्थित उत्कर्ष इंटरप्राइजेज नामक फुटवियर फैक्टरी में भीषण आग में दो कामगारों की जिंदा जलकर मौत हो गई तथा एक गंभीर रूप से झुलस गया। आग से फैक्टरी में करोड़ों रुपये का नुकसान हुआ है।

सूत्रों के अनुसार, फैक्टरी मालिक दिल्ली के सुल्तानपुरी निवासी नितेश गुप्ता हैं, जो बहादुरगढ़ के आधुनिक औद्योगिक क्षेत्र के प्लॉट नंबर 817 में उत्कर्ष इंटरप्राइजेज नाम से फुटवियर फैक्टरी चलाते हैं। इस फैक्टरी में जूते का अपर बनता है। बुधवार रात को फैक्टरी के तीन कामगार अतावरिस, शोएब और आरिफ फैक्टरी परिसर में ही सोए थे कि तड़के सुबह अचानक आग लग गई। कुछ ही देर में आग ने फैक्टरी के बड़े हिस्से को अपने आगोश में ले लिया। जिससे दो श्रमिकों की जिंदा जलकर मौत हो गई और बचने की कोशिश करने पर एक श्रमिक गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतकों की पहचान 30 वर्षीय अतावरिस और 40 वर्षीय शोएब के रूप में हुई है। जबकि झुलसने वाला 22 वर्षीय आरिफ है। अतावरिस और शोएब उत्तर प्रदेश के जिला हरदोई के गांव पाली के निवासी थे और आरिफ इसी जिले के गांव असमदा का रहने वाला है। उसने फैक्टरी भवन के दूसरे तल से साथ वाली फैक्टरी में कूद कर जान बचाई।

अल सुबह साढ़े 4 बजे लगी। सूचना मिलते ही फायरब्रिगेड की पांच गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल में भिजवा दिया है। दमकल अधिकारियों की मदद से पुलिस आग लगने के कारणों का पता लगाने में जुटी हुई है। दमकल कर्मचारियों ने भी फैक्टरी में तलाशी अभियान चलाया, लेकिन किसी अन्य जनहानि के बारे में कुछ पता नहीं लगा। आग से फैक्टरी जलकर राख हो गई है, जिससे करोड़ों रुपये के नुकसान का अनुमान है।

# रोहतक में बनेगा हरियाणा का पहला विश्व स्किल रिर्सोस लैब सेंटर:जयंत चौधरी

एजेंसी

**रोहतक।** केन्द्रीय राज्यमंत्री जयंत चौधरी ने जाट शिक्षण संस्थान में दीनबंधु सर चौधरी छोटूराम की 145वीं जयंती समारोह में बतौर मुख्यअतिथि शिरक्त करते हुए कहा कि देश में पांच व उतर भारत में दो विश्व स्किल रिर्सोस लैब सेंटर बनाए जाएंगे, जिसमें एक बड़ौत में और दूसरा रोहतक की जाट शिक्षण संस्था में बनाया जाएगा। इससे हरियाणा के लोगो को लाभ मिलेगा। जयंत चौधरी ने कहा कि आज बहुत बडा दिन है और आज ही स्विट्जरलैंड के दावोस में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की सालाना बैठक में वर्ल्ड इकोनोमिक को लेकर एमओयू हुआ है। इस दावोस का रास्ता भी रोहतक से होकर गुजरा है। उन्होंने कहा कि इस एमओयू से भारत देश को विकसित बनने में काफी सहयोग मिलेगा। साथ ही उन्होंने रोहतक से अपना रिश्ता बताते हुए कहा कि राजनीति में सक्रिय होने के बाद वह रोहतक में पहली बार आए है और आज उनके लिए बहुत खुशी का पल भी है, क्योकि मुझ से पहले मेरे स्व. दादा एवं देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह व उनके पिता स्व. अजीत सिंह का भी रोहतक





से पुराना लगाव रहा है। इससे पहले केन्द्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने सर छोटूराम के समाधी स्थल पर पहुंच कर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। समारोह में लोकसभा सांसद दीपेन्द्र सिंह हुड्डा ने केन्द्रीय मंत्री जयंती चौधरी का रोहतक पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया और अपने पारिवारिक संबंध भी बताए। सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि केन्द्रीय मंत्री द्वारा हरियाणा को दी गई बड़ी सौगात देने पर आभार पर व्यक्त किया। उन्होंने उम्मीद जताई कि सरकार जल्द ही इस घोषणा को अमलीजामा पहनाएगी। साथ ही सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि जयंत चौधरी पूर्व प्रधानमंत्री चरणसिंह की तीसरी पीढी है और वे भी अपने बुजुर्गो के दिखाए मार्ग पर अग्रसर है, जोकि अपने आप में एक मिशाल है। जाट शिक्षण संस्था के प्रधान गुलाब सिंह दिमाना ने केन्द्रीय मंत्री जयंत चौधरी व सांसद दीपेन्द्र सिंह हुड्डा को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया। इस अवसर पर विधायक बलराम दांगी, पूर्व मंत्री आनंद सिंह दांगी, जस्सी पेटवाड़, पूर्व मंत्री सुभाष बतरा,चक्रवर्ती शर्मा प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# जिला जेल से दस विचाराधीन बंदियों की हुई रिहाई

एजेंसी

**गुरुग्राम।** जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण गुरुग्राम की ओर से जिला कारागार भौंडसी में जेल लोक अदालत लगाई गई। इस दौरान सुनवाई करते हुए दस विचाराधीन बंदियों को रिहा किया गया। कारागार का निरीक्षण करते हुए जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव राकेश कादियान ने बताया कि जेल लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य विचाराधीन बंदियों के मामलों का शीघ्र निपटारा कर उन्हें न्यायिक प्रक्रिया से राहत दिलाना है। जेल लोक अदालत के दौरान मामलों की सुनवाई उपरांत दस विचाराधीन बंदियों को रिहा किया गया, जिससे उन्हें त्वरित न्यायिक राहत प्राप्त हुई। सचिव ने निरीक्षण के दौरान बंदियों को उपलब्ध विधिक सहायता, अधिवक्ता की सुविधा तथा उनके कानूनी अधिकारों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

इसके साथ ही उन्होंने कारागार में प्राधिकरण द्वारा संचालित लीगल ऐड क्लिनिक का भी निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि बंदी एक साधारण प्रार्थना-पत्र के माध्यम से जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण से निःशुल्क अधिवक्ता सेवाएं प्राप्त कर सकते हैं। निरीक्षण के दौरान महिला बंदियों से संबंधित समस्याओं, चिकित्सीय सुविधाओं, साक्षरता, खेलकूद, स्वच्छता, रहन-सहन, खान-पान एवं अन्य कानूनी विषयों की समीक्षा की गई



तथा इन व्यवस्थाओं को और सुदृढ़ करने हेतु जेल प्रशासन को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। सचिव ने यह भी जानकारी दी कि आपातकालीन राष्ट्रीय कानूनी सहायता हेल्पलाइन 15100 पर कॉल कर कोई भी व्यक्ति घर बैठे निःशुल्क कानूनी सहायता प्राप्त कर सकता है। इस अवसर पर जेल अधीक्षक, उप-अधीक्षक, जेल स्टाफ, पैनल अधिवक्ता तथा विधिक सेवा प्राधिकरण से जुड़े अन्य अधिकारी एवं अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# उपराष्ट्रपति करेंगे 39वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प महोत्सव का उद्घाटन

एजेंसी

**चंडीगढ़।** सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय आत्मनिर्भर शिल्प महोत्सव के 39वें संस्करण का उद्घाटन 31 जनवरी को देश के उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन करेंगे, जबकि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी समारोह की अध्यक्षता करेंगे। इस बार अंतराष्ट्रीय शिल्प महोत्सव के लिए लोकल से ग्लोबल, आत्मनिर्भर भारत की पहचान टैगलाइन जारी की गई है। दस दिन बाद सूरजकुंड में अंतरराष्ट्रीय-राष्ट्रीय स्तर के कलाकारों, बुनकरों, हस्तशिल्पियों के अनुभव व प्रतिभा के प्रदर्शन के अंतरराष्ट्रीय मंच को आकर्षक, अनूठा बनाने की प्रक्रिया अंतिम दौर में पहुंच गई है।प्रदेश के विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने चंडीगढ़ में बताया कि तीन शनिवार, तीन रविवार के साथ 16 दिन तक चलने वाले 39वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय आत्मनिर्भर शिल्प महोत्सव का उद्घाटन 31 जनवरी को देश के उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन करेंगे, जबकि 15 फरवरी को हरियाणा के राज्यपाल प्रोफेसर अशीम कुमार घोष समापन करेंगे। पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी



के नेतृत्व में विभाग सूरजकुंड मेले के आकर्षण और छटा को साल दर साल विस्तार देने व मेला को तकनीकी तौर पर सशक्त बनाने के लिए निरंतर काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि शिल्प महोत्सव को पहली बार टैगलाइन लोकल से ग्लोबल-आत्मनिर्भर भारत की पहचान के साथ शुरू किया जाएगा, ताकि शिल्प महोत्सव के लक्ष्य और कारीगरों को सशक्त बनाने, पारंपरिक कला और शिल्प को संरक्षित करने और कुशलता से बनाई गई विरासत कृतियों को दुनिया के सामने प्रदर्शित करने के मकसद से एक प्रतिष्ठित वैश्विक मंच प्रदान करने की प्रतिबद्धता को दर्शाया जाएगा। पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने बताया कि शिल्प महोत्सव में सहयोगी राष्ट्र मिश्र (इजिप्ट) के प्राचीन इतिहास और जीवंत संस्कृति के मिश्रण से भरपूर ऐतिहासिक पिरामिड, लक्सोर के प्राचीन मंदिर, कैरो के जीवंत बाजार से भरपूर प्राचीन व आधुनिक सांस्कृतिक विधाओं से भरपूर पैवेलियन तैयार किया जा रहा है, वहीं दूसरी तरफ उत्तर प्रदेश दूसरी बार व मेघायल स्वतंत्र रूप से पहली बार थीम स्टेट के तौर पर शामिल हो रहा है।उन्होंने कहा कि केंद्रीय पर्यटन, वस्त्र (विकास आयुक्त, हथकरघा व हस्तशिल्प), विदेश मामले व सांस्कृतिक मंत्रालय, आईसीसीआर, प्रदेश सरकार व पर्यटन विभाग मिलकर सूरजकुंड में अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय हस्तशिल्प, हथकरघा, संस्कृति और व्यंजनों की बेहतरीन परंपराओं को प्रदर्शित करेगा। वहीं सांस्कृतिक भागीदार के तौर पर उत्तर पूर्वी हस्तशिल्प एवं हथकरघा विकास निगम और कला एवं संस्कृति विभाग के माध्यम से कलाकारों द्वारा विभिन्न मंचों पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया जाएगा।

# भाजपा विधायक दल की बैठक 27 को, बजट व निकाय चुनाव पर होगा मंथन

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने नए बजट की तैयारी तथा भविष्य में होने जा रहे निकाय चुनाव पर मंथन के लिए 27 जनवरी को विधायक दल की बैठक बुला ली है। इस बैठक में कई अहम मुद्दों पर रणनीति तैयार की जाएगी। बैठक में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में पार्टी प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली भी मौजूद रहेंगे। बैठक को लेकर सभी विधायकों को सूचित कर दिया गया है। इस बैठक में फरवरी में शुरू होने वाले विधानसभा के बजट सत्र के अलावा कई संगठनात्मक विषयों पर भी चर्चा होगी। विधायकों को मुख्यमंत्री यह निर्देश देंगे कि वे अपने हलकों की जरूरतों के हिसाब से बजट में सुझाव दें ताकि उन्हें बजट में शामिल किया जा सके। विधायक दल की बैठक में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सरकार का अगले एक साल का रोडमैप रखेंगे। साथ ही, विधायकों के साथ चालू विकास परियोजनाओं, मुख्यमंत्री की घोषणाओं, बजट घोषणाओं के अलावा केंद्र से जुड़े प्रोजेक्ट्स पर भी विधायकों के साथ चर्चा करेंगे। फील्ड में चल रहे विकास कार्यों पर विधायकों से रिपोर्ट ली जाएगी ताकि उनमें आ रही कमियों, अड़चनों व परेशानियों को दूर किया जा सके। बजट घोषणाओं को लेकर मुख्यमंत्री विभागों के प्रशासनिक सचिवों को भी सख्त निर्देश दे चुके हैं। हरियाणा में मंगलवार की रात निकाय चुनावों को मंजूरी दे दी गई है। अब राज्य चुनाव आयोग किसी भी समय चुनाव का ऐलान कर सकता है। ऐसे में इस बैठक में चुनाव वाले क्षेत्रों से संबंधित विधायकों की डयूटियां लगाई जाएंगी। शहरी क्षेत्रों के विकास कार्यों पर मुख्यमंत्री द्वारा रिपोर्ट ली जाएगी। निकाय चुनाव को लेकर विपक्षी दल कांग्रेस की सक्रियता को देखते हुए विधायक दल की बैठक में चुनाव की रणनीति भी तैयार की जाएगी।

## रुपया बढ़त पर बंद



**मुंबई** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया गुरुवार को भारतीय रुपया 8 पैसे की तेजी के साथ ही 91.57 पर बंद हुआ। आज सुबह शुरुआती कारोबार में अपने सर्वकालिक निचले स्तर से उबरते हुए 15 पैसे की बढ़त के साथ 91.50 पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार दावोस में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा यह स्पष्ट किए जाने के बाद निवेशकों का मनोबल बढ़ा कि ग्रीनलैंड को लेकर यूरोप पर शुल्क लगाने का फिलहाल कोई इरादा नहीं है। इसके तहत आठ यूरोपीय देशों पर प्रस्तावित शुल्क को रद्द करने की घोषणा की गई, जिससे वैश्विक बाजारों में राहत का माहौल बना। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 91.54 प्रति डॉलर पर खुला और जल्द ही मजबूत होकर 91.50 तक पहुंच गया। इससे पहले बुधवार को रुपया 68 पैसे टूटकर 91.65 के सर्वकालिक निचले स्तर पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर सूचकांक मामूली 0.02 प्रतिशत की बढ़त के साथ 98.78 पर रहा।

## फोनपे का आईपीओ बिक्री पेशकश पर आधारित

**मौजूदा शेयरधारक बेचेंगे 10,000 करोड़ से ज्यादा के शेयर**




**नई दिल्ली** फोनपे का आगामी आईपीओ पूरी तरह बिक्री पेशकश (ओएफएस) पर आधारित है। इसका मतलब है कि कंपनी कोई नई पूंजी नहीं जुटाएगी, केवल मौजूदा शेयरधारक अपने शेयर बेचेंगे। कंपनी के अद्यतन आईपीओ दस्तावेजों से यह जानकारी मिली। फोनपे की प्रवर्तक डब्ल्यूएम डिजिटल कॉमर्स होल्डिंग्स पीटीई कंपनी में अपनी करीब 0.12 प्रतिशत हिस्सेदारी यानी 45,942,496 शेयर बेचेगी। सिंगापुर स्थित डब्ल्यूएम डिजिटल कॉमर्स होल्डिंग्स पीटीई लिमिटेड वॉलमार्ट के नियंत्रण वाली फोनपे की प्रवर्तक इकाई है। इसके अलावा टाइगर ग्लोबल पीआईपी 9-1 द्वारा 10,39,160 शेयर जबकि माइक्रोसॉफ्ट ग्लोबल फाइनेंस अनलिमिटेड कंपनी द्वारा 36,78,790 शेयर बिक्री पेशकश के जरिये बेचे जाएंगे। इस तरह बिक्री पेशकश के जरिये करीब 10,115.87 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर की बिक्री की जाएगी जिसका आकलन प्रति शेयर के भारित औसत अधिग्रहण मूल्य के आधार पर किया गया है।

## डीजीसीए ने शुरू की विमान कमांडरों के लिए इलेक्ट्रॉनिक लाइसेंस सेवा



**नई दिल्ली** नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने एयरलाइन ट्रांसपोर्ट पायलट लाइसेंस (एटीपीएल) के लिए इलेक्ट्रॉनिक पायलट लाइसेंस (ईपीएल) सेवा शुरू की है। यह डिजिटल लाइसेंस सुरक्षित है, छेड़छाड़ रोकता है और वास्तविक समय में सत्यापन की सुविधा प्रदान करता है। पायलट इसे डीजीसीए के ई-जीसीए मोबाइल ऐप के माध्यम से प्राप्त कर सकते हैं। भारत दुनिया के तेजी से बढ़ते विमानन बाजारों में से एक है। बढ़ते हवाई यातायात को देखते हुए विमानन कंपनियां अपने बेड़े का विस्तार कर रही हैं। इसके चलते पेशेवर पायलटों की मांग में लगातार वृद्धि हो रही है। डीजीसीए ने फरवरी 2025 में व्यावसायिक पायलट लाइसेंस (सीपीएल) और फ्लाइट रेडियो टेलीफोन ऑपरेटर लाइसेंस के लिए भी ईपीएल सेवाएं शुरू की थीं।

# भारत-ईयू मुक्त व्यापार समझौता शेयर बाजार और उद्योगों के लिए बड़ा अवसर

**यह समझौता भारत की जियो-इकोनॉमिक स्थिति बदल सकता है**

**नई दिल्ली**

दावोस 2026 में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम में यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने संकेत दिए कि भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) लगभग अंतिम चरण में है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह समझौता भारत की जियो-इकोनॉमिक स्थिति बदल सकता है। मौजूदा बाजार गिरावट और अस्थिरता के बीच यह खबर निवेशकों के लिए एक मजबूत सकारात्मक संकेत के रूप में काम कर रही है। वर्तमान में भारत और ईयू के बीच सालाना वस्तु व्यापार लगभग 130 अरब डॉलर का है, जिसमें भारत का निर्यात 75 अरब डॉलर और आयात 65 अरब डॉलर है। सेवा व्यापार लगभग 72 अरब डॉलर का है, जिसमें भारत 9 अरब डॉलर का लाभ में है। एफटीए के बाद इन आंकड़ों में 20-30 प्रतिशत की वृद्धि की संभावना है, जो सीधे भारतीय कंपनियों की बैलेंस शीट और शेयर बाजार के मूल्यांकन को प्रभावित करेगी। विशेषज्ञों के अनुसार टेक्सटाइल और परिधान सेक्टर सबसे ज्यादा लाभान्वित होगा। वर्तमान में भारत की ईयू में हिस्सेदारी केवल 5-6 फीसदी है, जबकि चीन की 30 फीसदी है।



## देश के आठ प्रमुख शहरों में आवासीय बिक्री घटकर 3,86,365 इकाई रह गई



**नई दिल्ली** एक रियल एस्टेट सलाहकार कंपनी के आंकड़ों के अनुसार भारत के 8 प्रमुख शहरों में 2025 में कुल आवासीय बिक्री 12 फीसदी घटकर 3,86,365 इकाई रह गई। यह 2024 की तुलना में लगभग 50,627 इकाई कम है। दक्षिण भारत के प्रमुख शहर बेंगलुरु, हैदराबाद और चेन्नई में बिक्री 15 फीसदी बढ़कर 1.33 लाख इकाई से अधिक हुई। इस दौरान कोलकाता में भी सकारात्मक प्रदर्शन देखा गया। मुंबई, दिल्ली-एनसीआर, पुणे और अहमदाबाद में आवासीय बिक्री में गिरावट दर्ज की गई, जिससे कुल बिक्री में कमी आई। ऑरम प्रॉपटेक के एक कार्यकारी अे धिकारी ने कहा कि 2025 में बाजार मांग की गिरावट नहीं, बल्कि पुनर्संयोजन का वर्ष रहा। खरीदार सक्रिय थे लेकिन अधिक सोच-समझकर निर्णय लिए। डेवलपर्स ने आपूर्ति को अनुशासित ढंग से प्रबंधित किया, जिससे कीमतें स्थिर बनी रहीं।

## नए लेबर कोड से बैंकों और फाइनेंस सेक्टर पर बढ़ा खर्च

**बैंकिंग सेक्टर सबसे प्रभावित रहा, एचडीएफसी बैंक सबसे ज्यादा प्रभावित**




**नई दिल्ली** देश में नए लेबर कोड लागू होने के बाद दिसंबर तिमाही में कॉरपोरेट सेक्टर पर इसका असर दिखने लगा है। मुख्य रूप से बैंकिंग, एनबीएफसी और इंश्योरेंस कंपनियों को अतिरिक्त वित्तीय बोझ उठाना पड़ा। कुल मिलाकर 1,500 करोड़ रुपए का अतिरिक्त खर्च सामने आया है। बैंकिंग सेक्टर सबसे प्रभावित रहा, खासकर बड़े निजी बैंक। एचडीएफसी बैंक ने लगभग 800 करोड़ रुपए का अतिरिक्त खर्च दर्ज किया। आईसीआईसीआई बैंक ने 145 करोड़ रुपए और यश बैंक ने 155 करोड़ रुपए के असर की जानकारी दी। मिड-साइज बैंकों में फेडरल बैंक और आरबीएल बैंक पर क्रमशः 20.8 करोड़ और 32 करोड़ रुपए का अतिरिक्त खर्च पड़ा। एनबीएफसी पर भी असर दिखा, हालांकि बैंकिंग के मुकाबले कम। एचडीबी फाइनें शियल से र्विसेज ने 61 करोड़ रुपए, एलएंडटी फाइनेंस ने 29 करोड़ और टाटा कैं पिटल ने 33 करोड़ रुपए के अतिरिक्त खर्च की जानकारी दी। सरकारी बैंकों पर असर अपेक्षाकृत कम रहा, क्योंकि उनके कर्मचारियों की सैलरी और लाभ पहले से ही वेतन समझौतों में तय हैं। नए नियमों के तहत बेसिक सैलरी का हिस्सा बढ़ाना अनिवार्य किया गया है। इससे प्रोविडेंट फंड, ग्रेच्युटी और लीव एनकैशमेंट जैसी लागतें बढ़ती हैं। बड़ी शाखा नेटवर्क और स्थायी कर्मचारियों वाले बैंक और इंश्योरेंस कंपनियों के लिए यह वित्तीय बोझ आगे भी जारी रह सकता है।

# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

**सेंसेक्स 397 अंक, निफ्टी 132 अंक उछला**

**मुम्बई**

भारतीय शेयर बाजार गुरुवार को बढ़त के साथ बंद हुआ। बाजार में ये तेजी दुनिया भर के बाजारों से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीददारी हावी होने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 397 अंक की तेजी के साथ 82,307 के स्तर पर आ गया, वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 132 अंक ऊपर आकर 25,289 के स्तर पर बंद हुआ। इससे पहले आज बाजार की अच्छी शुरुआत हुई पर कुछ ही समय के बाद मुनाफावसूली शुरु हो गई, जिससे बाजार नीचे आने लगा। इससे निवेशको में घबराहट आ गयी। वहीं एक समय सेंसेक्स 82,783 के दिन के हाई तक पहुंच गया था, जबकि निफ्टी ने 25,435 का स्तर पर पर बैंकिंग और आईटी शेयरों में बिकवाली से बाहर फिसल गया। वहीं बाजार बंद होने से पहले अमेरिका के रवैये में नरम प्रस्तावित टैरिफ टालने से बाजर में तेजी आई। वहीं गत दिवस बाजार गिरा था।

इससे पहले आज सुबह सेंसेक्स 82,459 अंक पर मजबूती के साथ खुला। वहीं निफ्टी-50 भी 25,344 पर खुलकर 183 अंक की तेजी के साथ 25,338 पर पहुंच गया। दूसरी ओर वैश्विक स्तर पर एशियाई बाजारों में भी तेजी रही। जापान और दक्षिण कोरिया के शेयर बाजारों में जबरदस्त उछाल दर्ज किया गया, खासकर टेक्नोलॉजी शेयरों में मजबूत खरीदारी देखने को मिली। वहीं वॉल स्ट्रीट पर भी रात के कारोबार में तेजी रही और एसएंडपी 500 तथा नैस्डैक एक फीसदी से ज्यादा की बढ़त के साथ बंद हुए।




## एतिहाद एयरवेज बनी दुनिया की सबसे सुरक्षित एयरलाइन

**भारत की एयरलाइंस कंपनियों को कोई जगह नहीं**

नई दिल्ली एयरलाइनरे टिंग डॉट कॉम ने 2026 की दुनिया की सबसे सुरक्षित एयरलाइंस की रैंकिंग जारी की। 320 एयरलाइंस के आंकड़ों के विश्लेषण के बाद एतिहाद एयरवेज ने शीर्ष स्थान हासिल किया। यह गल्फ क्षेत्र की पहली एयरलाइन है जो सुरक्षा के मामले में सबसे आगे रही। सुरक्षा रेटिंग तय करते समय उड़ानों के रिकॉर्ड, विमानों की उम्र, पायलट ट्रेनिंग और टर्बुलेंस से निपटने की तैयारियों को ध्यान में रखा गया। टॉप-25 एयरलाइंस में पहला और छठा स्थान मात्र 1.3 अंकों के अंतर से अलग था। एतिहाद एयरवेज, कैथे पैसिफिक, क्वांटस, कतर एयरवेज, एमिरेट्स, एयर न्यूजीलैंड, सिंगापुर एयरलाइंस, ईवीए एयर, वर्जिन ऑस्ट्रेलिया और कोरियन एयर शामिल हैं।

# डेटा सेंटर, ईवी, रिन्यूएबल एनर्जी और पावर ग्रिड विस्तार में कॉपर की जरूरत बढ़ी

**विरोध प्रदर्शनों ने सप्लाई पर दबाव, क्या अगली सुपरहिट कमोडिटी बनेगा कॉपर**

**नई दिल्ली**

वैश्विक बाजारों में चांदी इस समय रिकॉर्ड के करीब बनी हुई है। भू-राजनीतिक तनाव, बॉन्ड बाजार की उथल-पुथल और सुरक्षित निवेश की मांग ने इसे मजबूती दी है, लेकिन इसी माहौल में एक और धातु है, कॉपर। जहां चांदी को सुरक्षित निवेश का सहारा मिला है, वहीं कॉपर की तेजी की वजह सप्लाई संकट और बढ़ती औद्योगिक जरूरतें हैं।

ताजा कमोडिटी रिपोर्ट बताती है कि कॉपर की सप्लाई गंभीर दबाव में है। चिली और पेरू में बार-बार हो रहे विरोध प्रदर्शनों ने खनन गतिविधियों को झटका दिया है। इंडोनेशिया की ग्रासबर्ग खदान, जो दुनिया में कॉपर का बड़ा हिस्सा है, वहां काम रुक गया है और कंपनी ने फोर्स मेज्योर की घोषणा कर दी है।

फोर्स मेज्योर का मतलब होता है ऐसी मजबूरी, जिस पर किसी का बस नहीं चलता। जब कोई कंपनी या सरकार किसी प्राकृतिक आपदा, हादसे, युद्ध, बाढ़, आग, भूकंप, दंगे या बड़े तकनीकी फेलियर की वजह से अपना काम नहीं कर पाती, तो वह कहती है कि यह फोर्स मेज्योर की स्थिति है। रिपोर्ट के मुताबिक कांगो में बाढ़ और चिली में खदान हादसों ने हालात और बिगाड़ दिए हैं। नतीजा यह है कि 2025 में शुरू हुआ संकट अब 2026 की सप्लाई तस्वीर को भी तंग करता दिख रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक 2026 में रिफाइंड कॉपर बाजार में करीब डेढ़ लाख टन की कमी रह सकती है।

पुरानी खदानें अब पहले जैसा प्रोडक्शन नहीं दे पा रहीं और नई खदानें शुरू करना महंगा और समय लेने वाला काम है यानी सप्लाई बढ़ने की उम्मीद धुंधली है।

दूसरी तरफ मांग की कहानी लगातार मजबूत होती जा रही है। डेटा सेंटर, इलेक्ट्रिक वाहन, रिन्यूएबल एनर्जी और पावर ग्रिड विस्तार में कॉपर की जरूरत तेजी से बढ़ रही है। कंस्ट्रक्शन सेक्टर की सुस्ती भी इस मांग को कमजोर नहीं कर पा रही है। अमेरिका ने कॉपर को क्रिटिकल मिनरल की सूची में रखा है। इससे रिफाइंड कॉपर पर टैरिफ बढ़ने की आशंका बढ़ी है।

## कैग ने स्थानीय निकायों के लेखा-परीक्षण ढांचे को मजबूत करने पर दिया जोर



**हैदराबाद** नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) ने स्थानीय निकायों के लेखा-परीक्षण के लिए जिम्मेदार प्राथमिक लेखा-परीक्षा संस्थानों (पीएआई) की संस्थागत मजबूती और पेशेवर क्षमता निर्माण पर जोर दिया। यह तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला सीआईएआरडी-एनआईआरडीपीआर द्वारा आई-कैल के सहयोग से आयोजित की गई थी। समापन सत्र में पीएआई की मजबूती, पेशेवर क्षमता और लेखा-परीक्षा प्रक्रियाओं को सुदृढ़ करने की जरूरत पर बल दिया गया। नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक संजय मूर्ति ने कहा कि विभिन्न राज्यों की चुनौतियों और सर्वोत्तम प्रथाओं को आगामी अखिल राज्य सचिवों की कार्यशाला में प्रस्तुत किया जाएगा। कार्यशाला में स्थानीय निधि लेखा-परीक्षा निदेशकों ने पांच विषयगत समूह चर्चाओं में भाग लिया। इसमें पीएआई की परिपक्वता, वर्चुअल ऑडिट प्रणाली, ग्राम पंचायतों का दूरस्थ लेखा परीक्षण, निरीक्षण रिपोर्टों का मानकीकरण और टीजीएस ढांचे को सशक्त बनाना शामिल था।

# यू40 उद्यमी भारत की अर्थव्यवस्था के नए स्तंभ बने

**40 वर्ष से कम उम्र के 201 उद्यमियों के हाथ में 31 लाख करोड़ के उद्यम**

**नई दिल्ली**

भारत में युवा उद्यमिता तेजी से देश की अर्थव्यवस्था को नई दिशा दे रही है। एवेंडस वेल्थ-हुरुन इंडिया यू40 लिस्ट 2025 रिपोर्ट के अनुसार 40 वर्ष से कम उम्र के 201 उद्यमी संयुक्त रूप से 31 लाख करोड़ रुपये (357 अरब डॉलर) के उद्यमों की कमान संभाल रहे हैं। यह आंकड़ा भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का लगभग 11वां हिस्सा है, जो युवा नेतृत्व की बढ़ती ताकत को दर्शाता है। रिपोर्ट के मुताबिक सूची में शामिल 83 प्रतिशत उद्यमी पहली पीढ़ी के संस्थापक हैं। शेष 17 प्रतिशत उद्यमी पारिवारिक व्यवसायों से जुड़े हैं, जिनमें दूसरी से लेकर पांचवीं पीढ़ी तक के कारोबारी शामिल हैं। यह रुझान भारत में पारंपरिक व्यवसायों से आगे बढ़कर नवाचार आधारित उद्यमिता के विस्तार को दर्शाता है। प्रमुख नाम और डिजिटल प्रभाव इस सूची में अदाणी पोर्ट्स ऐंड स्पेशल इकनॉमिक जोन के करण अदाणी, जिंदल स्टेनलेस के अभ्युदय जिंदल, ग्रो के ईशान बंसल तथा स्विगी के नंदन रेड्डी और श्रीहर्ष मजेटी जैसे नाम शामिल हैं। डिजिटल पहुंच के मामले में जीरोधा के निखिल कामत 13.9 लाख लिंक्डइन फॉलोअर्स के साथ शीर्ष पर हैं। बेंगलूरु स्थित एक्सपोनेंट एनर्जी के सह-संस्थापक संजय जगन्नाथ (36) सूची में सबसे कम उम्र के उद्यमी हैं, जबकि सोलर स्क्वैर की सह-संस्थापक श्रेया मिश्रा (36) सबसे कम उम्र की महिला उद्यमी हैं। हालांकि, सूची में केवल 15 महिलाएं शामिल हैं। शहरों में बेंगलूरु 48 उद्यमियों के साथ अग्रणी है। यू40 समूह की औसत आयु 38 वर्ष है और ये उद्यमी सामूहिक रूप से 4.43 लाख से अधिक लोगों को रोजगार दे रहे हैं। सॉफ्टवेयर, स्वास्थ्य, लॉजिस्टिक्स और वित्तीय सेवाएं इनके प्रमुख कार्यक्षेत्र हैं।



## लॉन्च से पहले शोरूम पहुंची 2026 बजाज पल्सर 125



**नई दिल्ली**

बजाज ऑटो कंपनी की अपकमिंग 2026 बजाज पल्सर 125 को आधिकारिक लॉन्च से पहले ही डीलरशिप्स पर देखा जाने लगा है। यह अपडेट क्लासिक पल्सर रेंज को 2010 के बाद मिला सबसे बड़ा विजुअल बदलाव माना जा रहा है।

हाल ही में सामने आए वॉकअराउंड वीडियो से इस बाइक के डिजाइन और फीचर्स से जुड़े कई अहम खुलासे हुए हैं। बजाज की पल्सर सीरीज भारतीय बाजार में लंबे समय से लोकप्रिय रही है, जिसमें पल्सर 220, 150 और 125 शामिल हैं। हाल ही में कंपनी ने पल्सर 150 को नए फ्रंट फेस और मॉडर्न डिजाइन के साथ अपडेट किया था। अब इसी डिजाइन लैंग्वेज को पल्सर 125 में भी शामिल किया गया है। नई पल्सर 125 में अपडेटेड फेसिया और बदला हुआ हेडलाइट सेटअप देखने को मिलता है।

सबसे अहम बदलाव यह है कि इस बाइक को पहली बार एलईडी हेडलाइट दी गई है, जिससे इसका लुक पहले से कहीं ज्यादा प्रीमियम नजर आता है। इसके अलावा बाइक में अब एलईडी टर्न इंडिकेटर्स भी मिलते हैं, जो इस सेगमेंट में इसकी अपील को और मजबूत बनाते हैं। हालांकि, एलईडी टेललाइट पहले की तरह ही रखी गई है। बाइक के फ्यूल टैंक, साइड पैनल और इंजन काउल पर नए ग्राफिक्स देखने को मिलते हैं, जो इसे फ्रेश लुक देते हैं। हालांकि, इसमें स्प्लिट सीट या स्प्लिट रियर ग्रैब रेल जैसे बदलाव नहीं किए गए हैं।

फीचर्स की बात करें तो इसमें फुली डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर, ब्लूटूथ कनेक्टिविटी, इल्यूमिनेटेड स्विचगियर और इंजन किल स्विच मिलता है, हालांकि टर्न-बाय-टर्न नेविगेशन की सुविधा नहीं दी गई है। इंजन के तौर पर 124.38सीसी का ट्विन-स्पार्क, एयर-कूल्ड इंजन मिलता है, जो 11.8 पीएस की पावर और 10.8 एनएम का टॉर्क जेनरेट करता है। भारतीय बाजार में यह बाइक होंडा एसपी125 और हीरो ग्लैमर एक्स को कड़ी टक्कर देगी। मैकेनिकल तौर पर बाइक में कोई बदलाव नहीं किया गया है। इसमें पहले की तरह टेलीस्कोपिक फ्रंट फोर्क, ट्विन रियर शॉक एब्जॉर्बर, 17-इंच अलॉय व्हील, फ्रंट डिस्क और रियर ड्रम ब्रेक दिए गए हैं।

## सोना रिकॉर्ड ऊंचाई से फिसला, चांदी में तेजी बरकरार

**सोने के भाव 1,52,500 प्रति 10 ग्राम, चांदी 1,351 बढ़कर 3,19,800 के पार**



**नई दिल्ली**

लगातार तीसरे दिन रिकॉर्ड ऊंचाई छूने के बाद गुरुवार को सोने के भाव में नरमी देखने को मिली, जबकि चांदी की शुरुआत मजबूती के साथ हुई। हालांकि दोनों कीमती धातुएं अपने-अपने रिकॉर्ड स्तर से नीचे कारोबार कर रही हैं।

घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में गुरुवार को सोने और चांदी की चाल अलग-अलग रही। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने के वायदा भाव करीब 1,52,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के आसपास कारोबार कर रहे थे। वहीं चांदी के वायदा भाव लगभग 3,20,000 रुपये प्रति किलो के पास बने हुए थे। एमसीएक्स पर सोने का बेंचमार्क फरवरी कॉन्ट्रैक्ट 1,305 रुपये की गिरावट के साथ 1,51,557 रुपये पर खुला, जबकि इसका पिछला बंद भाव 1,52,862 रुपये था। कारोबार के दौरान यह कॉन्ट्रैक्ट 1,52,499 रुपये तक फिसल गया। दिन के दौरान सोने ने 1,53,784 रुपये का उच्च और 1,50,140 रुपये का निचला स्तर छुआ। इस साल अब तक सोने ने 1,58,475 रुपये का सर्वोच्च स्तर दर्ज किया है। वहीं चांदी के मार्च कॉन्ट्रैक्ट की शुरुआत तेजी के साथ हुई। यह 1,351 रुपये की बढ़त के साथ 3,19,843 रुपये पर खुला। फिलहाल यह 1,463 रुपये की तेजी के साथ 3,19,955 रुपये प्रति किलो पर कारोबार कर रहा था। चांदी ने दिन के दौरान 3,25,602 रुपये का उच्च और 3,16,500 रुपये का निचला स्तर छुआ। इसी सप्ताह चांदी ने 3,35,521 रुपये प्रति किलो का रिकॉर्ड स्तर बनाया था। कॉमेक्स पर सोने की शुरुआत सुस्त रही। सोना 4,836.20 डॉलर प्रति औंस पर खुला और बाद में 41.60 डॉलर की गिरावट के साथ 4,795.90 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार करता दिखा। इस साल सोने ने 4,891.10 डॉलर का उच्च स्तर छुआ है। वहीं चांदी कॉमेक्स पर 0.55 डॉलर की तेजी के साथ 93.19 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी और इस साल इसका उच्च स्तर 95.74 डॉलर रहा है।

# ट्रंप के दावोस बयान से वैश्विक बाजार में हलचल की संभावना

**नई बातचीत, ट्रेड डील और टेक्नोलॉजी समझौते संभव**

**नई दिल्ली**

दावोस में अमेरिकी पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीन और रूस को लेकर महत्वपूर्ण बयान दिए। ट्रंप ने चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग को अदभुत नेता बताया और अप्रैल में चीन दौरे की पुष्टि की। इसके साथ ही उन्होंने रूसी राष्ट्रपति पुतिन को अपने प्रस्तावित बोर्ड आफ पीस मिशन में शामिल होने का न्योता दिया।

पिछले सालों में अमेरिका और चीन के बीच ट्रेड वॉर और टैरिफ ने वैश्विक बाजारों को प्रभावित किया था। ट्रंप के इस बयान से संकेत मिलता है कि नई बातचीत, ट्रेड डील और टेक्नोलॉजी समझौते संभव हैं। इससे एशियाई शेयर बाजारों में उछाल, अमेरिकी डॉलर में थोड़ी कमजोरी और टेक कंपनियों के शेयरों में तेजी आ सकती है।

ट्रंप के पुतिन को बोर्ड ऑफ पीस में आमंत्रित करने के कदम से रूस-अमेरिका संबंध और यूक्रेन युद्ध पर नई संभावनाएं खुल सकती हैं। अगर बातचीत सफल रही, तो ग्लोबल सप्लाई चेन मजबूत होगी। भारत जैसे उभरते बाजारों के लिए यह सकारात्मक संकेत हैं। विदेशी निवेशकों का पैसा बढ़ सकता है, शेयर बाजार में तेजी, रुपया मजबूत और आयात सस्ता होने से महंगाई पर नियंत्रण संभव है। साथ ही कच्चे तेल की कीमतें गिर सकती हैं जिससे पेट्रोल-डीजल सस्ते होंगे। ट्रंप के बयान से जियो-पॉलिटिकल तनाव कम होने की उम्मीद है।



# ज्ञान और वैराग्य का पर्व है वसन्त पंचमी


कांतिलाल मांडोत

धर्म वह शाश्वत तत्त्व है, जो अनादिकाल से मनुष्य के जीवन में आनन्द, सुख और शान्ति का कल्पवृक्ष बनकर लहरा रहा है। धर्म मानव की आन्तरिक चेतना की उपज है, आन्तरिक चेतना से ही उसका सीधा सम्बन्ध है। दया, करुणा, प्रेम, सद्भाव एक-दूसरे के प्रति निःस्वार्थ समर्पण, भौतिक इच्छाओं पर विवेक का अंकुश, सद्-असद् का विवेक और उसके अनुरूप आचरण-यह सब धर्म का रूप है।

धर्म, इतिहास और संस्कृति-तीनों मनुष्य जीवन के चित्र में हरे, लाल, पीले रंगों की तरह गहरे घुले-मिले तत्त्व हैं, यद्यपि इनमें तीनों के रंग अलग-अलग हैं। फिर भी इनकी पहचान करने में हम भूल कर सकते हैं, परन्तु पहचान करना कठिन नहीं है।

धर्म वह शाश्वत तत्त्व है, जो अनादिकाल से मनुष्य के जीवन में आनन्द, सुख और शान्ति का कल्पवृक्ष बनकर लहरा रहा है। धर्म मानव की आन्तरिक चेतना की उपज है, आन्तरिक चेतना से ही उसका सीधा सम्बन्ध है। दया, करुणा, प्रेम, सद्भाव एक-दूसरे के प्रति निःस्वार्थ समर्पण, भौतिक इच्छाओं पर विवेक का अंकुश, सद्-असद् का विवेक और उसके अनुरूप आचरण-यह सब धर्म का रूप है। धर्म हमारी चेतना को ऊर्ध्वमुखी बनाता है, धर्म से ही मन में विराटता और भावों में पवित्रता की प्राणधारा संचरित होती है।

इतिहास एक बीता हुआ सत्य है, भोगा हुआ अतीत है। मनुष्य ने भला-बुरा, सद्-असद् जो कुछ भी किया है, प्रेम और युद्ध, निर्माण और विध्वंस, उद्दाम इच्छाओं का खुला खेल अथवा किसी की रक्षा के लिए अपना बलिदान यह सब इतिहास के पृष्ठों पर अंकित है। इतिहास का रंग लाल और पीला है। जो मानव के द्वारा खेले गये खूनी खेल और किये गये निमार्णों का प्रतीक है। इतिहास मनुष्य की मूर्खता और समझदारी का जीता-जागता दस्तावेज होता है। वह दर्पण है, जिसमें मानव जाति का अतीत प्रतिबिम्बित है।

संस्कृति हरे, पीले, लाल, सफेद फूलों का एक गुलदस्ता है। यह मनुष्य की उस जीवन धारा को सूचित करती है, जिसमें वह बह रहा है, बहता रहा है। उसकी मानसिक रुचियाँ, सुख-दुःख की संवेदनाएँ, खेलकूद, आमोद-प्रमोद की अभिव्यक्तियाँ, अतीत के प्रति जुड़ा अनुराग और भविष्य के प्रति जगे सपने, आशाएँ, अपेक्षाएँ जहाँ, जिस रूप में अभिव्यक्त होती हैं, वह है संस्कृति।

संस्कृति एक प्रवाह है, जो निरन्तर गतिशील भी है, परिवर्तनशील भी है। देश, काल, समाज की परिस्थितियों के अनुसार संस्कृति बदलती रहती है। वातावरण, सम्पर्क और वैचारिक आदान-प्रदान से भी संस्कृति में संस्कार या विकार आते रहते हैं। संस्कृति की तस्वीर में इतिहास और धर्म दोनों ही अपना-अपना रंग लिए रहते हैं। इसलिए संस्कृति कभी सभ्यता, कभी रीति-रिवाजों और कभी पर्व-त्यौहारों के रूप में भी प्रकट होती रहती है।संस्कृति जीवन का अंग है।

भारतीय संस्कृति की एक विशेषता है कि उसमें समाज और धर्म का प्रतिविम्ब एक साथ समाया रहता है। संस्कृति हमेशा ही मानव सभ्यता को विकास और विराटता की ओर ले जाती है। इसलिए हम संस्कृति को जीवन से अलग नहीं कर सकते। मानव-जीवन का एक पहलू धर्म से जुड़ा है तो दूसरा पहलू संस्कृति से जुड़ा हुआ है। पर्व, त्यौहार, उत्सव आदि सभी हमारी सांस्कृतिक चेतना के प्रतीक हैं। संस्कृति के पवित्र सन्देशों को घर-घर और जन-जन तक पहुँचाने वाले दूत हैं-पर्व।



आज वसन्त पंचमी का पर्व है, चारों ओर नये पीले केसरिया कपड़े नजर आ रहे हैं। लाउडस्पीकरों पर धुन गूँज रही है- मेरा रंग दे वसन्ती चोला। खेत-खलिहान सरसों के पीले-पीले फूलों की शोभा लिए दूर-दूर तक चमक रहे हैं। ऐसा लग रहा है, मानो प्रकृति ने फूलों के बहाने खेतों में सोना फैला दिया है और खेतों की स्वर्णिम आभा देखकर किसान का कोमल मन नाच रहा है। किसान के पसीने की बूँदें ही मानो स्वर्ण-फूल बनकर धरती के अंचल में दमक रही हैं। वसन्त ऋतु की यह सुहावनी छटा कुछ अलौकिक है। बड़ी जीवनदायिनी, आनन्द की वर्षा करने वाली और मन को प्रफुल्लता देने वाली है।

***वसन्त निर्माण का प्रतीक है**

पतझड़ के बाद वसन्त ऋतु का आगमन नव-निर्माण का प्रतीक है। विनाश के बाद नये विकास की सूचना लेकर वसन्त ऋतु आती है। जर्जर, मृतप्रायः प्राकृतिक वनस्पतियों में नव-जीवन अँगड़ाई लेने लगता है। सूखे वृक्षों पर नई-नई कोपलें लगती हैं। मुर्झये पौधों पर जैसे जीवन खेलने लगता है। सर्वत्र उल्लास उमड़ रहा है। इस अलौकिक शोभा के कारण ही वसन्त ऋतु को सब ऋतुओं से श्रेष्ठ और ऋतुराज कहा जाता है।

***गीता में विद्या या सरस्वती का अवतरण दिवस**

यों तो बसन्त पंचमी एक ऋतु-परिवर्तन का पर्व है। प्राकृतिक जीवन में नव उत्साह और नई उमंग के संचार का त्यौहार है। किन्तु भारत के प्राचीन ऋषि-मनीषियों ने इस पर्व को विद्या की देवी सरस्वती के साथ जोड़ दिया है।और वैदिक पुराणों की कथा के अनुसार आज के दिन विद्या देवता सरस्वती का धरा पर अवतरण हुआ था। अर्थात आदिमानव ने आज के दिन अक्षर ज्ञान का अभ्यास करना प्रारम्भ कर दिया था। मनुष्य ने वर्णमाला और लिपिविद्या का ज्ञान सीखना आज के दिन प्रारम्भ किया था। इसलिए वसन्त पंचमी को विद्या देवता के अवतरण का दिन माना गया है।

***बसन्त पंचमी, काम-पूजा नहीं, काम-विजय का पर्व है**

इतिहासकारों का कहना है-प्राचीनकाल में भारत के गुरुकुलों में हजारों विद्यार्थी गुरुओं के चरणों में बैठकर विद्याध्ययन किया करते थे और अपने जीवन को सत्यं, शिवं, सुन्दरम् से जोड़ते थे। सबसे पहले सत्य का ज्ञान प्राप्त करते थे। फिर शिवं-कल्याण का मार्ग पहचानते थे। उसके बाद सौन्दर्य-कला-कौशल सीखते थे। परन्तु जब से भारत में वाम मार्ग का प्रभाव बढ़ा तो सत्यं, शिवं के स्थान पर केवल सुन्दर को महत्त्व दिया जाने लगा और लोग सरस्वती-पूजा छोड़कर कामदेव की पूजा करने लगे। वसन्त पंचमी के पवित्र पर्व पर सरस्वती-पूजा के स्थान पर मदन-महोत्सव मनाया जाने लगा। इसी कारण भारत में ज्ञान-विज्ञान का ह्रास हुआ और आचार-विचार में गिरावट आई। चरित्र का पतन हुआ। भारत के गुरुकुलों में जहाँ अन्य देशों से सैकड़ों, हजारों छात्र पढ़ने के लिए आते थे, ज्ञान प्राप्त करने आते थे। आज वहाँ भारत के छात्र ज्ञान प्राप्त करने विदेशों में जा रहे हैं। ज्ञान का, विद्या का यह ह्रास-पतन क्यों हुआ? इसका कारण है कि सरस्वती के स्थान पर काम को महत्त्व दिया जाने लगा। सत्य के स्थान पर केवल सुन्दर की पूजा होने लगी।

यह सही है कि वसन्त ऋतु प्रफुल्लता की ऋतु है। प्रकृति की सुषमा अपने पूर्ण विकास में निखरती है। रंग-बिरंगे फूल खिलते हैं। न अधिक सर्दी, न अधिक गर्मी यह सब बातें मनुष्य के मन में भावनात्मक परिवर्तन मदन-पूजा या मदन-दहन।

वसन्त पंचमी के कुछ दिन बाद महाशिवरात्रि का पर्व आता है। भारतीय संस्कृति पर शोध करने वालों का अनुमान है कि वसन्त पंचमी और महाशिवरात्रि का परस्पर सम्बन्ध है। वे इस पर्व को मदन-पूजा की जगह कुमारसंभव में वर्णित मदन-दहन अर्थात काम-विजय का पर्व मानते हैं। इसकी पौराणिक कथा इस प्रकार है कि पार्वती ने शिव को पतिरूप में पाने का संकल्प किया। पार्वती को अपने अद्भुत सौन्दर्य का गर्व था। वह सोचती थी अपने रूप-सौन्दर्य, हाव-भाव द्वारा वह शिव की तपश्चर्या भंग करके उन्हें मोह-मुग्ध कर लेगी। हिमालय के देवदारू वन में जहाँ शिव अखण्ड तप में लीन थे, पार्वती वहाँ पहुँची, सहायता के लिए कामदेव को उन्हें प्रसन्न किया जा सकता है। यह जैन संस्कृति का ही नहीं, अपितु वैदिक संस्कृति का भी स्वर है जो हमें तप का महत्त्व बताता है।

वसन्त पंचमी के साथ काम-पूजा का सम्बन्ध वास्तव में वाममार्ग की कुत्सित धारणा का चिह्न है, वास्तव में तो यह पर्व शिवशंकर की काम-विजय का पर्व है। पहले ज्ञान-पूजा करो, ज्ञान प्राप्त करो, फिर ज्ञान के द्वारा वैराग्य अर्थात वीतराग भाव की प्राप्ति करो। इस प्रकार वसन्त पंचमी भारतीय संस्कृति का अध्यात्मोन्मुखी पर्व है और भगवान महावीर के इस सन्देश को चरितार्थ करती है। अज्ञान और मोह का नाश होने पर सम्पूर्ण ज्ञान का आलोक प्राप्त होता है और ज्ञान द्वारा मनुष्य मोह पर विजय प्राप्त कर वीतराग बनता है। वसन्त पंचमी का यही सन्देश आज आपके लिए है।

## संपादकीय

### दोस्ती की लिखावट

निस्संदेह डिजिटल दौर के नशे में डूबी पीढ़ी वास्तविक रिश्तों से दूर होती जा रही है। वहीं दूसरी ओर छात्रों की लिखने की आदत भी छूटती जा रही है। लेखन हमारी मौलिक व सार्थक अभिव्यक्ति है और सेहत से भी जुड़ा है। पुरानी कहावत है–जिसके बहुत सारे दोस्त होते हैं उसका कोई दोस्त नहीं होता। कमोबेश मौजूदा दौर में हकीकत यही है कि जिनके सोशल मीडिया में हजारों-लाखों मित्र व फॉलोवर होते हैं वे निजी जीवन में नितांत एकाकी होते हैं। यह घातक प्रवृत्ति बच्चों में भी तेजी से घर कर रही है। लेखन में हमारी उंगलियों के पोर इस्तेमाल होते हैं, जिनके सिरे हमारे विभिन्न अंगों के स्वास्थ्य से गहरे तक जुड़े रहते हैं। कलम या पेन से लेखन हमारे बौद्धिक विकास में भी सहायक होता है। लेकिन आज मोबाइल व कंप्यूटर, लेपटॉप व टैबलेट के दौर में बच्चे लेखन से दूर होकर खुद को बेहतर ढंग से अभिव्यक्त नहीं कर पाते। इस संकट को महसूस करते हुए सीबीएसई ने छात्रों को मित्रों से जुड़ाव व उनकी लेखन कला को निखारने के लिए अभिनव पहल की है। बोर्ड ने डाक विभाग के साथ मिलकर यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन ह्यइंटरनेशनल लेटर राइटिंग कंपीटिशन-2026ह्व आयोजित करने का निर्णय लिया है। इस प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम आने वाले छात्र को पचास हजार रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा। साथ ही विजेता को अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करने का मौका भी दिया जाएगा। छात्रों को जो पत्र लिखने का विषय दिया गया है वह मौजूदा हालात में बेहद रोचक व उपयोगी है। छात्र को अपने दोस्त को पत्र लिखना है कि मौजूदा डिजिटल दौर में लोगों का आपसी जुड़ाव व बातचीत क्यों जरूरी है। दरअसल, इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों की सोच को विस्तार देना और उनकी लेखन कला को निखारना है। वहीं दूसरी ओर राष्ट्रीय स्तर पर प्रतियोगिता को जीतने वाले प्रतिभागी को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा। उल्लेखनीय है कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड मेडल जीतने पर छात्र को स्विट्जरलैंड के बर्न स्थित यूपीए हेड क्वार्टर का दौरा करने का अवसर मिल सकता है। इस प्रतियोगिता के प्रतिभागी नौ से पंद्रह साल के ही होने चाहिए। वे अपनी एंट्री अंग्रेजी व हिंदी में भी दे सकते हैं। प्रतिभागी अपने स्कूल के माध्यम से ही इस प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। निश्चित रूप से बच्चों में लिखने की घटती प्रवृत्ति के दौर में यह एक रचनात्मक प्रयास है।

## चिंतन-मनन

### जो हो रहा है उसके जिम्मेदार हम स्वंय हैं

हम मनुष्यों की एक सामान्य सी आदत है कि दुःख की घड़ी में विचलित हो उठते हैं और परिस्थितियों का कसूरवार भगवान को मान लेते हैं। भगवान को कोसते रहते हैं कि हे भगवान हमने आपका क्या बिगाड़ा जो हमें यह दिन देखना पड़ रहा है। गीता में श्री कृष्ण ने कहा है कि जीव बार-बार अपने कर्मों के अनुसार अलग-अलग योनी और शरीर प्राप्त करता है। यह सिलसिला तब तक चलता है जब तक जीवात्मा परमात्मा से साक्षात्कार नहीं कर लेता। इसलिए जो कुछ भी संसार में होता है या व्यक्ति के साथ घटित होता है उसका जिम्मेदार जीव खुद होता है। संसार में कुछ भी अपने आप नहीं होता है। हमें जो कुछ भी प्राप्त होता है वह कर्मों का फल है। इश्वर तो कमल के फूल के समान है जो संसार में होते हुए भी संसार में लिप्त नहीं होता है। ईश्वर न तो किसी को दुःख देता है और न सुख।

इस संदर्भ में एक कथा प्रस्तुत है? गौतमी नामक एक वृद्धा ब्राह्मणी थी। जिसका एक मात्र सहारा उसका पुत्र था। ब्राह्मणी अपने पुत्र से अत्यंत स्नेह करती थी। एक दिन एक सर्प ने ब्राह्मणी के पुत्र को डंस लिया। पुत्र की मृत्यु से ब्रह्मणी व्याकुल होकर विलाप करने लगी। पुत्र को डंसने वाले सांप के ऊपर उसे बहुत प्रोध आ रहा था। सर्प को सजा देने के लिए ब्राह्मणी ने एक सपेरे को बुलाया। सपेरे ने सांप को पकड़ कर ब्राह्मणी के सामने लाकर कहा कि इसी सांप ने तुम्हारे पुत्र को डंसा है, इसे मार दो।

ब्राह्मणी ने संपरे से कहा कि इसे मारने से मेरा पुत्र जीवित नहीं होगा। सांप को तुम्ही ले जाओ और जो उचित समझो सो करो। संपेरा सांप को जंगल में ले आया। सांप को मारने के लिए संपेरे ने जैसे ही पत्थर उठाया, सांप ने कहा मुझे क्यों मारते हो, मैंने तो वही किया जो काल ने कहा था। संपेरे ने काल को ढूंढा और बोला तुमने सर्प को ब्राह्मणी के बच्चे को डंसने के लिए क्यों कहा। काल ने कहा ब्राह्मणी के पुत्र का कर्म फल यही था। मेरा कोई कसूर नहीं है। सपेरा कर्म के पहुंचा और पूछा तुमने ऐसा बुरा कर्म क्यों किया। कर्म ने कहा मुझ से क्यों पूछते हो, यह तो मरने वाले से पूछो मैं तो जड़ हूं। इसके बाद संपेरा ब्राह्मणी के पुत्र की आत्मा के पास पहुंचा। आत्मा ने कहा सभी ठीक कहते हैं। मैंने ही वह कर्म किया था जिसकी वजह से मुझे सर्प ने डंसा, इसके लिए कोई अन्य दोषी नहीं है।

# सुभाषचंद्र बोस अदम्य साहस और राष्ट्रभक्ति के प्रतीक


जवाहर प्रजापति



भारत के स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में नेताजी सुभाष चंद्र बोस का नाम स्वर्ण अक्षरों में अंकित है। वे ऐसे महान क्रांतिकारी नेता थे जिनकी एक पुकार पर हजारों महिलाओं ने अपने कीमती गहने अर्पित कर दिये और हजारों युवक और युवतियाँ आजाद हिन्द फौज में भर्ती हो गये। जिन्होंने न केवल अंग्रेजी शासन को खुली चुनौती दी, बल्कि भारतीयों के मन में स्वतंत्रता के लिए बलिदान की ज्वाला भी प्रज्वलित की। नेताजी की जयंती हर वर्ष 23 जनवरी को पूरे देश में गर्व, श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई जाती है। यह दिन हमें उनके अदम्य साहस, दृढ़ संकल्प और राष्ट्रभक्ति की याद दिलाता है।

सुभाष चंद्र बोस का जन्म 23 जनवरी 1897 को ओडिशा के कटक नगर में एक प्रतिष्ठित परिवार में हुआ था। उनके पिता जानकीनाथ बोस प्रसिद्ध वकील थे और माता प्रभावती देवी धार्मिक एवं संस्कारवान महिला थीं। बचपन से ही सुभाष चंद्र बोस अत्यंत मेधावी, अनुशासित और आत्मसम्मानी थे। पढ़ाई के साथ-साथ उनके मन में देश के प्रति गहरा प्रेम और अंग्रेजी शासन के प्रति असंतोष भी पनप रहा था।

उन्होंने कोलकाता के प्रेसिडेंसी कॉलेज और बाद में स्कॉटिश चर्च कॉलेज से शिक्षा प्राप्त की। उच्च शिक्षा के लिए वे इंग्लैंड गए और भारतीय सिविल सेवा की परीक्षा में सफलता प्राप्त की। उस समय यह परीक्षा पास करना अत्यंत कठिन माना जाता था, परंतु नेताजी ने इसे भी अपनी प्रतिभा से सिद्ध कर दिया। इसके बावजूद उन्होंने यह प्रतिष्ठित पद यह कहकर छोड़ दिया कि वे गुलाम भारत की सरकार की सेवा नहीं कर सकते। यह निर्णय उनके त्याग और देशप्रेम का महान उदाहरण है।

भारत लौटने के बाद सुभाष चंद्र बोस स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय रूप से जुड़ गए। वे दो बार भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष भी चुने गए। हालांकि, स्वतंत्रता प्राप्त करने के तरीकों को लेकर उनके और कांग्रेस के कुछ नेताओं के बीच मतभेद थे। नेताजी का मानना था कि केवल अहिंसा से स्वतंत्रता मिलना कठिन है, इसके लिए सशक्त और संगठित संघर्ष भी आवश्यक है।

द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान नेताजी ने अंग्रेजों के विरुद्ध सशस्त्र संघर्ष का मार्ग अपनाया। उन्होंने विदेश जाकर आजाद हिंद फौज का गठन किया और भारत को अंग्रेजों से मुक्त कराने का संकल्प लिया। ह्लतुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूँगाह्व जैसा उनका ओजस्वी नारा आज भी भारतीयों के रोंगटे खड़े कर देता है। इस नारे ने लाखों युवाओं को स्वतंत्रता संग्राम में कूद पड़ने की प्रेरणा दी। आजाद हिंद फौज में पुरुषों के साथ-साथ महिलाओं की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही। रानी लक्ष्मीबाई रेजिमेंट इसका उत्कृष्ट उदाहरण है। नेताजी का प्रसिद्ध नारा ह्लजय हिंदह्व आज भी भारतीय सेना और नागरिकों में देशप्रेम की भावना को प्रबल करता है। उन्होंने ह्लदिल्ली चलोह्व का आह्वान कर अंग्रेजी शासन की नींव हिला दी थी।

सुभाष चंद्र बोस का जीवन केवल राजनीतिक संघर्ष तक सीमित नहीं था। वे एक प्रखर वक्ता, कुशल संगठनकर्ता और दूरदर्शी नेता थे। उनका मानना था कि स्वतंत्र भारत में सभी धर्मों, जातियों और वर्गों को समान अधिकार मिलने चाहिए। वे एक मजबूत, आत्मनिर्भर और अनुशासित भारत का सपना देखते थे।

नेताजी की मृत्यु आज भी एक रहस्य बनी हुई है, किंतु इसमें कोई संदेह नहीं कि उनका जीवन और संघर्ष आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने अपने जीवन का प्रत्येक क्षण मातृभूमि की सेवा में समर्पित कर दिया। सुभाष चंद्र बोस जयंती हमें यह संदेश देती है कि देश की स्वतंत्रता और सम्मान से बड़ा कुछ नहीं होता। उनके विचार, आदर्श और बलिदान आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं जितने स्वतंत्रता संग्राम के समय थे। ऐसे महान राष्ट्रनायक को स्मरण करना और उनके दिखाए मार्ग पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है।

नेताजी सुभाष चंद्र बोस अमर रहें। जय हिंद!

# विवादित है शंकराचार्य पदवी पर अविमुक्तेश्वरानंद की दावेदारी


मनोज कुमार अग्रवाल



क्या स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को मौनी अमावस्या के दिन पालकी पर सवार होकर संगम तट तक जाने की प्रशासन से तकरार महंगी पड़ने वाली है? क्योंकि प्रशासन ने तो उन्हें शंकराचार्य मानने से ही इंकार कर दिया है और इस के आधार में सुप्रीम कोर्ट में लम्बित मामले का हवाला भी दिया है। लगता है कि अब ज्योतिष पीठ पर अविमुक्तेश्वरानंद की शंकराचार्य पदवी की दावेदारी का विवाद अब और मुखर हो जाएगा।

आपको बता दें कि प्रयागराज में चल रहे माघ मेले में मौनी अमावस्या के स्नान को लेकर ज्योतिष पीठ बद्रीनाथ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद और मेला प्रशासन आमने सामने आ गए थे। मेला प्रशासन ने शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को पालकी पर सवार होकर स्नान के लिए जाने से रोक दिया था। इसके बाद शंकराचार्य समर्थकों और पुलिस के बीच धक्का-मुक्की हो गई थी। इससे नाराज होकर शंकराचार्य ने धरना शुरू कर दिया। उनका धरना अभी भी जारी है। शंकराचार्य इस बात पर अड़े हैं कि प्रशासन माफी मांगे। उनका कहना है कि माफी के बिना वो अपने आश्रम में प्रवेश नहीं करेंगे। इस बीच एक कड़ा कदम उठाते हुए मेला प्रशासन ने सोमवार को उन्हें एक नोटिस जारी किया। इसमें उनसे 24 घंटे में यह साबित करने को कहा गया है कि वो ही शंकराचार्य हैं। इस नोटिस में सुप्रीम कोर्ट में लंबित एक मामले का जिक्र है।माघ मेला प्राधिकरण ने स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को भेजे नोटिस में पूछा है कि उन्होंने अपने नाम के आगे शंकराचार्य क्यों लगाया है? मेला प्राधिकरण के नोटिस में सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन एक मामले का उल्लेख है।मेला प्रशासन का कहना है कि अभी तक इस मामले में कोई आदेश पारित नहीं हुआ है, ऐसे में कोई भी धमार्चार्य ज्योतिष्पीठ के शंकराचार्य के रूप में पट्टाभिषेकित नहीं हो सकता। बावजूद इसके स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने मेला क्षेत्र में लगे शिविर के बोर्ड पर अपने नाम के आगे शंकराचार्य अंकित किया है।

आपको बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने 16 सितंबर 2022 को शंकराचार्य के रूप में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के पट्टाभिषेक अभिनंदन समारोह पर रोक लगा दी थी। यह समारोह 17 सितंबर 2022 को होना था। अदालत में सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना के पीठ को बताया था कि गोवर्धन मठ के जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती ने एक हलफनामा दायर कर ज्योतिष्पीठ पीठ के नए शंकराचार्य के रूप में अविमुक्तेश्वरानंद की नियुक्ति का समर्थन नहीं किया है। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने उक्त आदेश पारित किया। सुप्रीम कोर्ट एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने दिवंगत शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती द्वारा ज्योतिष पीठ के उत्तराधिकारी के रूप में नियुक्त किए जाने का झूठा दावा किया था। यह मामला 2020 से शीर्ष कोर्ट में चल रहा है। इसी मामले में एक नई याचिका दायर कर स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के पट्टाभिषेक को रोकने की मांग की गई थी। इस याचिका में मीडिया में आई खबरों के हवाले से बताया गया था कि स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का पट्टाभिषेक 17 अक्तूबर 2022 को होने वाला है।इस याचिका में पट्टाभिषेक समारोह को रोकने की मांग की गई थी।प्रशासन का कहना है कि चूंकि मुख्य अपील अभी भी विचाराधीन है और कोई नया आदेश नहीं आया है, इसलिए वर्तमान में ज्योतिष्पीठ का कोई भी नया शंकराचार्य कानूनी रूप से मान्य नहीं है।

दूसरी ओर माघ मेला प्रशासन के नोटिस के जवाब में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती की ओर से सोशल मीडिया पर कहा गया है कि जब पट्टाभिषेक 12 सितंबर 2022 को हो चुका है तो सुप्रीम कोर्ट के आदेश का कोई मतलब नहीं है। उनका कहना है कि जब पट्टाभिषेक हो चुका है तो दुबारा क्यों होगा। उनका दावा है कि स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का पट्टाभिषेक वसीयत या इच्छा पत्र के मुताबिक हुआ है। इस वसीयत को कोर्ट ने भी मान्यता दे दी है।

सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा- शंकराचार्य वो होता है जिसे बाकी 3 पीठ शंकराचार्य कहते हैं। 2 पीठ हमें शंकराचार्य कहते हैं। पिछले माघ मेले में हमको साथ लेकर स्नान कर चुके हैं। अब आपको किस प्रमाण की जरूरत हैं।क्या ये प्रशासन तय करेगा कि हम शंकराचार्य हैं या नहीं। भारत के राष्ट्रपति को भी अधिकार नहीं है कि वो तय करे कि कौन शंकराचार्य होगा।

इधर, अविमुक्तेश्वरानंद अड़े हैं कि जब तक प्रशासन माफी नहीं मांगेगा, तब तक वे आश्रम में प्रवेश नहीं करेंगे। उन्होंने कल प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था- हर मेले में प्रयागराज आऊंगा, लेकिन शिविर में नहीं, फुटपाथ पर रहूंगा।उधर संत समुदाय में भी अविमुक्तेश्वरानंद के विरोधियों की भी कमी नहीं है। तुलसी पीठाधीश्वर संत रामभद्राचार्य ने कहा है कि शास्त्र के विरुद्ध किए गए किसी भी कार्य का परिणाम सुखद नहीं होता और जो व्यक्ति स्वयं शास्त्र-विरोधी कार्य करेगा, उसे न तो सुख मिलेगा, न शांति और न ही गति। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि वह स्वयं पैदल स्नान के लिए जाते हैं, क्योंकि यही शास्त्रसम्मत मार्ग है।इस घटनाक्रम पर पहली बार उज्जैन से अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के महामंत्री हरिगिरि महाराज का बयान आया है। उन्होंने न सिर्फ घटना को चिंताजनक बताया, बल्कि शंकराचार्य के पद और अखाड़ों की परंपरा को लेकर भी सीधे सवाल खड़े कर दिए।उन्होंने शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के पद को लेकर अहम टिप्पणी करते हुए कहा कि वे जिस पद पर आसीन हुए हैं, उसमें अभी अखाड़ा परिषद की ओर से उन्हें चादर ओढ़ाना बाकी है।हमारी परंपरा है कि समस्त 13 अखाड़े मिलकर एक साथ चादर ओढ़ाते हैं। जब समाज और अखाड़े आपको चादर ओढ़ाएंगे, तभी आप पूरे समाज के शंकराचार्य होंगे और समाज आपको पूरी तरह स्वीकार करेगा। बहरहाल स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद का विवादों से पुराना नाता है लेकिन इस बार उनकी शंकराचार्य पदवी पर ही सवाल मुखर हो गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### हम क्रूरता के बजाय कानून का शासन पसंद करते हैं :इमैनुएल मैक्रों

**पेरिस, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नीतियों के खिलाफ पश्चिमी देशों के नेताओं ने अब



खुलकर बोलना शुरू कर दिया है। जर्मनी से लेकर कनाडा से लेकर यूके और अब फ्रांस तक ने अमेरिकी धौंस के खिलाफ हमला बोला है। इस बीच फ्रांस के राष्ट्रपति के साथ डोनाल्ड ट्रंप का वीडियो विवाद सड़क पर आ गया है जहां ट्रंप ने मंगलवार को फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों का निजी संदेश सोशल मीडिया पर शेयर कर दिया। ट्रंप ने फ्रांस पर अतिरिक्त टैरिफ लगाने की बात भी कही है। इस पर मैक्रों बुरी तरह भड़क उठे हैं। बढ़ते तनाव के बीच फ्रांस और यूरोप के संस्थानों और अंतर्राष्ट्रीय कानून के प्रति यूरोप की प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुए मैक्रों ने मंगलवार को दावोस में वैश्विक स्तर पर 'जबरदस्ती' की कड़ी आलोचना की। मैक्रों ने कहा, 'फ्रांस और यूरोप संप्रभुता और स्वतंत्रता, संयुक्त राष्ट्र और उसके चार्टर से जुड़े हुए हैं। लेकिन दुनिया एक अव्यवस्थित प्रणाली की ओर बढ़ रही है, जहां कमजोर सामूहिक शासन और अनियंत्रित प्रतिस्पर्धा बढ़ती जा रही है। फ्रांसीसी नेता ने आगे अमेरिका के व्यापार हथकंडों की आलोचना करते हुए इसे आक्रामक बताया। उन्होंने वाशिंगटन पर ऐसे समझौतों के पीछे भागने का आरोप लगाया जो यूरोपीय निर्यात को कमजोर करते हैं। उन्होंने राजनीतिक दबाव के लिए टैरिफ के बढ़ते उपयोग की भी निंदा की और इसे मौलिक रूप से अस्वीकार्य कहा। मैक्रों ने कहा, 'हमें अधिक विकास और अधिक स्थिरता की आवश्यकता है। लेकिन हम धमकियों के बजाय सम्मान पसंद करते हैं। और हम क्रूरता के बजाय कानून का शासन पसंद करते हैं।' इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को फ्रांसिसी वाइन और शैंपेन पर 200 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने की धमकी दी है।

### अमेरिका ने वेनेजुएला से तेल ले जा रहा 7वां टैंकर पकड़ा, हांगकांग की कंपनी के नाम पर रजिस्टर्ड था

**काराकास, एजेंसी।** अमेरिकाने वेनेजुएला से तेल ले जा रहे एक और प्रतिबंधित ऑयल टैंकर पर कब्जा कर लिया है। यह ट्रम्प प्रशासन के दौरान पकड़ा गया सातवां टैंकर है। अमेरिकी साउदर्न कमांड के मुताबिक, मोटर वेसल सगीट्टा को बिना किसी नुकसान के अपने नियंत्रण में लिया गया। कमांड ने कहा कि यह जहाज राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा घोषित कैरेबियन क्षेत्र की 'क्वारंटीन' का उल्लंघन कर रहा था। सगीट्टा लाइबेरिया-ध्वज वाला टैंकर है, जो हांगकांग की एक कंपनी के नाम पर रजिस्टर्ड है। अमेरिकी ट्रेजरी डिपार्टमेंट ने इसे रूस-यूक्रेन युद्ध से जुड़े एक एग्जीक्यूटिव ऑर्डर के तहत प्रतिबंधित किया था। यह कार्रवाई 3 जनवरी को वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को सत्ता से हटाए जाने के बाद तेज हुई अमेरिकी मुहिम का हिस्सा बताई जा रही है। जानकारी एसोसिएटेड प्रेस ने दी है।

### शिंजो आबे को गोली मारने वाले अपराधी को आजीवन कारावास, जापान की अदालत ने सुनाई सजा

**टोक्यो, एजेंसी।** जापान की अदालत ने बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे की गोली मारकर हत्या करने वाले शख्स को उम्रकैद की सजा सुनाई है। शिंजो आबे की हत्या करने की बात इस शख्स ने कबूल की थी। इस मामले ने जापान की सत्तारूढ़ पार्टी और एक विवादास्पद दक्षिण कोरियाई चर्च के बीच दशकों पुराने घनिष्ठ संबंधों को उजागर किया है। जापान के सबसे प्रभावशाली राजनेताओं में शामिल शिंजो आबे प्रधानमंत्री पद छोड़ने के बाद एक नियमित सांसद के रूप में कार्यरत थे। इसी दौरान 2022 में पश्चिमी शहर नारा में चुनाव प्रचार के दौरान उनकी हत्या कर दी गई। इस घटना ने सख्त बंदूक नियंत्रण वाले देश को स्तब्ध कर दिया। 45 वर्षीय तेत्सुया यामागामी ने अक्टूबर में शुरू हुए मुकदमे में हत्या का अपराध स्वीकार कर लिया था। अदालत ने बुधवार को फैसला सुनाते हुए आजीवन कारावास की सजा का एलान किया। शूटर ने कहा कि वह एक विवादास्पद चर्च के प्रति नफरत से प्रेरित था। यामागामी ने कहा कि उसने आबे की हत्या तब की जब उसने पूर्व नेता की ओर से यूनिफिकेशन चर्च से जुड़े एक समूह को भेजा गया एक वीडियो संदेश देखा। उसने आगे कहा कि उसका उद्देश्य उस चर्च को नुकसान पहुंचाना था, जिससे वह नफरत करता था और आबे के साथ उसके संबंधों को उजागर करना था। अभियोजकों ने यामागामी के लिए आजीवन कारावास की मांग की थी। वहीं, उनके वकीलों ने चर्च के अनुयायी के बच्चे के रूप में उनकी परेशानियों का हवाला देते हुए 20 साल से अधिक की सजा न देने की मांग की थी। सत्ताधारी लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी और चर्च के बीच घनिष्ठ संबंधों के खुलासे के बाद पार्टी ने चर्च से दूरी बना ली।

# चौथी बार मां बनने वाली हैं ऊषा वेंस, अमेरिकी उपराष्ट्रपति के घर गूंजेगी किलकारी

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी उपराष्ट्रपति जे डी वेंस और उनकी भारतीय मूल की पत्नी ऊषा वेंस जल्द ही माता पिता बनने वाले हैं। दोनों ने एक साझा बयान जारी कर यह गुड न्यूज शेयर की है और बताया है कि अमेरिका की सेकंड लेडी उषा वेंस जुलाई के आखिर में अपने चौथे बच्चे, एक लड़के को जन्म देंगीं। इस मौके पर उन्हें वाइट हाउस की तरफ से भी शुभकामाएं मिली हैं।

इससे पहले दंपति के एक संयुक्त बयान में कहा, 'हम यह खबर साझा करते हुए बहुत उत्साहित हैं कि उषा हमारे चौथे बच्चे के साथ गर्भवती हैं, जो एक लड़का है। उषा और बच्चा दोनों ठीक हैं और हम सभी जुलाई के आखिर में उसका स्वागत करने का इंतजार कर रहे हैं।' वहीं वाइट हाउस ने वेंस दंपति को बधाई देते हुए एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'इतिहास का सबसे परिवार-समर्थक प्रशासन ! बधाई हो !'

गौरतलब है कि 40 साल की उषा और 41 साल के वेंस के फिलहाल तीन बच्चे हैं। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जे डी वेंस ने बीते साल अप्रैल में पत्नी ऊषा और 8 वर्षीय इवान, 5 वर्षीय विवेक और 4 साल की मिराबेल के साथ भारत का आधिकारिक दौरा किया था। वेंस दंपति 21 से 24 अप्रैल तक भारत में थे और जयपुर दौरे और आगरा में ताज महल का दीदार करने से से पहले दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिले थे। यहां



पीएम ने बच्चों को उपहार भी दिए थे।

वेंस का परिवार बढ़ने की खबर ऐसे समय आई है जब वह सालों से अमेरिकियों को ज्यादा बच्चे पैदा करने के लिए जोरदार तरीके से बढ़ावा दे रहे हैं। वेंस ने 2021 में ओहायो में अमेरिकी सीनेट के लिए चुनाव लड़कर अपने राजनीतिक करियर की शुरुआत करते हुए, घटती जन्म दर को लेकर चिंता जताई थी। वाइस प्रेसिडेंट के तौर पर भी वह इसी मिशन पर कायम हैं और 2025 में मार्च फॉर लाइफ की एक स्पीच में उन्होंने कहा, 'मैं चाहता हूं कि अमेरिका में और ज्यादा बच्चे हों।'

**खुशखबरी पर क्या बोला व्हाइट हाउस :** बयान में कहा गया है, 'इस रोमांचक और व्यस्त समय के दौरान हम विशेष रूप से उन सैन्य डॉक्टरों के आभारी हैं जो हमारे परिवार की बेहतरीन देखभाल करते हैं। उन कर्मचारियों के भी आभारी हैं जो यह सुनिश्चित करने के लिए बहुत कुछ करते हैं कि हम अपने बच्चों के साथ एक शानदार जीवन का आनंद लेते हुए देश की सेवा कर सकें।'

व्हाइट हाउस ने वेंस परिवार को बधाई देते हुए एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'इतिहास का सबसे परिवार-समर्थक प्रशासन ! बधाई हो !' गौरतलब है कि 40 वर्षीय उषा और 41 वर्षीय वेंस, जो येल लॉ स्कूल में पढ़ते समय मिले थे, उनके तीन बच्चे हैं। इनमें 8 वर्षीय इवान, 5 वर्षीय विवेक और 4 वर्षीय मिराबेल शामिल हैं।

**बीते साल भारत दौरे पर आए थे दंपति, पीएम मोदी से की थी मुलाकात**

वेंस ने पिछले साल अप्रैल में भारत की अपनी पहली आधिकारिक यात्रा की थी और उनके साथ उषा और उनके तीन बच्चे भी थे। वेंस दंपति 21 से 24 अप्रैल तक भारत में थे और जयपुर और आगरा जाने से पहले उन्होंने दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की।

**कौन हैं उषा वेंस?**

उषा पेशे से एक वकील हैं। उन्होंने अमेरिकी सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश जॉन जी रॉबर्ट्स और तत्कालीन कोलंबिया सर्किट कोर्ट ऑफ अपील्स के न्यायाधीश ब्रेट कवानॉघ के लिए क्लर्क के रूप में भी काम किया है। उनके पास येल विश्वविद्यालय से स्नातक की डिग्री और कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर की डिग्री भी है, जहां वे गेट्स कैम्ब्रिज स्कॉलर थीं। 1970 के दशक में उनके माता-पिता कृष चिलुकुरी और लक्ष्मी चिलुकुरी भारत से अमेरिका चले गए थे। विश्वविद्यालय की वेबसाइट के अनुसार कृष चिलुकुरी सैन डिएगो स्टेट यूनिवर्सिटी के इंजीनियरिंग कॉलेज, एयरोस्पेस विभाग में लेक्चरर हैं। लक्ष्मी चिलुकुरी कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, सैन डिएगो में आणविक जीवविज्ञान विभाग में अध्यापन प्रोफेसर हैं।

# अमेरिकी वर्चस्व खत्म हो रहा, टैरिफ को हथियार की तरह इस्तेमाल किया जा रहा: मार्क कार्नी

**दावोस, एजेंसी।** कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने एक धमाकेदार बयान दिया है। उन्होंने दावोस में कहा कि दुनिया की मौजूदा व्यवस्था संकट में है और अमेरिकी वर्चस्व खत्म हो रहा है। दावोस में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के मंच से दिए अपने बयान में कनाडा के प्रधानमंत्री ने अमेरिका के वर्चस्व को चुनौती देते हुए ग्रीनलैंड मुद्दे पर डेनमार्क का समर्थन किया। हालांकि कनाडा के पीएम ने डोनाल्ड ट्रंप के नाम का जिक्र नहीं किया, लेकिन उन्होंने अपनी टिप्पणियों में अमेरिका पर जमकर निशाना साधा।

**मार्क कार्नी ने दुनिया को चेताया :** मार्क कार्नी ने कहा, 'ताकतवर देश उन्हें माना जाता है, जिनके पास संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सीट है जैसे चीन, अमेरिका, फ्रांस, ब्रिटेन और रूस। इन देशों का दुनिया पर आर्थिक और सैन्य दबदबा है। मध्य ताकत वाले देश जैसे कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना, दक्षिण कोरिया और ब्राजील का भी दुनिया की राजनीति में बड़ा असर रखते हैं। कार्नी ने कहा कि दुनिया की मौजूदा व्यवस्था बदलाव के दौर से नहीं गुजर रही है, बल्कि पूरी व्यवस्था ही संकट में है। ऐसे में मध्य ताकत वाले देशों को एकजुट होना चाहिए। कार्नी ने कहा 'अगर हम बातचीत की मेज पर नहीं आएंगे तो जल्द ही हमें बड़ी ताकतें खा जाएंगी।

**अमेरिका-कनाडा के संबंध खराब दौर में :** गौरतलब है कि अमेरिका और कनाडा के संबंध भी इन दिनों अच्छे दौर से नहीं गुजर रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कनाडा को अमेरिका का 51वां राज्य बनाने की बात कही है। साथ ही कनाडा से होने वाले आयात पर भारी टैरिफ लगा दिया है।

इसके चलते कनाडा, जो पारंपरिक तौर पर अमेरिका का करीबी सहयोगी रहा है, वहां राष्ट्रवाद का उदय और अमेरिका के प्रति नाराजगी देखी जा रही है। बीते दिनों कनाडा के पीएम ने चीन का दौरा किया था, जिसे भी कनाडा द्वारा अमेरिका से दूरी और चीन से नजदीकी बढ़ाने के तौर पर देखा जा रहा है।

**ग्रीनलैंड पर यूरोप से भिड़े ट्रंप :** वैश्विक व्यवस्था की बात करें तो ट्रंप ने दुनिया के कई देशों पर भारी-भरकम टैरिफ लगा दिए हैं और ग्रीनलैंड के मुद्दे पर यूरोप पर भी टैरिफ लगाने की बात कही है। इसे लेकर यूरोप में नाराजगी है और यूरोपीय देशों ने अमेरिका को ग्रीनलैंड पर कब्जे को लेकर चेताया है। फ्रांस ने तो साफ कह दिया है कि यूरोप की संप्रभुता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। इसके बाद ट्रंप ने फ्रांसीसी राष्ट्रपति के खिलाफ भी तीखी टिप्पणी की है। अब कनाडा ने भी ग्रीनलैंड पर डेनमार्क के समर्थन की बात कह दी है। यही वजह है कि नाटो के कमजोर होने की आशंका जाहिर की जा रही है।

# पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ने फर्जी पिज्जा हट का उद्घाटन किया

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ एक अजीब विवाद में फंस गए हैं। उन्होंने सियालकोट कैंटोनमेंट में पिज्जा हट ब्रांड वाले एक आउटलेट का उद्घाटन किया। लेकिन कुछ ही घंटों बाद पिज्जा हट कंपनी ने इस आउटलेट को फर्जी बता दिया। सोशल मीडिया पर उद्घाटन की तस्वीरें और वीडियो वायरल होने के बाद पिज्जा हट पाकिस्तान ने बयान जारी कर साफ किया कि इस आउटलेट से उसका कोई लेना-देना नहीं है। वायरल तस्वीरों और वीडियो में ख्वाजा आसिफ सियालकोट कैंटोनमेंट में बने आउटलेट का फीता काटते नजर आ रहे हैं। उन्होंने हाथ में कैंची लेकर कैमरे के सामने पोज भी दिया।

**सोशल मीडिया पर आसिफ मजाक बना :** यह मामला सामने आते ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लोगों ने इसे लेकर मजाक उड़ाना शुरू कर दिया। एक यूजर ने लिखा, 'रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने सियालकोट में एक फर्जी पिज्जा हट फ्रेंचाइजी का उद्घाटन किया। ये बेवकूफ बूढ़े लोग हम पर थोपे गए हैं।' एक अन्य यूजर ने मजाक करते हुए लिखा, 'जब पिज्जा हट खुद कह दे, यह हमारी स्लाइस नहीं है।'

**पिज्जा हट ने ब्रांड के गलत इस्तेमाल का आरोप लगाया :** पिज्जा हट पाकिस्तान ने बयान जारी कर कहा कि सियालकोट कैंटोनमेंट में खुला यह रेस्टोरेंटपिज्जा हट के नाम और ब्रांड का गलत इस्तेमाल कर रहा है। कंपनी ने कहा, यह आउटलेट उससे जुड़ा नहीं है यह पिज्जा हट इंटरनेशनल की रेसिपी, क्वालिटी प्रोटोकॉल, फूड सेफ्टी और ऑपरेशनल स्टैंडर्ड का पालन नहीं करता। कंपनी ने यह भी बताया कि उसने अपने ट्रेडमार्क के दुरुपयोग को रोकने के लिए संबंधित अधिकारियों के पास औपचारिक शिकायत दर्ज कराई है और इस पर तत्काल कार्रवाई की मांग की है। कंपनी के मुताबिक, पाकिस्तान में इस समय उसके कुल 16 आधिकारिक आउटलेट हैं। इनमें से 14 लाहौर और दो इस्लामाबाद में हैं।

# चांद से भी आगे ले जाएगा आर्टेमिस-2, अप्रैल में लॉन्चिंग; अंतिम तैयारियों में जुटा नासा

**वाशिंगटन, एजेंसी।** चांद पृथ्वी से 41,541 मील दूर है लेकिन नासा के आगामी मिशन आर्टेमिस-2 के लिए यह दूरी सिर्फ एक पड़ाव भर है। यह वही मिशन है, जो अपोलो कार्यक्रम के बाद पहली बार इंसानों को पृथ्वी की कक्षा से बाहर, चांद के चारों ओर और उससे भी आगे ले जाएगा। नासा इस ऐतिहासिक उड़ान की अंतिम तैयारियों में जुटा है। आधिकारिक तौर पर इसका लक्ष्य अप्रैल 2026 है, जबकि एजेंसी इसे फरवरी की शुरुआत में लॉन्च करने की दिशा में भी काम कर रही है। नासा की आधिकारिक ताजा जानकारी और नेशनल जियोग्राफिक की रिपोर्ट के अनुसार आर्टेमिस-2 के कमांडर रीड विसमैन जब ओरियन यान के सिम्युलेटर में बैठते हैं, तो उनके सामने अंतरिक्ष की असली खामोशी नहीं, बल्कि तारों से भरा एक आभासी आकाश होता है। नीली



शर्ट पर बड़े अक्षरों में लिखा है आर्टेमिस। चारों ओर कांच की डिजिटल डिस्प्ले, स्विच और संकेतक लाइट्स, जो यह बताती हैं कि मिशन के दौरान हर सेकंड क्या चल रहा होगा। ओरियन कैप्सूल के कमांड मॉड्यूल में कुल पांच खिड़कियां हैं, ठीक वैसे ही, जैसे अपोलो यानों में हुआ करती हैं। इन सिम्युलेशन सत्रों में विसमैन और उनका दल उस हर परिस्थिति को समझने की कोशिश कर रहा है, जिसका सामना उन्हें असली उड़ान में करना पड़ सकता है। मिशन में चार अंतरिक्ष यात्री शामिल हैं। कमांडर रीड विसमैन, पायलट विक्टर ग्लोवर, मिशन स्पेशलिस्ट क्रिस्टीना कोच और कनाडाई अंतरिक्ष एजेंसी के जेरेमी हैनसन। मई 2023 में क्रू की घोषणा के बाद से यह टीम लगातार ट्रेनिंग में जुटी है। इन अंतरिक्ष यात्रियों ने स्पेससूट्स में काम करने का अभ्यास भी किया है, जो किसी आपात स्थिति में 144 घंटे तक उन्हें जीवित रख सकते हैं। इंजन फेल होने से लेकर कैप्सूल के भीतर शौचालय खराब होने जैसी स्थितियों तक, हर संभावित संकट पर सैकड़ों सिम्युलेशन किए जा चुके हैं। एक 30 घंटे के सिम्युलेशन के दौरान विक्टर ग्लोवर ने जानबूझकर कैप्सूल के भीतर ही सोने का फैसला किया।

**कैनेडी स्पेस सेंटर से उड़ान भरेगा यान :** फ्लोरिडा स्थित कैनेडी स्पेस सेंटर के पैड 39-बी से उड़ान भरते ही एसएलएस का पहला चरण अलग होगा। ओरियन पहले पृथ्वी की दो कक्षाओं में घूमेगा, फिर मुख्य इंजन के जरिए चांद की ओर फ्री-रिटर्न पथ पर बढ़ेगा। करीब चार दिन में यान चांद तक पहुंचेगा, उसके चारों ओर फिगर-एट पथ में घूमेगा और फिर चार दिन में पृथ्वी की ओर लौटेगा।

# ट्रंप की अजीबो-गरीब हरकत, मीडिया को दिखाए कामयाबी के दस्तावेज फिर खुद उसे फर्श पर पटक दिया

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे कार्यकाल का मगंलवार को एक साल पूरा हो गया है। इस मौके पर राष्ट्रपति ट्रंप ने व्हाइट हाउस में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान राष्ट्रपति ट्रंप ने अपनी सरकार के एक साल की उपलब्धियों का दस्तावेज दिखाया। हैरानी की बात ये रही कि उन्होंने मीडिया को दस्तावेज दिखाने के बाद खुद ही उसे जमीन पर पटक दिया। ट्रंप ने करीब दो घंटे तक मीडिया को संबोधित किया। इस दौरान ट्रंप ने भारत-पाकिस्तान समेत आठ युद्ध रुकवाने के दावे को दोहराया। ट्रंप ने फिर से नोबेल शांति पुरस्कार न मिलने



पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार के फैसलों से अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा मजबूत होगी।

**ट्रंप ने गिनाई ये उपलब्धियां :** ट्रंप ने 20 जनवरी 2025 को अमेरिकी राष्ट्रपति पद की शपथ ली थी। मंगलवार को उनके कार्यकाल को एक साल पूरा हो गया। इस दौरान ट्रंप ने दावोस में आयोजित हो रहे वैश्विक आर्थिक सम्मेलन के लिए रवाना होने से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की, जिसमें उन्होंने एक साल के कार्यकाल में अपनी सरकार द्वारा हासिल कथित उपलब्धियों का जिक्र किया।

इसमें राष्ट्रपति ट्रंप ने अवैध अप्रवासियों के अमेरिका में आने पर रोक और अमेरिका से करीब 26 लाख अवैध अप्रवासियों को बाहर निकालने का जिक्र किया। ट्रंप ने अमेरिका में सड़क सुरक्षा को बेहतर करने के लिए व्यवसायिक ट्रक ड्राइवरों के लिए अंग्रेजी भाषा को अनिवार्य करने एच-1बी वीजा आवेदन की फीस बढ़ाकर एक लाख डॉलर करने आदि कथित उपलब्धियों का जिक्र किया। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कामयाबी के दस्तावेज दिखाते हुए कहा कि पहले किसी भी राष्ट्रपति ने ऐसी कामयाबी हासिल नहीं की है और इसके बाद बंडल को जमीन पर पटक दिया। इसके बाद ट्रंप ने मिनेसोटा से गिरफ्तार किए गए अवैध अप्रवासियों की तस्वीरें भी दिखाईं। तस्वीरें दिखाने के बाद ट्रंप ने उन्हें भी जमीन पर पटक दिया।

# सहायता धनराशि में कटौती से, पश्चिम व मध्य अफ़्रीका में भूख संकट गहराने की आशंका

**वाशिंगटन, एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र विश्व खाद्य कार्यक्रम ने चेतावनी जारी की है कि इस वर्ष जून से अगस्त महीने के दौरान पश्चिम और मध्य अफ़्रीका में स्थित देशों में 5.5 करोड़ लोगों के विशाल भूख संकट का सामना करने की आशंका है. भीषण हिंसक टकरावों और विस्थापन के बीच मानवीय सहायता प्रयासों के लिए धन कटौती होने से स्थिति और बिगड़ने की आशंका है. इन क्षेत्रों में जून-अगस्त की अवधि, फ़सलों की पैदावार के बीच का ऐसा समय है जब कृषि-निर्भर समुदायों के लिए पहले से जमा की गई खाद्य सामग्री ख़त्म होने लगती है, क़िल्लत और महंगाई बढ़ती है और कुपोषण गहराने लगता है.यूएन कार्यक्रम ने अफ़्रीकी क्षेत्र में एक खाद्य सुरक्षा विश्लेषण के आधार पर यह निष्कर्ष जारी किया है.इसके अनुसार, 1.3 करोड़ बच्चे इस वर्ष कुपोषण की चपेट में आ सकते हैं, जबकि 30 लाख से अधिक लोग आपात स्तर पर खाद्य असुरक्षा का सामना करेंगे. वर्ष 2020 में, 15 लाख लोग आपात स्तर पर खाद्य असुरक्षा का शिकार थे, और अब यह आँकड़ा दोगुना हो गया है. नाइजीरिया, चाड, कैमरून, निजेर खाद्य असुरक्षा से सर्वाधिक प्रभावितों में बताए गए हैं. नाइजीरिया के बोर्नो प्रान्त में 15 हज़ार से अधिक लोग विनाशकारी स्तर पर भूख की चपेट में आ सकते हैं, और यदि ऐसा हुआ तो यह क़रीब एक दशक में पहली बार होगा.हिंसक टकराव, विस्थापन और आर्थिक बदहाली जैसी चुनौतियों की वजह से पश्चिम और मध्य अफ़्रीका में



स्थिति बद से बदतर हो रही है.मगर, मानवीय सहायता धनराशि में कटौती होने की वजह से स्थानीय समुदायों के लिए इस संकट का सामना कर पाना और अधिक मुश्किल हो गया है.ड्ड्स्नक्क्षेत्रीय उप निदेशक साराह लॉन्गफ़ॉर्ड ने कहा कि 2025 में धन कटौती की वजह से पूरे क्षेत्र में भूख और कुपोषण की स्थिति गम्भीर हुई है. 'जैसे-जैसे आवश्यकताएँ, सहायता धनराशि की तुलना में बढ़ रही हैं, युवा लोगों के हताशा के गर्त में धँसने का जोखिम भी बढ़ता जा रहा है. 'खाद्य सहायता में कटौतीयूएन कार्यक्रम के अनुसार, इस क्षेत्र में अगले 6 महीनों तक मानवीय सहायता अभियान को जारी रखने के लिए 45 करोड़ डॉलर से अधिक की रक़म की जल्द से जल्द आवश्यकता है. यह उन क्षेत्रों के लिए है, जहाँ बजट घटने का असर दिखाई देने लगा है.माली में, परिवारों के लिए खाद्य रसद को घटाया गया है, जिससे वहाँ 2023 के बाद से अब तक भूख में 65 प्रतिशत की वृद्धि हो चुकी है. वहाँ भूख प्रभावितों में 34 प्रतिशत की गिरावट आई है.असुरक्षा जारी रहने की वजह से, बड़े शहरों में महत्वपूर्ण खाद्य व अन्य सहायता आपूर्ति मार्गों में भी व्यवधान आया है।

# हवा में गुल हो गई बत्ती, दावोस जा रहे ट्रंप का प्लेन टेकऑफ के तुरंत बाद वापस लौटा

**वाशिंगटन, एजेंसी।** वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम में हिस्सा लेने के लिए स्विट्जरलैंड जा रहे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के विमान में मंगलवार रात अचानक तकनीकी खराबी आ गई। इसके चलते विमान को टेकऑफ के कुछ ही देर बाद वाशिंगटन के ज्वाइंट बेस एंड्रयूज पर वापस उतारना पड़ा।

वाइट हाउस की प्रेस सेक्रेटरी कैरोलिन लेविट ने पुष्टि करते हुए कहा कि विमान में 'मामूली इलेक्ट्रिकल समस्या' आ गई थी जिसके चलते एहतियातन यह फैसला लिया गया। विमान में मौजूद एक रिपोर्टर के मुताबिक, उड़ान के तुरंत बाद प्रेस केबिन की लाइट कुछ देर के लिए चली गई थी, हालांकि उस समय कोई आधिकारिक वजह नहीं बताई गई। उड़ान के लगभग आधे घंटे बाद पत्रकारों को सूचित किया गया कि विमान लौट रहा है। इसके बाद राष्ट्रपति ट्रंप ने एक दूसरे यानी बैकअप विमान- एयर फोर्स सी-32 से अपनी यात्रा जारी रखी। यह विमान आमतौर पर छोटे घरेलू हवाईअड्डों के लिए इस्तेमाल किया जाता है और बोइंग 757 का संशोधित संस्करण है। ट्रंप देर रात के बाद इस विमान से रवाना हुए और वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की वार्षिक बैठक के लिए दावोस पहुंचे।

वर्तमान में इस्तेमाल हो रहे दोनों एयर फोर्स वन विमान लगभग चार दशक पुराने हैं। इनके विकल्प के तौर पर नए विमानों पर बोइंग काम कर रहा है, लेकिन यह परियोजना लंबे समय से देरी का शिकार हो रही है। एयर फोर्स वन को अत्यधिक सुरक्षा के साथ विशेष रूप से संशोधित किया गया है- इनमें रेडिएशन से सुरक्षा, एंटी-मिसाइल तकनीक और एडवांस कम्युनिकेशन सिस्टम शामिल हैं, ताकि



राष्ट्रपति दुनिया के किसी भी कोने से सैन्य नेतृत्व से संपर्क में रह सकें और आदेश जारी कर सकें।

इसी बीच, पिछले साल कतर के शासक परिवार द्वारा ट्रंप को गिफ्ट में दिए गए एक लक्जरी बोइंग 747-8 जंबो जेट को एयर फोर्स वन फ्लीट में शामिल करने की घोषणा पर भी काफी बहस हुई थी। यह विमान फिलहाल सुरक्षा मानकों के अनुरूप रेट्रोफिट किया जा रहा है। मंगलवार रात एयर फोर्स वन पर पत्रकारों से बातचीत में लेविट ने मजाकिया अंदाज में कहा कि इस वक्त कतरी जेट कहीं बेहतर लग रहा है। यह घटना पहली नहीं है। पिछले फरवरी में विदेश मंत्री मार्को रुबियो को जर्मनी ले जा रहा एक एयर फोर्स विमान तकनीकी खराबी के कारण वॉशिंगटन लौट आया था। वहीं, अक्टूबर में रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ को ले जा रहा एक सैन्य विमान विंडशील्ड में दरार आने के कारण यूनाइटेड किंगडम में आपातकालीन लैंडिंग करने पर मजबूर हुआ था।

**डब्ल्यूईएफ की 56वीं वार्षिक बैठक :** डब्ल्यूईएफ की 56वीं वार्षिक बैठक 19 से 23 जनवरी 2026 के बीच दावोस में हो रही है, जिसमें 130 से ज्यादा देशों के करीब 3,000 वैश्विक नेता हिस्सा ले रहे हैं। यह बैठक ऐसे समय में हो रही है, जब दुनिया भू-राजनीतिक तनाव, आर्थिक अनिश्चितता और तेज तकनीकी बदलाव के दौर से गुजर रही है।

# जब निकलें शिशु के दांत

**हर** मां यही चाहती है कि उसके बच्चों को दांत निकलने में कोई तकलीफ न हो और उसके दांत सुंदर और मजबूत निकलें। कई बार सही जानकारी न होने के कारण अकसर अभिभावक परेशान हो जाते हैं। अगर आपका शिशु भी उम्र की इस अवस्था से गुजर रहा है तो आप इन बातों का ध्यान जरूर रखें :

**कैसे हों स्वस्थ दांत**

- अगर आप चाहती हैं कि आपके बच्चों के दांत स्वस्थ हों तो इसके लिए गर्भावस्था के समय से ही आपको अपने खानपान पर ध्यान देना चाहिए। आपको दूध, केला, सेब, संतरा जैसे कैल्शियमयुक्त पदार्थो का सेवन करना चाहिए और साथ ही कैल्शियम की गोली भी नियमित रूप से लेनी चाहिए।



- इस दौरान टैट्रासाइक्लिन, आयरन सिरप और एंटीबॉयोटिक दवाओं का सेवन न ही करें तो अच्छा है, क्योंकि अगर गर्भावस्था के दौरान कोई स्त्री इन दवाओं का सेवन करे तो जन्म के बाद बच्चों के जो दांत निकलते हैं, उनमें दाग-धब्बे हो सकते हैं और उनकी बनावट भी टेढी-मेढी हो सकती है।
- प्राय: छह माह से एक वर्ष के भीतर बच्चों के दांत निकलना शुरू हो जाते हैं। अकसर पहले नीचे के दांत और उसके बाद ही ऊपर के दो दांत निकलते हैं। अगर ऊपर के दांत पहले आएं या बच्चों के दांत निकलने में निर्धारित समय सीमा से थोडी देर हो तो घबराना नहीं चाहिए।

**क्या होते हैं लक्षण**

बच्चों के दांत निकलने का सबसे प्रमुख लक्षण होता है कि उसके मसूढे सख्त हो जाते हैं, उनमें सूजन भी आ जाती है। बच्चा चिडचिडा हो जाता है, अकसर रोता भी रहता है। इसके अलावा वह चीजें भी उठाकर मुंह में डालता है। दरअसल बच्चों के मसूढे के मांस को चीर कर दांत बाहर निकलते हैं, इसलिए उनमें दर्द और खुजली होती है। इस तकलीफ से राहत पाने के लिए वह इधर-उधर की चीजें उठा कर उन्हें चबाने की कोशिश करता है। इससे गंदगी और वायरस उनके शरीर में चले जाते हैं। यही वजह है कि इस दौरान बच्चों को बुखार और लूज मोशन जैसी समस्याएं होने लगती हैं।

**इन बातों का रखें ध्यान**

- दांत निकलने के दौरान बच्चे को ऐसी चीजें देनी चाहिए, जिनमें कैल्शियम, प्रोटीन, आयरन, विटमिन और मिनरल्स पर्याप्त मात्रा में पाए जाते हों।
- दांत निकलने के दौरान बच्चों को केला, उबला हुआ सेब, संतरे का जूस, दाल, खिचडी और सूजी की खीर जैसी चीजें देनी चाहिए।
- उसे ऐसा मल्टी विटमिन ड्रॉप्स भी देना चाहिए, जिसमें विटमिन डी-3 हो। अगर दस माह तक बच्चों के दांत नहीं निकले हैं तो बच्चों को कैल्शियम सिरप देना चाहिए।
- बच्चों को धूप में लिटाना भी फायदेमंद होता है क्योंकि धूप में प्राकृतिक विटमिन डी होता है, जो उसके दांतों और हड्डियों को मजबूत बनाता है।
- दांत निकलने के दौरान बच्चों घुटने के बल चलना सीख रहे होते हैं, इसलिए जमीन में गिरी चीजों को उठाकर मुंह में डालते हैं। इस वजह से घर के फर्श की सफाई का पूरा ध्यान रखें। साथ ही इस बात का भी ध्यान रखना चाहिए कि बच्चा जमीन पर गिरी हुई कोई चीज उठाकर मुंह न डालने पाए।
- इस दौरान बच्चों को चबाने के लिए प्लास्टिक के खिलौने दिए जाते हैं, लेकिन ऐसा करते वक्त आप इस बात का ध्यान रखें कि खिलौने गरम पानी से धुले हों ताकि उनमें किसी तरह के कीटाणु न हों।
- इसके अलावा आप बच्चों के हाथ में खाने की कोई ऐसी सख्त चीज पकडा दिया करें, जिससे उसे मसूढे की खुजली से भी राहत मिले और उसकी सेहत को भी कोई नुकसान न पहुंचे। आप उसे गाजर, बिस्किट, नमकपारा आदि दे सकती हैं।

आप इन बातों का ध्यान रखेंगी तो आपके बच्चों को दांत निकलने के दौरान जरा भी परेशानी नहीं होगी।

## इन पर भी ध्यान दें



- दांतों की हलके हाथों से नियमित रूप से सफाई जरूरी है।
- दांतों की समस्याओं के लिए सदैव मान्यता प्राप्त व सही डाक्टर से परामर्श लें।
- वर्ष में कम से कम 2 बार दांतों का चेकअप अवश्य करवाएं।
- दांतों की सफाई पर ध्यान न देने पर एड्स व हैपीटाइटिस बी जैसी बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाता है। मधुमेह के मरीजों को तो नियमित रूप से दांतों का चेकअप करवाना चाहिए।
- किसी भी प्रकार के धूम्रपान और तंबाकू, पानमसाला आदि के सेवन से भी दांतों में कैंसर की समस्या हो सकती है। इस से दांतों की आयु कम हो जाती है।
- 45 वर्ष की उम्र के बाद महिलाओं में कैल्सियम की कमी के कारण दांतों की अनेक समस्याएं उत्पन्न हो जाती हैं, जिन्हें गंभीरता से लेना चाहिए।
- दांतों की सुंदरता बढ़ाने के कई तरीके हैं। आप ब्लीचिंग व लेमीनेशन जैसी आधुनिकतम सुविधाओं का प्रयोग कर अपने व्यक्तित्व की शोभा बढ़ा सकती हैं।

# हेल्थ प्लस

## फाइबरयुक्त फूड रखे तनाव से दूर



**संतुलित** आहार न सिर्फ आपकी सेहत को अच्छा रखता है, बल्कि तनाव को कम करने में मदद करता है। कुछ खास फूड और ड्रिंक्स सीधे तनाव का कारण बनते हैं। जैसे- कॉफी, चाय, चॉकलेट और केक आदि। इनमें कैफीन की मात्रा अत्यधिक पाई जाती है, जिनसे तनाव का स्तर बढ जाता है। इसलिए इनसे बचना ही बेहतर होता है।

**क्या खाएं**

- अपने आहार में कार्बोहाइड्रेट्स को शामिल करें। चावल, पास्ता, आलू, ब्रेड, लो कैलरीज कुकीज कार्बोहाइड्रेट के प्रमुख स्त्रोत होते हैं इसके। अगर आप दिन में एक बेक्ड आलू या एक कप स्पैगेटी या चावल लेते हैं तो आपका पूरा दिन चिंतामुक्त और तनावमुक्त गुजरेगा।
- अपने आहार में फाइबरयुक्त चीजों को शामिल करें। फाइबर आपकी पाचन-क्रिया को भी दुरुस्त रखता है। आपको अपने भोजन से प्रतिदिन लगभग 25 ग्राम फाइबर प्राप्त होता है। फल, सब्जियां और साबुत अनाज फाइबर के बेहतरीन स्त्रोत हैं। तनाव से बचने के लिए ब्रेकफास्ट में जूस की अपेक्षा पूरा फल खाएं। गेहूं से बनी ब्रेड, होल ग्रेन सीरियल्स लें। साबुत अनाज ब्रेन न्यूरोट्रांसमीटर सेरोटोनिन के उत्पाद को बढाता है, जो आपके सोचने-समझने की शक्ति को बढाता है और तनाव को कम करने में मदद करता है।
- पर्याप्त सब्जियां अपने आहार में शामिल करें। हरी, पीली और नारंगी रंग की सब्जियों में मिनरल्स, विटमिंस और फाइटोकेमिकल्स होते हैं, जो इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाते हैं, ताकि आप तनाव जैसी समस्याओं से लड सकें।

**क्या न खाएं**

- कैफीनयुक्त भोजन से बचें। कॉफी, ब्लैक टी नुकसानदेह होती है।
- तले और वसायुक्त भोजन से दूर रहें।
- हाई प्रोटीन फूड का भी कम प्रयोग करें।

# सेहत संवारने के उपाय



**आप** अपनी दिनचर्या में कुछ कारगर उपायों को शामिल करके उनका प्रभाव देखें। इसके लिए आपको करना कुछ खास नहीं करना है, बस कुछ छोटी-छोटी किंतु महत्वपूर्ण बातों को अपनाना है।

- वे चीजें, जिनमें कैलरी ज्यादा हो, उन्हें थोडा ब्रेकफास्ट में और थोडा लंच में लें। दिन भर अगर आप गतिशील रहती हैं तो उनसे आपका मैटाबॉलिज्म मजबूत होगा व आपको ज्यादा ऊर्जा मिलेगी। एक्स्ट्रा कैलरीज जल्दी बर्न भी होंगी। डिनर में वसायुक्त भोजन न लें।
- अगर आप हाउसवाइफ हैं, घर में रोजमर्रा के काम करते हुए इस बात का ध्यान रखें कि आपका काम करने का तरीका ऐसा हो, जिससे कैलरीज ज्यादा से ज्यादा बर्न कर पाएं। जल्दी-जल्दी उठने-बैठने की आदत डालें व आलस से दूर रहें।
- लिफ्ट या एलीवेटर के स्थान पर स्टेयर्स (सीढियों) का उपयोग करें।
- रोज एक बाउल ओटमील खाना भी कोलेस्ट्रॉल कम करने के लिए फायदेमंद रहता है।
- यदि ज्यादा खाने की आदत है तो धीरे-धीरे चबाकर खाना खाएं। एक बाइट (ग्रास) को कम से कम 20 मिनट लगाकर चबाएं। अधिक समय लगाने से पेट भरा लगेगा और पाचन-क्रिया ठीक होगी।
- थोडी-थोडी देर में कुछ खाने से भी आप एक बार भर पेट खाना खाने से बच पाएंगी और कम कैलरी लेंगी।
- सूप पसंद है तो उसे बनाकर फ्रिज में रखें। दोबारा गरम करने से पहले उसके ऊपर की टॉपिंग उतार दें, जिससे अतिरिक्त फैट उस पर से हट जाए।
- कैफीन व एल्कोहॉल से बनी चीजों से दूर रहें।
- शरीर में आयरन की कमी पता चले तो रोज पालक का जूस पिएं। प्राकृतिक आयरन हासिल करने का इससे बेहतर स्त्रोत और कोई और नहीं।
- पानी ज्यादा से ज्यादा पीने की आदत बनाएं, इससे लीवर ठीक से काम करेगा, पाचन-क्रिया दुरुस्त रहेगी, जिससे शरीर को फायदा होगा। इसका परिणाम आपके चेहरे पर भी नजर आएगा।
- एक्सरसाइज को अपनी जीवन शैली का हिस्सा बनाएं। उसकी शुरुआत वार्म अप एक्सरसाइज से करें व अंत कूल डाउन से। शरीर को धीरे-धीरे एक्सरसाइज के लिए तैयार करना जरूरी होता है।
- एक्सरसाइज के समय ढीले व नैचरल फैब्रिक से बने हलके कपडे पहनें। ऐसे, जो पसीने को सोख सकें व पहनने में आरामदायक हों।
- यदि आप एक्सरसाइज करते हुए संगीत सुनती हैं तो आप अधिक समय तक एक्सरसाइज करने के साथ उसे एंजॉय भी कर सकती हैं। कुछ भी ऐसा चुनें, जो अलग हटकर हो और आपको पसंद आए। एकाग्रचित्त होने के लिए इससे बेहतर विकल्प कोई नहीं।
- यदि एक्सरसाइज करते समय आपको दर्द, चक्कर, बैचेनी, सांस का सामान्य न रहना तो तुरंत डॉक्टर से राय लें। ध्यान रहे, किसी भी नई एक्सरसाइज की शुरुआत बिना किसी योग्य प्रशिक्षक की देख-रेख के न करें।
- दिन व्यस्तता से भरा हो तो ब्रिस्क वॉक के लिए 20 मिनट निकालें। इससे आपका तनाव कम होगा और मन तरोताजा हो जाएगा।
- वॉकिंग करते वक्त यदि आपके पेट में क्रैम्प्स पड रहे हों तो बीच-बीच में रुकें, कमर पर से आगे की तरफ झुकें, सांस अंदर-बाहर करें, धीरे-धीरे और गहरी सांसें लेकर। इससे आपके पेट के निचले हिस्से के मसल्स को सामान्य होने में मदद मिलेगी।
- व्यस्त रोड या धुएं से भरे कमरे में एकसरसाइज करने से बचें। हमेशा प्रदूषण रहित साफ व खुला वातावरण एक्सरसाइज के लिए चुनें।
- सोच पॉजिटिव रखें व सदा मुस्कराती रहें।
- सोने व उठने का समय नियत करें व प्रतिदिन एक ही समय पर सोने जाएं।
- सोने से कुछ देर पहले लाइट बंद कर दें, जिससे नींद अच्छी आए। कोई अच्छी पुस्तक पढें या मधुर संगीत सुनें, वह नींद मीठी लाने में मदद करेगा।
- स्वास्थ्य से जुडी किसी समस्या के लिए जब भी कभी डॉक्टर के पास जाना हो पूछने वाले प्रश्नों की सूची बनाकर जाएं। जवाब लिख लें, न समझ आने पर दोबारा पूछें। यदि कोई दवा ले रही हैं तो वह भी बताएं। यदि किसी दवा से एलर्जी है तो उसे भी बताना न भूलें।

## सिर दर्द

**सिर** दर्द होने का एक कारण आंखों की कमजोरी भी हो सकता है। आंखें कमजोर होने पर सिर दर्द ही क्यों होता है। यह प्रश्न विचारणीय है।

- सिर दर्द होने के दो कारण प्रमुख हैं- पहला आंखों में कम या ज्यादा भेंगापन होने से मांसपेशियों में असंतुलन होने से दर्द होना, दूसरा दृष्टिदोष, कमजोर नजरों (रिफरेक्टरी एरर) के कारण।
- आंखों में कालापानी या सूजन होने से भी सिर दर्द हो सकता है। आंखों में यदि अधिक दृष्टिदोष है, तो आंखों में तनाव पैदा होने से सिर दर्द होना स्वाभाविक है। इसके अलावा बुखार होने या प्रसव के पश्चात यदि हल्का सा भी दृष्टि दोष आंखों में उत्पन्न हो गया हो, तो सिर में दर्द होता है। सिर में दर्द होना एक आम बीमारी है यदि यह दर्द बार-बार होता है, तो नेत्र रोग चिकित्सक से जांच कराना उपयोगी होगा, क्योंकि सिर दर्द का सम्बन्ध आंखों की सम्बन्ध आंखों की कमजोरी से भी है।



# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** — चू चे चो ला ली लू ले लो आ
व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। घर में शुभ समाचारों का संचार होगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। शुभांक-6-7-9

**वृष** — इ उ ए ओ वा वी वू वे वो
यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। बुजुर्गों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति साथ रहेंगी। शुभांक-2-7-9

**मिथुन** — का की कू घ ड छ के को हा
कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। होश में रहकर कार्य करें। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। आत्मीय श्रेष्ठता बनेगी। शुभांक-3-7-8

**कर्क** — ही हू हे हो डा डी डू डे डो
राजकीय कार्यों से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी। शुभांक-4-8-9

**सिंह** — मा मी मू मे मो टा टी टू टे
व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। शुभांक-3-6-9

**कन्या** — टो पा पी पू ष ण ठ पे पो
मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। शुभांक-4-5-9

**तुला** — रा री रु रे रो ता ती तू ते
यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार है। परिवारजनों का सहयोग बना रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-3-7-9

**वृश्चिक** — तो ना नी नू ने नो य यी यू
मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-2-7-8

**धनु** — ये यो भा भी भू धा फा ढा भे
आय के योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आत्मचिंतन करे। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। इच्छित कार्य सफल होंगें। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। शुभांक-3-6-9

**मकर** — भे जा जी खी खू खे खो गा गी
अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। नये व्यावसायिक अनुबन्ध होंगे। 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। शुभांक-4-6-8

**कुंभ** — गू गे गो सा सी सू से सो दा
जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। शुभांक-1-3-7

**मीन** — दी दू थ झ ञ दे दो चा ची
लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। विशिष्ट जनों से मुलाकात होगी। शुभांक-1-5-9

## काकुरो पहेली - 1965



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

**उदाहरणत:**

15 → 1 2 3 4 5
24 ↓ 7 8 9

1+2 = 3
1+3 = 4
7+9 = 16
8+9 = 17

### काकुरो - 1964 का हल



## हंसी के फूव्वारें

एक बूढ़ा समाज सुधारक जेल में बंद युवक चोर को देखकर बोला-'बेटे! तुम किसी बात की परवाह मत करो. जेल से बाहर निकलोगे तो मैं तुम्हारा पथ-प्रदर्शन करूंगा.'

'ठीक कहते हैं आप !' युवक चोर धीरे से बोला-'दरअसल मुझसे भूल हो गई थी जो आप जैसे बुजुर्गों के पथ-प्रदर्शन के बिना ही इस रोजगार में लग गया.'

□ □ □

एक डाक्टर के पास एक वकील बैठा हुआ था. तभी एक औरत ने आकर डाक्टर से कोई सलाह ली और चली गई. उसके जाने के बाद डाक्टर ने वकील से पूछा-'क्या मुझे इससे कुछ लेना चाहिये ?'

'क्यों नहीं !' वकील बोला-'आखिर तुमने उसे अपनी व्यापारिक सेवाएं प्रदान की हैं.'

'मैं ऐसा ही करूंगा !' डाक्टर बोला.

वकील चला गया. फिर अगले दिन डाक्टर जैसे ही बिल बनाने के लिये मेज पर पहुँचा, उसकी नजर एक बिल पर पड़ी. लिखा था- 'कानूनी सेवाओं की फीस तीस रुपये.' नीचे वकील का नाम और पता लिखा हुआ था.

□ □ □

महिला- 'सुना है आप के सिर में गोबर भरा है.'

आदमी- 'जी हाँ पर क्यों ?'

महिला- 'जी मुझे गोबर गैस कनेक्शन लेना है.'

## फिल्म वर्ग पहेली- 1965



**बायें से दायें:-**

१. मनोज, विवेक, अंतरा की 'मखमली ये बदन' गीतवाली फिल्म-२
२. 'मैं शायर तो नहीं' गीतवाली फिल्म-२
३. अभिषेक, ऋषिता भट्टा की फिल्म-४
६. 'बंदा ये बिंदास हैं' गीतवाली फिल्म-२
७. 'मेहंदी' में रानी का नायक ?-३
८. 'तुझे देने को मेरे पास' गीतवाली अक्षय खन्ना, उर्मिला की फिल्म-४
१०. शाहरूख, चंद्रचूड, ऐश की फिल्म-२
१२. 'विल यू मैरी मी' गीत वाली अमिताभ, अमृता सिंह की फिल्म-२
१३. 'याइला रे लड़की' गीतवाली संजय दत्त, जैकी शिल्पा, की फिल्म-२
१४. इस फिल्म में अभिनय के लिये रवीना को राट्रीय पुरस्कार मिला था-३
१५. 'हरे रामा हरे कृष्णा' से फिल्मों में आई एक ब्यूटी क्वीन-३
१७. 'हुई आँख नम' गीत वाली फिल्म-२
१८. जीतेंद्र, रणधीर कपूर, राकेश रोशन, रेखा, सनोबर कबीर की फिल्म-३
२०. राजकुमार, सुनीलदत्त वाली फिल्म 'हमराज' की नायिका-२
२१. 'ये रात ये बरसात' गीत वाली फिल्म-३
२२. मनोज वाजपेयी, रवीना की फिल्म-२
२३. 'मैं तुझसे मिलने' गीत वाली सुनीलदत्त, आशा की फिल्म-२
२४. 'दिल हूम हूम करे' गीत वाली फिल्म-३
२६. 'समंदर' में पूनम का नायक ?-२
२७. शशिकपूर, शबाना की फिल्म-३
२९. 'चल प्रेमनगर जायेगा' गीत वाली रणीधीरकपूर, बबीता की फिल्म-३
३०. 'ये जो हल्का हल्का सुरूर है' गीत वाली फिल्म-३
३१. सनी, तब्बू, रीमा सेन की एक फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'नाच मेरी बुलबुल' गीत वाली राजेश खन्ना, मुमताज की फिल्म-२
२. मिथुन, रति अग्निहोत्री की 'ऐ देखो इधर' गीत वाली फिल्म-३
३. इंतहा हो गई' गीत वाली अमिताभ, जया की फिल्म-३
४. डिनो मोरिया, बिपाशा की 'मुझे तेरे जैसी' गीत वाली फिल्म-२
५. 'यार बदल ना जाना' गीत वाली अक्षय, करीना की फिल्म-३
६. एलबम 'तेरा चेहरा' का गायक-४,२
९. निर्मात्री-नायिका पूजा भट्ट व शरद कपूर की एक फ्लॉप फिल्म-३
१०. 'जोगी मत जा' गीत वाली दिलीपकुमार, नर्गिस की फिल्म-३
११. दिलीप, मनोज, वहीदा की 'आज पुरानी राहों से' गीत वाली फिल्म-३
१३. अमिताभ, जया की 'दीवाने हैं दीवानों को' गीत वाली फिल्म-३
१६. 'दिल दीवाने का' गीत वाली धर्मेन्द्र, नसीर, पल्लवी, एकता की फिल्म-४
१८. जीतेंद्र, श्रीदेवी, जयाप्रदा की 'झोंपड़ी में चारपाई' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'सुनता जा' गीत वाली विवेक ओबेराय, दीया मिर्जा की फिल्म-२
२०. अनिलकपूर, तब्बू, पूजा बत्रा की 'पायलें झूमें' गीत वाली फिल्म-४
२१. प्रदीप कुमार, नर्गिस की 'यूँ हसरतों के दाग' गीत वाली फिल्म-४
२५. 'फूल माँगूँ ना बहार' गीत वाली फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 1964



## सूडोकु -1965

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | | | 3 | |
| | | 6 | | 2 | | 4 | | |
| | | 8 | | | 5 | | | |
| | 3 | | | | | | 7 | |
| 7 | | | | 4 | | | | 9 |
| | 9 | | | | | | 5 | |
| | | | 2 | | | 1 | | |
| | | 1 | | 7 | | 6 | | |
| | 5 | | | | 3 | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -1964 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 3 | 6 | 4 | 1 | 5 | 7 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 2 | 1 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 5 |
| 6 | 5 | 3 | 2 | 8 | 4 | 9 | 1 | 7 |
| 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 | 5 | 8 |
| 4 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 2 | 6 | 3 |
| 2 | 4 | 7 | 5 | 6 | 1 | 3 | 8 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 1 | 7 | 6 |
| 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 3 | 5 | 2 | 4 |

## शब्द पहेली - 1965



**बाएँ से दाएँ**

1.उड़ीसा का शहर जहां इस्पात फैक्ट्रियां हैं-5
4.कराह,टीस,लालसा-3
6.हानि,आपत्ति-2
7.दुश्मनी,बैर-3
8.इंसाफ-2
10.साठवीं जयंती-3
11.जलाऊ लकड़ी-4
14.छोटा भाई-3
16.निरंकुश,आवारा-4
17.ठाठ-बाट-2
18.आफत,मुसीबत-2
19.शैतानी,बदमाशी-4
21.सहायता-3
22.इच्छा,लालसा-4
24.कवि,गजलकार-3
25.जरा,थोड़ा-2
27.मुलायम,नाजुक-3
28.गुफा,खोह-2
29.प्रियतम,सनम-3
30.मन मोहने वाला-5

**ऊपर से नीचे**

1.सार्वजनिक मार्ग, आम रास्ता-5
2.उत्साह.शक्ति-2
3.बिना बाल वारा,गंजा-4
4.पंक्ति,लाइन-3
5.लड़की,पुत्री,बेटी-2
7.वहम,संदेह-2
9.जुड़वा-3
12.प्रतिज्ञा,कसम-3
13.गंगा का पानी-4
15.तीखा,तीक्ष्ण-3
16.आतुर,धैर्यहीन-4
17.संभवतः-3
18.मर्कट,कपि-3
20.गोविंदा,खुशबू की फिल्म-5
21.पानी रखने का चमड़े का पात्र-3
22.मनोकामना -4
23.साजन,प्रेमी-3
24.संध्या,सांझ-2
26.आनंद-2
28.महीना,मास-2

### शब्द पहेली - 1964 का हल



## बीबीएमबी चेयरमैन को बब्बर खालसा की धमकी, पत्नी की भाजपा में ज्वाइनिंग टली

एजेंसी
**चंडीगढ़।** भाखड़ा ब्यास मैनेजमेंट बोर्ड के चेयरमैन की पत्नी के भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने से कुछ पल पहले ही उन्हें पंजाब के प्रतिबंधित आतंकी संगठन बब्बर खालसा की तरफ से धमकी दी गई। इसके बाद उनकी भाजपा में जॉइनिंग टल गई। हरियाणा पुलिस ने पंचकूला में उनके आवास की सुरक्षा बढ़ा दी है। बीबीएमबी अध्यक्ष मनोज त्रिपाठी की पत्नी दीप्ति त्रिपाठी शाम पंचकूला में भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने वाली थी। दीप्ति त्रिपाठी भाजपा कार्यालय के लिए घर से निकलने ही वाली थी कि उनके पति मनोज त्रिपाठी के फोन पर आतंकी संगठन बब्बर खालसा की तरफ से धमकी दी गई। धमकी देने वाले आतंकी हरविंदर रिंदा का नाम भी लिया। इस बीच कुछ लोगों ने देर शाम चंडीगढ़ में बीबीएमबी के दफ्तर का भी घेराव किया। प्रदर्शनकारी अध्यक्ष की पत्नी के भाजपा में शामिल होने का विरोध कर रहे थे। बताया जाता है कि पंचकूला में होने वाले कार्यक्रम में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी को भी भाग लेना था। इस हंगामे के चलते दीप्ति त्रिपाठी की भाजपा में जॉइनिंग को स्थगित कर दिया गया। हरियाणा पुलिस ने उनके आवास की सुरक्षा बढ़ा दी है।

## शताब्दी समारोह भारतीय चेतना के नवजागरण का उत्सव : शिवप्रताप शुक्ला

**हरिद्वार।** हरिद्वार में गायत्री परिवार के शताब्दी समारोह के सायंकालीन सत्र में हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिवप्रताप शुक्ला ने कहा कि पूज्य गुरुदेव पं. श्रीराम शर्मा आचार्य का जीवन और कृतित्व भारतीय संस्कृति की आत्मा को जाग्रत करने वाला है। गुरुदेव ने व्यक्ति निर्माण को ही राष्ट्र निर्माण का आधार माना और यही दृष्टि आज के वैश्विक परिदृश्य में और भी अधिक प्रासंगिक हो गई है। शताब्दी समारोह केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि भारतीय चेतना के नवजागरण का उत्सव है। भारत सरकार के जनजातीय कार्य राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दुर्गा प्रसाद उइके ने कहा कि मनुष्य जीवन में संतत्व की यात्रा किसी बाह्य प्रदर्शन से नहीं, बल्कि अंतःकरण में उठने वाली वेदना और संवेदना के जागरण से प्रारंभ होती है। उन्होंने कहा कि युगऋषि आचार्य श्रीराम शर्मा द्वारा प्रतिपादित पंचतत्व-उपासना, साधना, स्वाध्याय, संयम और सेवा केवल सिद्धांत नहीं, बल्कि जीवन को गढ़ने वाले सुदृढ़ आधार स्तंभ हैं। जब इन्हें व्यवहार में उतारा जाता है, तभी व्यक्तित्व का समग्र, संतुलित और दिव्य विकास संभव हो पाता है। इससे पूर्व शताब्दी समारोह के दलनायक डॉ. चिन्मय पण्ड्या ने कहा कि विश्व का भविष्य भारतीय संस्कृति में निहित है और भारतीय संस्कृति का भविष्य गायत्री परिवार के जीवन सूत्रों पर आधारित है। उन्होंने कहा कि गायत्री परिवार का विस्तार किसी संगठनात्मक रणनीति का परिणाम नहीं बल्कि विचारों की शक्ति और साधना की तपश्चर्या का प्रतिफल है। कभी आंवलखेड़ा से आरंभ हुई यह युगचेतना आज विश्व के अस्सी से अधिक देशों में मानवता को प्रकाश प्रदान कर रही है। इस दौरान दिव्य प्रेम सेवा मिशन के आशीष गौतम सहित अनेक गणमान्यों ने अपने विचार व्यक्त किए।

## भोपाल के ग्लोबल स्किल पार्क का साउथ कोरिया के प्रतिनिधिमंडल ने किया भ्रमण

**भोपाल।** साउथ कोरिया के प्रतिनिधिमंडल, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों और शासकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों ने मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल्स पार्क का भ्रमण किया। दल ने कौशल विकास, उद्योग से जुड़े प्रशिक्षण कार्यक्रम को करीब से देखा और समझा। भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद और कोरिया इंटरनेशनल कोऑपरेशन एजेंसी, साउथ कोरिया के बीच हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन के अंतर्गत प्रस्तावित वोकेशनल मेकाट्रॉनिक्स प्रयोगशाला की स्थापना के परिप्रेक्ष्य में साउथ कोरिया गणराज्य का एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ग्लोबल स्किल पार्क पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल में चो जियोंग यून, लिम चंक्योंग, कांग सुंग बॉन, पार्क चुल सु, किम यंग सैंग, किम मिंक यू, किम सुंगयोंग तथा किम मिनसू शामिल रहे। प्रतिनिधियों ने पार्क में स्थापित हाई-टेक प्रशिक्षण प्रयोगशालाओं, आधुनिक मशीनरी, इंडस्ट्री-ग्रेड प्रशिक्षण सुविधाओं और उद्योग की जरूरतों के अनुरूप तैयार किए गए पाठ्यक्रमों का अवलोकन किया।

## हिन्दू अहिंसक,लेकिन कोई छेड़ेगा तो हम छोड़ेंगे भी नहीं : आलोक कुमार

**प्रयागराज।** विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार ने माघ मेला में लगे शिविर में आयोजित संत-सम्मेलन में कहा कि मंदिरों के अधिग्रहण का विषय बहुत बड़ा विषय है। मंदिरों का धन हिंदू समाज के उपयोग में खर्च हो। गौशाला एवं गुरुकुल हिंदू समाज की गतिविधियों का केंद्र बने। उन्होंने कहाकि भारत में अल्पसंख्यक अपने संस्थान को अपनी मर्जी से संचालित कर सकते हैं तो हिन्दू समाज अपने मंदिर एवं गुरुकुलों को क्यों नहीं? आलोक कुमार ने केन्द्र सरकार से बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार पर रोक लगाने की मांग की। कहाकि हिंदू अहिंसक है,लेकिन अगर कोई चढ़ेगा तो हिन्दू समाज का गौरवशाली इतिहास बताता है कि हम किसी को छोड़ेंगे भी नहीं। उन्होंने संत सम्मेलन में कहा कि हिंदू समाज के मान,सम्मान-स्वाभिमान, धर्म,संस्कृति से खिलवाड़ किया गया तो अब हम चुप नहीं बैठने वाले हैं, हम उसका प्रतिकार अवश्य करेंगे। उन्होंने कहा कि धर्मांतरण की गतिविधियों पर पूर्ण रूप से रोक लगनी चाहिए। विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय अध्यक्ष ने यह भी कहा कि हम सामाजिक समरसता के विषय पर हमारा मत एक है,हम हिंदू समाज की एकजुटता के लिए कार्य करते हैं और उसके लिए हम दृढ़ रहेंगे।

# मुरिगंगा नदी में डूबा बांग्लादेशी मालवाहक जहाज, सभी 12 नाविक सुरक्षित

एजेंसी
**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में दक्षिण 24 परगना जिला स्थित मुरिगंगा नदी में एक बांग्लादेशी मालवाहक जहाज के डूबने की घटना से तटीय इलाकों में बुधवार रात हड़कंप मच गया। यह हादसा बुधवार शाम कचुबेरिया के पास मुरिगंगा नदी के बीचों बीच हुआ। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, जहाज कोलकाता बंदरगाह से माल लेकर बांग्लादेश की ओर जा रहा था। दुर्घटनाग्रस्त जहाज का नाम एमवी तामजीद एंड नासिर बताया गया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि जहाज के इंजन में अचानक तकनीकी खराबी आ गई, जिसके कारण जहाज नियंत्रण खो बैठा और नदी की तेज धारा की चपेट में आ गया। कुछ ही समय में जहाज के निचले हिस्से में दरार पड़ गई और उसमें पानी भरने लगा। स्थिति बिगड़ती देख जहाज पर सवार नाविकों ने तुरंत मदद की गुहार लगाई। सूचना मिलते ही सागर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और त्वरित बचाव अभियान शुरू किया गया। जहाज पर मौजूद सभी 12 बांग्लादेशी नाविकों और कर्मचारियों को सुरक्षित बचा लिया गया। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। सभी



बचाए गए नाविकों को प्राथमिक उपचार भी दिया गया। बता दें कि, मुरी गंगा नदी पश्चिम बंगाल राज्य के दक्षिण 24 परगना जिले में हुगली नदी की एक वितरिका है, जिसे बरतला नदी या चैनल क्रीक भी कहा जाता है। बंगाल की खाड़ी में मिलने से पहले, हुगली नदी दो भागों में बंट जाती है, जिनमें से एक धारा सागर द्वीप के पूर्व से होकर गुजरती है। इस धारा को बरतला नदी या चैनल क्रीक कहा जाता है, जिसे स्थानीय रूप से मुरी गंगा के नाम से जाना जाता है। फिलहाल, यह जांच की जा रही है कि डूबा हुआ जहाज किस प्रकार का माल लेकर जा रहा था। साथ ही इस बात की भी पड़ताल की जा रही है कि नदी में किसी तरह का तेल या हानिकारक रसायन तो नहीं फैला है। एहतियातन पर्यावरण विभाग को सूचित कर दिया गया है और नदी के पानी की जांच की तैयारी की जा रही है।

## स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद का व्यवहार संत जैसा नहीं: अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद

एजेंसी
**प्रयागराज (उत्तर प्रदेश)।** स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद महाराज और प्रशासन के बीच छिड़े टकराव पर अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद ने चुप्पी तोड़ी है। अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रवींद्र पुरी महाराज ने कहा कि स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद का व्यवहार संत जैसा नहीं है। उन्होंने बुधवार रात मीडिया से बातचीत में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रधानमंत्री के खिलाफ आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग करने के लिए अविमुक्तेश्वरानंद की आलोचना भी की। उन्होंने कहा कि कुंभ और महाकुंभ में शाही स्नान अखाड़ों का होता है। माघ मेले में ऐसी कोई परम्परा नहीं है। उन्होंने कहा कि जो सनातन विरोधी के लिए काम करेगा, उसके साथ संत समाज नहीं खड़ा होगा। पुरी ने कहा कि अविमुक्तेश्वरानंद हिन्दुओं को बांट रहे हैं। योगी आदित्यनाथ गोरखपीठ के पीठाधीश्वर ही नहीं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री हैं। उन्हें खुलेआम गाली दे रहे हैं। प्रधानमंत्री को गाली दे रहे हैं। ऐसा व्यवहार करने वाला कभी संत नहीं हो सकता। अविमुक्तेश्वरानंद ने आगामी पंचायत चुनाव के मद्देनजर माघ मेले को राजनीतिक अखाड़ा बना दिया है। उन्होंने कहा कि आपने योगी को हुमायूं का बेटा कहकर निंदनीय अपराध किया है। आपके खिलाफ विधिक कार्रवाई होनी चाहिए।



## शाह और नितिन नवीन का प्रस्तावित बंगाल दौरा : विस चुनाव से पहले संगठन मजबूत करने पर फोकस

एजेंसी
**कोलकाता।** भारतीय जनता पार्टी के नव-निर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का इस महीने पश्चिम बंगाल का क्रमिक दौरा पूरी तरह से पार्टी की आंतरिक संगठनात्मक बैठकों पर केंद्रित रहेगा। दोनों नेताओं के दौरों के दौरान राज्य में इस वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर रणनीति और मुद्दों पर मंथन किया जाएगा।

पश्चिम बंगाल भाजपा की राज्य समिति के एक सदस्य के अनुसार, 'इस महीने दोनों नेताओं के दौरे में कोई भी सार्वजनिक रैली या रोड शो नहीं होगा। खासकर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पूरी तरह बंद कमरे में होने वाली संगठनात्मक बैठकों पर ध्यान देंगे। इन बैठकों में चुनावी रणनीति और राज्य से जुड़े अहम मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। ' जानकारी के मुताबिक, नितिन नवीन 27 जनवरी को दो दिवसीय दौरे पर कोलकाता पहुंचेंगे। पहले दिन वह राज्य भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के साथ बंद कमरे में बैठक करेंगे। अगले दिन उनका कार्यक्रम पूर्व बर्दवान जिले के बर्दवान में प्रस्तावित है, हालांकि वहां विधानसभा चुनाव की तारीखें फरवरी के अंत या मार्च की शुरुआत में घोषित होने की संभावना है। इससे



के विस्तृत कार्यक्रम की घोषणा अभी नहीं की गई है। उसी शाम नवीन दिल्ली लौट जाएंगे। वहीं, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 30 जनवरी को एक दिवसीय दौरे पर पश्चिम बंगाल आएंगे। नितिन की तरह उनका भी पूरा कार्यक्रम संगठनात्मक बैठकों तक सीमित रहेगा और वह किसी भी सार्वजनिक सभा, रैली या रोड शो में शामिल नहीं होंगे। राज्य समिति के सदस्य ने बताया कि पश्चिम बंगाल पहले पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय गृहमंत्री दोनों ही आंतरिक बैठकों के माध्यम से चुनावी रणनीति को अंतिम रूप देने पर जोर दे रहे हैं। उल्लेखनीय है कि अमित शाह ने पिछले महीने भी पश्चिम बंगाल का दौरा किया था, उस दौरान भी उन्होंने सार्वजनिक कार्यक्रमों से दूरी बनाए रखी थी और उनका एकमात्र सार्वजनिक कार्यक्रम प्रेस वार्ता तक सीमित रहा था।

## एआई आधारित नवाचारों से किसान और समाज के विभिन्न वर्ग होंगे सशक्त: मुख्यमंत्री

एजेंसी
**दावोस/भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के प्रभावी उपयोग से किसानों सहित समाज के विभिन्न वर्गों तक योजनाओं और सेवाओं का लाभ अधिक दक्षता और पारदर्शिता के साथ पहुँचाया जाएगा। राज्य सरकार की मंशा है कि एआई को विभिन्न शासकीय डाटाबेस से जोड़कर सेवा वितरण प्रणाली को और अधिक सशक्त बनाया जाए, जिससे अधिक से अधिक पात्र लाभार्थी समयबद्ध रूप से योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह बात दावोस में आयोजित वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम 2026 में एनवीडिया (NVIDIA) की ग्लोबल एआई इनिशिएटिव्स की उपाध्यक्ष कैलिस्टा रेडमंड के साथ हुई बैठक में कही। मध्य प्रदेश में एआई और उन्नत प्रौद्योगिकी आधारित पहलों के विस्तार, नवाचार को प्रोत्साहन देने और संभावित सहयोग के विभिन्न आयामों पर विस्तृत और सार्थक विचार-विमर्श किया गया। बैठक में बताया गया कि मध्य प्रदेश ने भूमि, श्रम और लॉजिस्टिक्स जैसे अपने मजबूत पक्षों का रणनीतिक और प्रभावी उपयोग करते हुए विभिन्न क्षेत्रों में तकनीक आधारित विकास को गति दी है। शिक्षा के क्षेत्र में डिजिटल प्लेटफॉर्म और नवाचारों के माध्यम से सीखने की प्रक्रिया को अधिक सुलभ और प्रभावी बनाया गया है, वहीं कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीकों के उपयोग से किसानों को बेहतर जानकारी, सेवाएँ और निर्णय-सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। डिजिटल समाधान, डेटा-आधारित निर्णय प्रणाली तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी उभरती तकनीकों को अपनाकर शासन व्यवस्था और सेवा वितरण को अधिक पारदर्शी, त्वरित और प्रभावी बनाया जा रहा है। इन प्रयासों का उद्देश्य नागरिकों तक योजनाओं और सेवाओं की समयबद्ध एवं लक्षित पहुँच सुनिश्चित करना है, जिससे तकनीक के माध्यम से समावेशी और सतत विकास को साकार किया जा सके। कैलिस्टा रेडमंड ने कहा कि NVIDIA संप्रभु (सॉवरेन) एआई के विकास के लिए पाँच प्रमुख रणनीतियों पर कार्य कर रही है, जिनका उद्देश्य एआई को देशों की आवश्यकताओं और प्राथमिकताओं के अनुरूप बनाना है। उन्होंने बताया कि एआई के माध्यम से कुशल मानव संसाधन को उपयुक्त उद्योगों और अवसरों से प्रभावी रूप से जोड़ा जा सकता है, जिससे न केवल रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे, बल्कि नवाचार को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने भारत के विभिन्न राज्यों में संचालित एआई पायलट प्रोजेक्ट्स का उल्लेख करते हुए कहा कि NVIDIA की मंशा है कि एआई समाधान भारत की विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुरूप विकसित हों तथा वे भारतीय मॉडल और डेटा से जुड़े हों, ताकि तकनीक अधिक प्रासंगिक, उपयोगी और प्रभावी सिद्ध हो सके।

# गणतंत्र दिवस सहित आगामी त्योहारों के मद्देनजर पुलिस आयुक्त ने मातहतों को दिया कड़ा निर्देश

एजेंसी
**प्रयागराज।** माघ मेला, आगामी बसंत पंचमी, अचला सप्तमी एवं गणतंत्र दिवस को सकुशल संपन्न कराने के लिए रिजर्व पुलिस लाइन, माघ मेला स्थित तीर्थराज सभागार में पुलिस आयुक्त प्रयागराज जोगेन्दर कुमार ने अपने मातहतों को कड़ा निर्देश देते हुए कहा कि कहीं कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए। श्रद्धालुओं के साथ अच्छा व्यवहार करते हुए स्नान कराना है। उन्होंने कहा कि आगामी बसंत पंचमी 23 जनवरी 2026, अचला सप्तमी 25 जनवरी 2026 एवं गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2026 के पर्वों को सकुशल, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित रूप से सम्पन्न कराए। मेलें में लगाई जाने वाली ड्यूटियों के सम्बन्ध में पुलिस बल एवं फील्ड अधिकारियों को निर्देश दिया। माघ मेला पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार पाण्डेय ने कहा कि मौनी अमावस्या स्नान पर्व को सकुशल सम्पन्न कराए जाने सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को




सराहना सहित बधाई दी। उन्होंने निर्देशित किया कि आगामी पर्वों पर भी मौनी अमावस्या की भाँति पूर्ण अनुशासन, समन्वय एवं तत्परता के साथ ड्यूटी की जाए। उन्होंने यह भी अवगत कराया कि दिनांक 23 जनवरी से 26 जनवरी तक लगातार भीड़ दबाव बने रहने की सम्भावना है। अतः सभी घाटों एवं मार्गों पर भीड़ प्रबंधन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। बसंत पंचमी के अवसर पर प्रयागराज के स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति अपेक्षाकृत अधिक रहने तथा सप्ताहांत के कारण यातायात दबाव बढ़ने की सम्भावना को ध्यान में रखकर व्यवस्थाओं को और अधिक मजबूत करने की आवश्यकता है।

अपर पुलिस आयुक्त डॉ. अजय पाल शर्मा ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ब्रीफ करते हुए कहा गया कि मौनी अमावस्या पर सभी इकाइयों द्वारा जिस समर्पण एवं कार्यकुशलता के साथ ड्यूटी सम्पन्न की गई, वही मानक आगामी पर्वों पर भी बनाए रखना होगा। उन्होंने कहा कि मौनी ड्यूटी के दौरान प्राप्त अनुभवों के आधार पर यदि किसी स्तर पर कोई कमी चिन्हित हुई हो तो उसकी तत्काल पूर्ति सुनिश्चित की जाए। घाटो मार्ग पर प्रभावी बैरियर व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा घाटों से निकासी की दर में वृद्धि की जाय। श्रद्धालुओं को घाटों पर सोने एवं बैठकर रुकने अथवा झुण्ड बनाकर मार्ग अवरुद्ध करने से रोका जाए।

## अमित शाह की स्वामी अवधेशानंद गिरी से भेंट, विभिन्न विषयों पर हुई चर्चा



एजेंसी
**हरिद्वार।** पंचदशनाम जूना अखाड़ा की आचार्यपीठ श्री हरिहर आश्रम, कनखल में केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने जूनापीठाधीश्वर, आचार्य महामण्डलेश्वर स्वामी अवधेशानन्द गिरि महाराज से भेंट की। इस अवसर पर आध्यात्मिक तथा लोक-कल्याणकारी विषयों पर चर्चा हुई। इस वार्ता में राष्ट्र एवं समाज के जीवन में आध्यात्मिक मूल्यों की पुनर्स्थापना, राष्ट्र-जागरण, सांस्कृतिक चेतना के सुदृढ़ीकरण तथा लोक-कल्याण और सामाजिक समरसता से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर गहन विमर्श हुआ। यह परिचर्चा अध्यात्म की अंतःप्रेरणा और राष्ट्र-कर्तव्य के समन्वय का एक उज्ज्वल उदाहरण बनी जो समकालीन समाज को दिशा, विवेक और संकल्प प्रदान करती है। इस अवसर पर उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, गढ़वाल लोकसभा क्षेत्र के सांसद अनिल बलूनी तथा उत्तराखण्ड के उच्च शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत की भी उपस्थिति रही।

## ग्वालियर में पुस्तक विमोचन कार्यक्रम में जगतगुरु रामभद्राचार्य ने दिग्विजय सिंह को बताया धोखेबाज

एजेंसी
**ग्वालियर।** जगतगुरु रामभद्राचार्य महाराज ग्वालियर में आयोजित योध पुस्तक विमोचन एवं लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के दिवंगत पिता स्वर्गीय हाकिम सिंह तोमर द्वारा रचित पुस्तक का विधिवत विमोचन किया। कार्यक्रम के दौरान मंच से दिए गए उनके वक्तव्य ने राजनीतिक और धार्मिक हलकों में खासा ध्यान खींचा।

जगतगुरु रामभद्राचार्य महाराज ने मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को 'धोखेबाज' बताते हुए कहा कि वे दिव्यांगजनों के लिए चित्रकूट, मध्यप्रदेश में एक विश्वविद्यालय स्थापित करना चाहते थे। उनका उद्देश्य उन दिव्यांग लोगों को शिक्षा देना था, जिन्हें समाज अक्सर असफल मान लेता है, लेकिन तत्कालीन मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने उन्हें न तो विश्वविद्यालय की अनुमति दी और न ही जमीन उपलब्ध कराई। उन्होंने कहा कि इस धोखे के बाद उन्हें उत्तर प्रदेश में विश्वविद्यालय स्थापित करना पड़ा, जहां आज बड़ी संख्या में दिव्यांग छात्र शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। जगतगुरु रामभद्राचार्य महाराज ने अपने भाषण में राम मंदिर आंदोलन से जुड़े प्रसंगों पर भी अपनी




बात रखी। उन्होंने कहा कि उन्होंने अपने जीवन में कभी भी सिद्धांतों से समझौता नहीं किया। राम जन्मभूमि आंदोलन के समय का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि उस दौर में तथाकथित शंकराचार्यों ने न्यायालय जाने से मना कर दिया था। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जब राम के कार्य के लिए हनुमान बंधन में आ सकते हैं, तो वे स्वयं राम के कार्य के लिए न्यायालय के कटघरे में खड़े क्यों नहीं हो सकते। उन्होंने कहा कि आज राम मंदिर निर्माण का परिणाम पूरे देश के सामने है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत के संकल्प पर बोलते हुए जगतगुरु रामभद्राचार्य ने समाज को आत्ममंथन की सलाह दी। उन्होंने कहा कि आज भी देश में लगभग 93 प्रतिशत लोग अपने कार्य को पूरी निष्ठा से नहीं करते। यदि प्रत्येक नागरिक ईमानदारी और समर्पण के साथ अपना कार्य करने लगे, तो प्रधानमंत्री मोदी का 2047 का विकसित भारत का सपना 2037 में ही साकार हो सकता है।

## आरएसएस सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने चिरांद के पुरातात्विक एवं धार्मिक स्थलों का किया भ्रमण

एजेंसी
**पटना।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले बिहार के सारण जिले में स्थित चिरांद के एक दिवसीय प्रवास पर पहुंचे। अपने दौरे के दौरान उन्होंने गंगा, सरयू और सोन नदी के त्रिवेणी संगम तट पर स्थित ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक महत्व वाले चिरांद स्थल का भ्रमण किया और यहां स्थित विभिन्न प्राचीन मठों एवं मंदिरों का अवलोकन किया। सरकार्यवाह होसबाले ने चिरांद के पुरातात्विक स्थल का निरीक्षण करते हुए इसके ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और शोध संबंधी महत्व की विस्तार से जानकारी ली। इसके उपरांत वे गंगा तट पर स्थित प्राचीन अयोध्या मंदिर पहुंचे, जहां लक्ष्मण किलाधीश आचार्य मैथिली रमन शरण जी महाराज ने उनका पारंपरिक रूप से स्वागत किया। मंदिर परिसर में उपस्थित रामायण विशेषज्ञों ने उन्हें चिरांद की सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और ऐतिहासिक विरासत से अवगत कराया।

# दावोस में योग और सांस्कृतिक संवाद पर मप्र व यूनाईटेड कॉन्सियसनेस ग्लोबल के बीच हुई चर्चा

एजेंसी
**दावोस/भोपाल।** स्विट्जरलैंड के दावोस में चल रहे वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम-2026 में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने यूनाईटेड कॉन्सियसनेस ग्लोबल के प्रतिनिधिमंडल से भेंट की। बैठक में योग के वैश्विक प्रसार, आश्रमों और योग केंद्रों की स्थापना से जुड़े प्रयासों पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यूनाईटेड कॉन्सियसनेस ग्लोबल द्वारा योग को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर, विशेष रूप से जर्मनी में, लोकप्रिय बनाने के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि योग भारत की प्राचीन परंपरा होने के साथ-साथ आज वैश्विक स्वास्थ्य और चेतना से जुड़ा एक साझा मंच बन चुका है। यूनाईटेड कॉन्सियसनेस ग्लोबल के प्रतिनिधियों ने उज्जैन में वर्ष 2027 में यूनाईटेड कॉन्सियसनेस ग्लोबल आयोजित करने की योजना की जानकारी दी। यह सम्मेलन कालिदास अकादमी में प्रस्तावित है। इसमें विभिन्न देशों से योग, ध्यान और चेतना से जुड़े विशेषज्ञों के शामिल होने की संभावना है। संगठन ने उज्जैन में स्थायी योग केंद्र स्थापित करने की मंशा भी व्यक्त की। मुख्यमंत्री डॉ.




यादव ने इस पहल के साथ भविष्य में सहयोग की संभावनाओं पर सकारात्मक रुख अपनाते हुए कहा कि राज्य योग, आध्यात्मिक पर्यटन और सांस्कृतिक संवाद को बढ़ावा देने वाले प्रयासों का समर्थन करने पर विचार करेगा। मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दावोस में सैंडोज के स्मॉल मॉलिक्यूल्स एवं एंटी-इन्फेक्टिव्स ऑपरेशन्स के ग्लोबल हेड कार्लो गार्गियुलो के नेतृत्व में आए प्रतिनिधिमंडल से भेंट की। मुख्यमंत्री ने फार्मा क्षेत्र में निवेश एवं विस्तार के लिए मध्य प्रदेश की अनुकूल नीतियों, औद्योगिक अवसंरचना तथा नीतिगत समर्थन की जानकारी देते हुए सैंडोज को राज्य में निवेश के लिये आमंत्रित किया। सैंडोज प्रतिनिधिमंडल ने इस आमंत्रण का स्वागत करते हुए मध्य प्रदेश के साथ आगे सहभागिता को लेकर सकारात्मक रुख दिखाया। बैठक में दवाओं के विनिर्माण, विशेषकर जेनेरिक्स एवं एंटी-इन्फेक्टिव मेडिसिन के क्षेत्र में सैंडोज की वैश्विक विशेषज्ञता और मध्य प्रदेश के फार्मा विनिर्माण को सुदृढ़ करने की रणनीति पर विस्तृत चर्चा हुई। साथ ही एपीआई, फॉर्मूलेशन एवं बल्क ड्रग से जुड़ी इकाइयों की स्थापना, राज्य की औद्योगिक अवसंरचना, अनुकूल नीतिगत समर्थन, परिचालन उत्कृष्टता, वैश्विक गुणवत्ता मानक, नियामक अनुपालन एवं कुशल कार्यबल विकास जैसे विषयों पर भी विचार-विमर्श किया गया। राज्य की औद्योगिक क्षमता और नीतिगत सहयोग को देखते हुए यहाँ निवेश की संभावनाओं पर चर्चा की गई।

बैठक में भविष्य में मध्य प्रदेश में फार्मा विनिर्माण, एपीआई एवं फॉर्मूलेशन इकाइयों की स्थापना की संभावनाओं पर विचार किया गया। इन प्रस्तावित परियोजनाओं से राज्य में फार्मा क्षेत्र को नई गति मिलने, निवेश बढ़ने तथा रोजगार के अवसर सृजित होने की संभावना व्यक्त की गई।

# छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में पुलिस कमिश्नरी प्रणाली 23 जनवरी 2026 से प्रभावशील

एजेंसी
**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन ने राजधानी रायपुर में पुलिस कमिश्नरी प्रणाली लागू करने संबंधी अधिसूचना बुधवार शाम जारी कर दी। गृह (पुलिस) विभाग द्वारा जारी इस अधिसूचना के अनुसार रायपुर नगर क्षेत्र को औपचारिक रूप से पुलिस कमिश्नरेट घोषित किया गया है। रायपुर के 21 थाने कमिश्नर और 12 थाने पुलिस अधीक्षक संभालेंगे। गृह विभाग ने इसे लेकर बुधवार शाम नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। यह व्यवस्था 23 जनवरी 2026 से प्रभावशील होगी। अधिसूचना के मुताबिक में रायपुर नगर निगम क्षेत्र की अनुमानित जनसंख्या लगभग 19 लाख है और बढ़ती आबादी, अपराध, ट्रैफिक दबाव एवं शहरी चुनौतियों को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। अधिसूचना के अनुसार रायपुर नगर पुलिस जिले के तहत आने वाले 21 थाना क्षेत्रों को कमिश्नरेट सीमा में शामिल किया गया है। इन सभी थाना क्षेत्रों की कानून-व्यवस्था अब सीधे पुलिस आयुक्त के अधीन होगी। पुलिस जिला रायपुर ग्रामीण के अधीन आने वाले 12 थानों में विधानसभा, धरसींवा, खरोरा, तिल्दा नेवरा, माना, मंदिर हसौद, आरंग, नवा रायपुर, राखी, अभनपुर, गोबरा नवापारा, उरला (नगर पालिक निगम बीरगांव के बाहर आने वाला क्षेत्र) शामिल हैं।

अधिसूचना में नई प्रशासनिक संरचना के तहत 37 वरिष्ठ पद सृजित किए गए हैं। कमिश्नरेट के लिए वरिष्ठ अधिकारियों के पद भी निर्धारित किए गए हैं। इनमें पुलिस आयुक्त - 1, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त- 1, पुलिस उपायुक्त - 5, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त के 9 तथा सहायक पुलिस आयुक्त के 21 पद शामिल हैं। इन अधिकारियों को अलग-अलग जोनों, अपराध शाखा, यातायात, मुख्यालय, साइबर सेल, इंटेलिजेंस, महिला अपराध, प्रोटोकॉल और कानून-व्यवस्था इकाइयों की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। अधिसूचना के अनुसार पुलिस आयुक्त को दंड प्रक्रिया संहिता के तहत कई मजिस्ट्रेटी अधिकार दिए गए हैं, जिनमें धारा 144 लागू करने का अधिकार, जुलूस, धरना और सार्वजनिक सभाओं की अनुमति या प्रतिबंध, निषेधाज्ञा और प्रतिबंधात्मक आदेश जारी करना तथा आपात स्थितियों में त्वरित निर्णय लेने जैसे प्रमुख अधिकार हैं। पहले ये अधिकार जिला कलेक्टर और कार्यपालिका मजिस्ट्रेट के पास होते थे।

# दूसरे टी20 में भी जीत का सिलसिला बनाये रखने उतरेगी टीम इंडिया

**रायपुर (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम शुक्रवार को यहां न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच टी20 मैचों की सीरीज के दूसरे मैच में भी जीत का सिलसिला बनाये रखने उतरेगी। पहले टी20 में मिली 48 रनों की जीत से भारतीय टीम इस सीरीज में पहले ही 1-0 से आगे है। अब उसका लक्ष्य अपनी बढ़त को 2-0 करना रहेगा। भारतीय टीम के बल्लेबाज और गेंदबाज दोने ही लय में हैं जिसका लाभ उसे मिलेगा। पहले ही मैच में अभिषेक शर्मा और रिंकू सिंह ने आक्रामक बल्लेबाजी कर टीम को अच्छे स्कोर तक पहुंचाया था। वहीं कप्तान सूर्यकुमार यादव ने भी 32 रनों की अपनी पारी से लय हासिल कर ली है। भारतीय गेंदबाजों ने भी पहले मैच में कीवी टीम को 200 रनों के अंदर समेट कर अपनी टीम को आसानी से जीत दिला दी।

यहां के मैदान पर अब तक हुए एक टी20 मैच में भारतीय टीम जीत थी। ये मैच साल 2023 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हुआ था। तब भी सूर्यकुमार यादव ही कप्तान थे। उस मुकाबले में रिंकू सिंह और अक्षर पटेल ने अच्छा प्रदर्शन किया था। वहीं अब रिंकू से इस मैच में भी अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। अक्षर को पहले टी20 में अंगुली में चोट लग गयी थी। ऐसे में उनका इस मैच में खेलना संदिग्ध नजर आता है। रिंकू ने पहले टी20 में 20 गेंदों में नाबाद 44 रन की आक्रामक पारी खेली थी। दूसरे टी20 में भारतीय टीम की नजरें शीर्ष क्रम में संजू सैमसन और ईशान किशन के प्रदर्शन पर भी रहेंगी। पहले टी20 में ये दोनो ही विफल रहे थे। सैमसन हाल में अंतिम एकादश से अंदर बाहर होते रहे हैं पर अब अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप को देखते हुए उन्हें अवसर मिलना तय है।

सैमसन भी अवसर मिलने पर बड़ा स्कोर बनाना चाहेंगे। इसके अलावा ईशान भी इस मैच में बड़ी पारी खेनना चाहेंगी।




कप्तान सूर्यकुमार भी इस मैच में बड़ी पारी खेलकर अपना मनोबल बढ़ाना चाहेंगे। पहले टी20 में उन्होंने 22 गेंदों में 32 रन बनाये थे। वहीं दूसरी ओर मेहमान टीम न्यूजीलैंड इस मैच में जीत दर्ज कर सीरीज में वापसी करना चाहेगी। उसके बल्लेबाज और गेंदबाज इस मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहेंगे। कीवी टीम की बल्लेबाजी डेवोन कॉनवे, ग्लेन फिलिप्स, माइकल ब्रैसवेल, रचिन रविंद्र और डैरिल मिचेल पर निर्भर करेगी जबकि गेंदबाजी जैकब डफी, मिशेल सैंटनर, काइल जैमीसन पर आधारित रहेगी।

### टीम इस प्रकार है

**भारत:** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), इशान किशन, श्रेयस अय्यर, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती, रिंकू सिंह, अर्शदीप सिंह, रवि बिश्नोई, हर्षित राणा.

**न्यूजीलैंड:** मिचेल सैंटनर (कप्तान), डेवोन कॉनवे, बेवन जैकब्स, डैरिल मिचेल, ग्लेन फिलिप्स, टिम रॉबिन्सन, जिमी नीशम, ईश सोढ़ी, जैक फाउल्स, मार्क चैपमैन, माइकल ब्रैसवेल, रचिन रविंद्र, काइल जैमीसन, मैट हेनरी, जैकब डफी.

# सिंधू और लक्ष्य इंडोनेशिया मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे



**जकार्ता (एजेंसी)।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू और लक्ष्य सेन ने गुरुवार को यहां सीधे गेम में जीत हासिल करके इंडोनेशिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। लक्ष्य ने हांगकांग के जेसन गुनावन को आधे घंटे से कुछ अधिक समय तक चले मुकाबले में 21-10 21-11 से हराया।

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू ने अपने प्री-क्वार्टर फाइनल मैच में डेनमार्क की अपनी जानी-पहचानी प्रतिद्वंदी लाइन होजमार्क कजेरफेल्ड पर 21-19 21-18 से जीत दर्ज की। यह मैच 43 मिनट तक चला। डेनमार्क की खिलाड़ी के खिलाफ अब तक हुए छह मुकाबलों में सिंधू की यह पांचवीं जीत थी।

सिंधू का अगला मुकाबला टूर्नामेंट में शीर्ष वरीयता प्राप्त और विश्व की नंबर चार खिलाड़ी चीन की चेन यू फेई से होगा। सिंधू और फेई अब तक 13 बार एक-दूसरे का सामना कर चुकी हैं। कुल रिकॉर्ड में फेई का पलड़ा 7-6 से थोड़ा भारी है। भारतीय खिलाड़ी ने आखिरी बार 2019 में फेई को हराया था और वह इस रिकॉर्ड को बेहतर करने के लिए उत्सुक होंगी।

# टी20 विश्व कप से बॉयकॉट के बाद बंगलादेश के खेल सलाहकार आसिफ नजरुल का बयान आया सामने



**ढाका (एजेंसी)।** बंगलादेश ने टी20 विश्व कप 2026 का बॉयकॉट करते हुए साफ तौर पर कहा है कि वह भारत में अपने टी20 विश्व कप मैच नहीं खेलेंगे। बंगलादेश ने यह भी कहा है कि वह टी20 विश्व कप खेलना चाहता है और उसके मैच श्रीलंका में कराए हैं। इसी बीच बंगलादेश सरकार के खेल सलाहकार आसिफ नजरुल ने गुरुवार को कहा कि आईसीसी ने उन्हें भारत और श्रीलंका में होने वाले आगामी टी 20 विश्व कप में हिस्सा लेने के संबंध में उचित न्याय नहीं दिया।

कल, आईसीसी ने बंगलादेश की भारत से श्रीलंका में वेन्यू बदलने की अपील को खारिज कर दिया और इसके बजाय बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड को उनकी भागीदारी पर फैसला लेने के लिए 24 घंटे का समय दिया। आईसीसी ने स्कॉटलैंड को भी स्टैंडबाय पर रखा है, अगर बंगलादेश आखिरकार टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के लिए भारत जाने को तैयार नहीं होता है। नजरुल, जिन्होंने राष्ट्रीय क्रिकेटरों के साथ बैठक की थी, ने पत्रकारों से कहा कि वे अपना रुख बदलने को तैयार नहीं हैं। आसिफ ने कहा, 'मुझे लगता है कि हमें आईसीसी से न्याय नहीं मिला। हम वर्ल्ड कप खेलेंगे या नहीं, यह पूरी तरह से सरकार का फैसला है।' उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि हाल के दिनों में भारत में ऐसा कुछ नहीं हुआ है जिससे यह लगे कि वहां (सुरक्षा के लिहाज से) चीजें बदल गई हैं। हमें उम्मीद है कि आईसीसी हमें न्याय देगा।'

# बांग्लादेश ने टी20 विश्वकप क्रिकेट का बहिष्कार किया

## सुरक्षा से समझौता नहीं कर सकते : बीसीबी

**ढ़ाका (एजेंसी)।** बांग्लादेश सरकार ने टी20 विश्व कप क्रिकेट टूर्नामेंट का बहिष्कार करने की घोषणा की है। बांग्लादेश सरकार के फैसले के बाद बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) टी20 विश्व कप से हट गयी है। है। बांग्लादेश ने ये फैसला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के मैच स्थल भारत से बाहर रखे जाने की उसकी मांग खरिज करने के बाद लिया है। बीसीबी ने कहा है कि वर्तमान हालातों में वह अपनी टीम को सुरक्षा कारणों से भारत नहीं भेज सकता। बोर्ड के अनुसार खिलाड़ियों और अंतरिम सरकार के खेल सलाहकार के बीच हुई अहम बैठक के बाद विश्वकप से हटने का फैसला किया गया है। इससे पहले आईसीसी ने कहा था कि या तो बांग्लादेश खेलने के लिए तैयार हो या बाहर जाये।



इसके बाद एक बैठक में बीसीबी के वरिष्ठ अधिकारियों, राष्ट्रीय टीम के खिलाड़ियों और अंतरिम सरकार के खेल सलाहकारों की बैठक हुई। इसमें आइससीसी के फैसले पर बात हुई। इसके बाद बीसीबी की ओर से कहा गया कि बांग्लादेश भारत में नहीं खेलने के अपने रुख पर बना हुआ है। साथ ही कहा कि मौजूदा हालातों में टीम भारत नहीं जाएगी, चाहे विश्कप से बाहर ही होना पड़े। बैठक के बाद खेल सलाहकार आसिफ नज़रुल ने कहा कि आईसीसी ने बांग्लादेश के साथ न्याय नहीं किया है। उन्होंने कहा कि यह मामला सिर्फ क्रिकेट कार्यक्रम या टूर्नामेंट प्रतिबद्धताओं तक सीमित नहीं है। साथ ही कहा कि , खिलाड़ियों की सुरक्षा सबसे ऊपर अै। इससे किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जा सकता। नज़रुल ने यह भी साफ किया कि बांग्लादेश दबाव में झुकने वाला नहीं है।

वहीं इससे पहले गत दिवस आईसीसी ने बीसीबी की आयोजन स्थल बदलने की मांग ठुकरा दी है। साथ ही कहा था कि टी20 विश्वकप का कार्यक्रम तय हो गया है और इसमें अंतिम समय पर बदलाव नहीं किया जा सकता है। वहीं बीसीबी ने कहा कि उसकी सुरक्षा से जुड़ी चिंताओं पर आईसीसी ने ध्यान नहीं दिया। । इसी वजह से बोर्ड ने अपना रुख बदलने से इनकार कर दिया है। बीसीबी ने कहा था कि उसके मैच श्रीलंका में रख दिये जायें।

बीसीबी अधिकारियों का कहना है कि यह मांग किसी राजनीतिक एजेंडे से प्रेरित नहीं है, बल्कि खिलाड़ियों की सुरक्षा और मानसिक शांति को ध्यान में रखकर की गई है। वहीं आईसीसी इससे सहमत नहीं दिखी।

बीसीबी ने कहा कि टीम के कई सदस्यों ने भारत जाने को लेकर असहजता जताई है। बोर्ड ने माना कि टूर्नामेंट से बाहर होने से उसे आर्थिक नुकसान होगा पर इसके लिए सुरक्षा को खतरे में नहीं डाला जा सकता।

# ऑस्ट्रेलियन ओपन : जोकोविच ने मास्ट्रेली को हराकर तीसरे राउंड में बनाई जगह

मेलबर्न - सर्बिया के दिग्गज नोवाक जोकोविच ने गुरुवार को इटली के फ्रांसेस्को मास्ट्रेली को सीधे सेटों में हराकर 2026 ऑस्ट्रेलियन ओपन के तीसरे राउंड में जगह बनाई। आज यहां रॉड लेवर एरिना में खेले गये मुकाबले में सर्बियाई चौथी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी जोकोविच को एकल में 6-3, 6-2, 6-2 से जीत हासिल करने में कोई परेशानी नहीं हुई। उन्होंने पहले सेट में 3-0 की बढ़त बनाकर कोर्ट पर अपना दबदबा बनाया। मास्ट्रेली ने कुछ प्रतिरोध दिखाया, कई ब्रेक पॉइंट बचाए और शक्तिशाली सर्व और तीन ऐस लगाकर जोकोविच को सेट के लिए सर्व करने पर मजबूर किया। दूसरे सेट में भी पैटर्न वैसा ही रहा, जोकोविच ने 3-2 के बाद बढ़त बनाई और 6-2 से सेट जीत लिया। तीसरे सेट में जोकोविच ने मुकाबले पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली, एक तनावपूर्ण पांचवें गेम में सर्व ब्रेक करके 4-1 से आगे हो गए। मास्ट्रेली ने देर से वापसी की कोशिश किया, लेकिन जोकोविच की सटीकता और निरंतरता निर्णायक साबित हुई, क्योंकि उन्होंने इतालवी खिलाड़ी की गलतियों का फायदा उठाकर जीत पूरी की। जोकोविच ने एक अनजान विरोधी के बारे में कहा, 'आजकल मेरे साथ ऐसा अक्सर होता है। फिर भी, सम्मान हमेशा रहता है और मैं किसी को कम नहीं आंकता। उसके पास एक बड़ी सर्व है और बड़े स्टेज पर उसके पास अभी भी अनुभव की कमी है, लेकिन उसके पास गेम है जिससे वह बहुत आगे जा सकता है और रैंकिंग में ऊपर जा सकता है, इसलिए मैं उसे इसके लिए शुभकामनाएं देता हूं।' जोकोविच तीसरे राउंड में नीदरलैंड के बोटिक वैन डी जैड्सचल्प से भिड़ेंगे।



# टी20 विश्वकप पर हैं नजरें : हरमनप्रीत



त्रिवेंद्रम। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा है कि अब उनकी टीम का लक्ष्य 2026 टी20 विश्वकप जीतना है। हरमनप्रीत की कप्तानी में एकदिवसीय विश्वकप जीतने के बाद से ही टीम के हौंसले बुलंद हैं। इसके बाद श्रीलंका के खिलाफ सीरीज में भी टीम का प्रदर्शन अच्छा रहा है और उसने सीरीज जीती। हरमनप्रीत ने साफ किया कि श्रीलंका के खिलाफ इस सीरीज के प्रदर्शन से आने वाले टी20 विश्वकप के लिए टीम को अभ्यास का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि टीम ने श्रीलंका के खिलाफ अधिक आक्रामक रवैया अपनाया है। ताकि एक प्रयोग किया जा सके। हरमनप्रीत ने कहा, एकदिवसीय विश्वकप जीतने के बाद हमने तय किया था कि टी20 क्रिकेट में अपने स्तर को और आगे ले जाना है। इसी कारण आक्रामक रुख अपनाया गया है। विश्व कप में जीत के लिए आक्रामक तरीके से खेलना बहुत जरूरी होता है। इसी को देखते हुए अभ्यास के तौर पर इस सीरीज में टीम आक्रामक रही। हरमनप्रीत ने कहा कि भारतीय गेंदबाजों ने श्रीलंका के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया है। साथ ही कहा कि इससे भारतीय टीम की गेंदबाजी ताकत उभरकर सामने आयी है। टी20 प्रारुप में गेंदबाजों की भूमिका बेहद अहम होती है। इसमें विरोधी टीम को छोटे स्कोर पर रोकना होता है जिसमें भारतीय गेंदबाज सफल रहे हैं।

# शमी ने अब भी वापसी की नहीं छोड़ी उम्मीद, जमकर कर रहे अभ्यास

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पिछले काफी समय से भारतीय क्रिकेट टीम के बाहर चल रहे तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के भविष्य पर सवाल उठ रहे हैं। 35 साल के शमी ने हाल ही में घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन कर अपना फार्म और फिटनेस साबित की थी। इसके बाद भी उन्हें न्यूजीलैड के खिलाफ एकदिवसीय ओर टी20 सीरीज के शामिल नहीं किया गया। वहीं शमी ने कहा कि वह अभ्यास कर रहे हैं जो उनकी हाथ में है। साथ ही कहा कि उनका काम मेहनत करना है बाकि सब ऊपर वाले के हाथ में है। इससे अंदाजा होता है कि वह निराश नहीं है और टीम में वापस को लेकर सकारात्मक रुख रख रहे हैं।



शमी ने अंतिम बार भारतीय टीम की ओर से पिछले साल मार्च में चैंपियंस ट्रॉफी में खेला था। इस टूर्नामेंट में उनका प्रदर्शन काफी अच्छा रहा था पर उसके बाद वह चोटिल होने के कारण टीम के बाहर हो गये थे। इस दौरान वह सर्जरी से भी गुजरे। इसके बाद से ही वह टीम में जगह का इंतजार करते रहे हैं। टीम से बाहर होने के बाद शमी ने अपनी फिटनेस पर भी काफी काम किया पर इसके बावजूद चयनकर्ताओं ने उनकी अनदेखी की। मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने यहां तक कह दिया कि उन्हें शमी की फिटनेस के बारे में जानकारी नहीं है। शमी ने घरेलू क्रिकेट में बंगाल के लिए पहले रणजी ट्रॉफी और उसके बाद सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी और फिर विजय हजारे ट्रॉफी में अच्छा प्रदर्शन कर अपना फार्म और फिटनेस साबित की है। इसके बाद भी उन्हें पहले इंग्लैंड फिर दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज के लिए शामिल नहीं किया गया। ऐसे में लगातार अपनी उपेक्षा से निराश शमी ने कहा कि वह अभ्यास कर रहे हैं जो उनकी हाथ में है। साथ ही कहा कि उनका काम मेहनत करना है बाकि सब ऊपर वाले के हाथ में है।

शमी के जज्बे से लगता है कि उन्होंने अभी वापसी की उम्मीद नहीं छोड़ी है। वह घरेलू क्रिकेट में लगातार गेंदबाजी कर रहे हैं। वह अपनी फिटनेस को भी बनाये रखने पर ध्यान दे रहे हैं। पिछले साल जब अगरकर ने शमी की फिटनेस पर टिप्पणी की थी तो उन्होंने कहा था कि अगर वह 50 ओवर के मैच में 10 ओवर डाल रहे हैं तो टेस्ट में भी गेंदबाजी कर सकते हैं। वहीं माना जा रहा है कि टीम प्रबंधन अब उन्हें अपनी योजनाओं का हिस्सा नहीं मानना है, इसी लिए चयनकर्ता उनसे आगे बढ़ गये हैं। नये तेज गेंदबाजों के आने से भी शमी की मुश्किलें बढ़ी हैं। टीम प्रबंधन अब 2027 विश्वकप को देखते हुए टीम बना रहा है और अधिक उम्र के कारण इसके लिए शमी फिट नहीं हैं।

# रोहित और विराट से मतभेद की खबरें आधारहीन : गंभीर



वडोदरा। भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा है कि विराट कोहली और रोहित शर्मा से उनके मतभेदों को लेकर जो बातें मीडिया में आती रही हैं। वे अधार हीन हैं। गंभीर ने कहा कि इस प्रकार की रिपोर्ट जब वह पड़ते हैं तो उन्हें हंसी आ जाती है। पिछले साल जब भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया दौरे पर गई थी तब एकदिवसीय सीरीज के दौरान ऐसी खबरें आईं कि विराट और गंभीर के बीच बातचीत नहीं है। वहीं रोहित के साथ बातचीत तो बंद नहीं है पर दोनो के संबंध ठीक नहीं हैं। ये भी कहा जा रहा है कि रोहित और विराट के टेस्ट से संन्यास के पीछे भी गंभीर जिम्मेदार हैं। इसके अलावा अब वह इन्हें एकदिवसीय से भी बाहर करना चाहते हैं। इस प्रकार की बातों को गंभीर ने गलत बताया है। गंभीर ने सोशल मीडिया में लिखा है, कोच के जिस असीमित अधिकार की बातें की जा रही हैं उसमें भी कोई सच्चाई नहीं है। तब तक तो मुझे इस पर हंसी आ रही है कि मुझे अपनों के खिलाफ ही खड़ा किया जा रहा है जबकि वे बेस्ट हैं। गंभीर जब से टीम इंडिया के कोच बने हैं तब से भारतीय टीम का टेस्ट में प्रदर्शन खराब हुआ है। इसके बाद भारतीय टीम को घरेलू धरती पर भी हार का सामना करना पड़ा है। पहले उसे न्यूजीलैंड ने क्लीन स्वीप किया और फिर दक्षिण अफ्रीका ने हराया। इसके बाद से ही उन्हें हटाने की भी मांग उठाती रही है। इसके अलाव कई पूर्व क्रिकेटरो ने भी हर प्रारुप में अलग-अलग कोच की मांग की है।

# चैंपियंस लीग : केन के दो गोल से बायर्न म्यूनिख ने मेंरॉयल यूनियन सेंट-गिलोइस को हराया



बर्लिन। आखिरी 30 मिनट 10 खिलाड़ियों के साथ खेल रही बायर्न म्यूनिख ने हैरी केन ने दूसरे हाफ में किए गए दो गोल की बदौलत रॉयल यूनियन सेंट-गिलोइस पर 2-0 से जीत हासिल दर्ज की। बुधवार को खेले गये मुकाबले में बायर्न ने अच्छी शुरुआत की और दूसरे ही मिनट में बढ़त बनाने के करीब पहुंच गया जब लुइस डियाज एरिया में घुसे और केन को पास दिया, लेकिन यूनियन के गोलकीपर केजेल शेर्पेन ने शानदार बचाव किया। दोनों टीमें कई प्रयासों के बावजूद पहले हाफ में गोल करने में विफल रहीं। ब्रेक के बाद बायर्न के लिए केन ने 52वें मिनट में हेडर से गोल किया और तीन मिनट बाद उसने पेनल्टी को गोल में बदलकर बढ़त को दोगुना कर दिया। बायर्न का कंट्रोल तब मुश्किल में पड़ गया जब 63वें मिनट में किम मिन-जे को दूसरा पीला कार्ड मिलने पर बाहर भेज दिया गया। यूनियन ने आगे बढ़ने का प्रयास करते हुए मौके बनाने के लिए संघर्ष किया, जबकि बायर्न ने जवाबी हमला किया। केन लगभग हैट्रिक पूरी करने ही वाला था, लेकिन उसने देर से मिली पेनल्टी को क्रॉसबार पर मार दिया। इस जीत से बायर्न चैंपियंस लीग लीग-फेज टेबल में दूसरे स्थान पर पहुंच गया और टॉप-आठ में जगह पक्की कर ली, जिससे आखिरी 16 के लिए क्वालिफिकेशन पक्का हो गया।

# अकॉर्ड तमिलनाडु ड्रैगन्स ने रांची रॉयल्स को शूटआउट में हराकर हासिल किया बोनस अंक

भुवनेश्वर - अकॉर्ड तमिलनाडु ड्रैगन्स और रांची रॉयल्स के बीच पुरुष हीरो हॉकी इंडिया लीग ( ।ढ्ढरु) में एक रोमांचक मुकाबले के निर्धारित में 3-3 से ड्रॉ रहने के बाद ड्रैगन्स ने नाटकीय शूटआउट में 4-2 से हरा दिया। ड्रैगन्स ने शूटआउट में जीत से बोनस अंक हासिल मिला। जबकि रॉयल्स ने पॉइंट्स टेबल में दूसरा स्थान हासिल करने के लिए काफी अच्छा प्रदर्शन किया, जिससे शुक्रवार को कलिंगा लांसर्स के खिलाफ एक ब्लॉकबस्टर क्वालीफायर 1 मुकाबला तय हो गया। हैदराबाद तूफान ने भी प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की कर ली है, जबकि जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब को एचआईएल जीसी से आगे चौथे प्लेऑफ स्थान को पक्का करने के लिए कल एसजी पाइपर्स के खिलाफ मुकाबले में सात गोल के अंतर से जीतना होगा। टॉम बून ने रॉयल्स के लिए दो बार गोल किया (9', 35'), पहले मिनट में मनदीप सिंह (1') के शुरुआती गोल का साथ दिया। ड्रैगन्स ने ब्लेक गोवर्स (24', 53') के दो गोल और कार्थी सेल्वम (32') के एक गोल से वापसी की। शूटआउट के दौरान, नाथन एफ्राम्स, ब्लेक गोवर्स, उत्तम सिंह और टॉम क्रेग ने ड्रैगन्स के लिए अपने मौके भुनाए।



# अभिषेक शर्मा ने पहला टी20आई जीतने के बाद किया रणनीति का खुलासा

**नागपुर (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड के विरुद्ध पहले टी-20 मैच में 35 गेंदों में 84 रनों की विस्फोटक पारी खेलने वाले भारत के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने कहा कि उन्हें अपने कुछ चुनिंदा शॉट्स पर ही पूरा भरोसा हैं। मैच के बाद अपनी रणनीति को लेकर अभिषेक ने कहा, 'जब आप विपक्षी गेंदबाजो के वीडियो खंगालते हैं या अपनी बल्लेबाजी का विश्लेषण करते हैं, तो आपको अंदाजा हो जाता है कि सामने वाली टीम क्या रणनीति बनाए और मुझे अपने रन कहां बनाने हैं। सच कहूं तो मैं अपने गिने-चुने शॉट्स पर ही यकीन करता हूं क्योंकि मेरे पास वैरायटी बहुत अधिक नहीं है। बस कुछ खास स्ट्रोक्स हैं जिनकी मैं जी-तोड़ अभ्यास करता हूं और मैदान पर उन्हें ही आजमाता हूं।'

उन्होंने अपनी तकनीक को लेकर कहा, 'मैं अधिकतर पावर हिटिंग का प्रयास नहीं करता क्योंकि मुझमें वैसी शारीरिक ताकत नहीं है। मेरी बल्लेबाजी मुख्य रूप से टाइमिंग के भरोसे चलती है। मेरे लिए सबसे अहम यह है कि मैं गेंद की लाइन पर नजर रखूं और माहौल को समझूं। चूंकि हम फिलहाल पूरे भारत में अलग-अलग जगहों पर खेल रहे हैं, तो परिस्थितियों के साथ तालमेल बिठाना बेहद आवश्यक हो जाता है। इसके लिए मैं मैच से पूर्व या नेट अभ्यास के दौरान ही अपनी रणनीति तैयार कर लेता हूं। विपक्षी गेंदबाजी की अपनी योजना होती है, इसलिए मेरे जेहन में हमेशा यह रहता है कि मैं अपने खेल और अपनी तैयारी पर पूरा भरोसा रखूं।'

सलामी बल्लेबाज ने अपनी शैली पर कहा, 'मैं इसे जोखिम भरा खेल नहीं मानता। हालांकि इसे 'कम्फर्ट जोन' कहना पूरी तरह सही नहीं होगा, लेकिन मेरा लक्ष्य हमेशा टीम को मजबूत शुरुआत दिलाना होता है। शुरुआती 6 ओवरों का लाभ उठाना बेहद अहम है और मैं नेट्स पर भी इसी की तैयारी करता हूं। मेरे जेहन में यह बात स्पष्ट रहती है कि विपक्षी टीम के मुख्य गेंदबाज ही पारी के शुरुआती ओवर फेंकते हैं। अगर मैं पहले तीन-चार ओवरों में उन पर हावी हो जाऊं, तो मैच पर हमारी पकड़ मजबूत हो जाती है।'

उन्होंने कहा, 'मैंने एक चीज सीखी है कि यदि आप हर गेंद पर प्रहार करना चाहते हैं या 200 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी का इरादा रखते हैं, तो वैसी ही मानसिकता और कड़ा अभ्यास जरूरी है। हर टीम मेरे लिए अलग रणनीति तैयार है। अब मुझे समझ आता है कि यह केवल क्षेत्ररक्षण सेटिंग तक सीमित नहीं है, बल्कि पिच और गेंदबाजी के तरीके पर भी निर्भर करता है। इसलिए मैच से पहले की गई मेरी तैयारी सबसे ज्यादा मायने रखती है। इस सीरीज के शुरू होने से पहले मेरे पास एक सप्ताह का समय था। मैं जानता था कि न्यूजीलैंड के गेंदबाज मुझे मुश्किल में डालने की कोशिश करेंगे, लेकिन मुझे अपनी नैचुरल गेम और अपनी मेहनत पर पूरा भरोसा है।'





# खुद को स्टार नहीं मानते शाहिद?

शाहिद कपूर विशाल भारद्वाज की नई फिल्म ओ रोमियो में नजर आएंगे। यह फिल्म 13 फरवरी को, वैलेंटाइन डे के ठीक पहले सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। फिल्म का टीजर पहले ही फैंस का दिल जीत चुका है। हाल ही में एक इंटरव्यू में, अभिनेता ने स्टारडम के बारे में खुलकर बात की और साथ ही यह भी बताया कि वह अपने बच्चों को एक सामान्य परवरिश देना चाहते हैं।

शाहिद कपूर पिछले 23 साल से फिल्म इंडस्ट्री में काम कर रहे हैं। बहुत बड़ी कामयाबी मिलने के बावजूद, वे खुद को स्टार कहना पसंद नहीं करते। वे खुद को सिर्फ एक्टर कहते हैं। इंटरव्यू में शाहिद ने बताया कि वे स्टार कहलाना क्यों नहीं चाहते। उन्होंने कहा, सबसे बड़ा सबक यह है कि असलीपन खुद को अच्छे से जानने से आता है, दूसरों की उम्मीदों में ढलने से नहीं।

स्टारडम को लेकर शाहिद की राय

शाहिद ने स्टारडम को लेकर कहा, प्रसिद्धि कभी-कभी बोझ बन जाती है और शोर-शराबे में अपनी असलियत भूल जाना आसान हो जाता है। शाहिद का मानना है कि एक एक्टर को सच्चा रहना चाहिए, अपने परिवार और करीबियों से जुड़े रहना चाहिए और काम पर फोकस करना चाहिए। खुद के साथ ईमानदार रहना ही असली सफलता और खुशी का रास्ता है।

### कैसे पिता हैं शाहिद?

शाहिद कपूर एक बहुत अच्छे एक्टर हैं, जो काम और परिवार दोनों को संतुलन में रखते हैं। शाहिद कपूर के परिवार की बात करें तो वे दो बच्चों के प्यारे पापा हैं—बेटी मिशा और बेटा जैन। शाहिद चाहते हैं कि उनके बच्चे जितना हो सके सामान्य जीवन जिएं। वे बच्चों को अपनी स्टारडम के बारे में ज्यादा नहीं बताते। अगर कोई सवाल आता है तो माता-पिता की तरह प्यार से जवाब देते हैं।



# सुहाना ने बताया कैसी है शाहरुख-गौरी के साथ बॉन्डिंग

शाहरुख खान की लाडली सुहाना खान ने ओटीटी पर रिलीज हुई फिल्म 'आर्चीज' से डेब्यू किया था। अब वो अपनी अपकमिंग और सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली पहली फिल्म 'किंग' पर काम कर रही हैं। ज्यादातर अपने माता-पिता शाहरुख और गौरी के साथ ही नजर आने वालीं सुहाना ने अब अपने और माता-पिता के रिश्तों पर खुल कर बात की है। जानें कैसी है सुहाना और उनके पेरेंट्स की ट्यूनिंग

### पेरेंट्स का फैसला ही आखिरी होता है

हैपर्स बाजार को दिए इंटरव्यू में सुहाना ने अपने निजी जीवन पर बात की। सुहाना ने इस इंटरव्यू में शाहरुख और गौरी दोनों को ही अपने काफी करीब बताया। उन्होंने कहा कि जब वो किसी ऐसी जगह पहुंचती हैं जहां उन्हें समझ नहीं आता कि क्या करना चाहिये ? तो वो अपने पैरेंट्स को फैसला करने को कहती हैं। फिर उनके पैरेंट्स जो भी फैसला करते हैं उसे वो आखिरी फैसला मानती हैं।

### करियर के फैसले भी करेंगे शाहरुख-गौरी

आगे शाहरुख और गौरी के बारे में बताते हुए सुहाना ने कहा कि जहां एक तरफ शाहरुख उन्हें भावनात्मक सलाह देते हैं, वहीं गौरी उन्हें प्रैक्टिकल सलाह देतीं हैं। अपने करियर से जुड़े फैसलों के बारे में सुहाना ने कहा कि इसमें भी वो अपने पैरेंट्स के कहने पर ही चलेंगीं।

### एक्टिंग बनी स्कूल प्ले से पैशन

इंटरव्यू में आगे सुहाना ने अपने एक्टिंग के तरफ रुझान पर चर्चा की। एक्ट्रेस ने बताया, 'अभिनय के साथ मेरा सफर एक साधारण से स्कूल प्ले से शुरू हुआ। इस प्ले में मुझे मनचाहा रोल नहीं मिल सका। इसी पल मुझे एहसास हुआ कि मुझमें स्टेज पर आने की कितनी चाहत थी।' आगे सुहाना ने कहा, 'लोग क्या सोचेंगे यह छोड़कर मैं अपने काम पर फोकस करती हूं। एक्टिंग से लेकर मैग्जीन शूट तक हर कदम में बहुत सावधानी और माता पिता से स्वीकृती मिलने के बाद ही उठाती हूं।' दोस्तों के बारे में सुहाना ने कहा कि वो कम मगर लंबी दोस्ती में भरोसा करतीं हैं।

### जल्द करेंगीं बड़े पर्दे पर डेब्यू

सुहाना जल्द ही अपने पिता के साथ फिल्म 'किंग' से बड़े पर्दे पर डेब्यू करेंगी। रेड चिलीज बैनर तले बन रही ये फिल्म 2026 में रिलीज हो सकती है। फिल्म का टीजर पिछले साल शाहरुख के बर्थडे पर रिलीज हुआ था। सिद्धार्थ आनंद निर्देशित इस फिल्म में शाहरुख और सुहाना के अलावा दीपिका पादुकोण, अभिषेक बच्चन, अनिल कपूर, जैकी श्रॉफ, अरशद वारसी और रानी मुखर्जी समेत कई कलाकार नजर आएंगे।



# तेजस्वी प्रकाश ने तस्वीरों के जरिए दिखाई अपनी अब तक की शानदार जर्नी

टेलीविजन की मशहूर अभिनेत्री तेजस्वी प्रकाश मनोरंजन जगत में काफी समय से काम कर रही हैं। मंगलवार को अभिनेत्री ने पुराने दिनों को याद किया। उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर कुछ तस्वीरें शेयर कीं। इन तस्वीरों में तेजस्वी अपने पुराने सीरियल के किरदार में नजर आ रही हैं। कुछ फोटोज में वे अपने उस समय के लुक में दिख रही हैं, तो कुछ में वे अपने दोस्तों और साथी कलाकारों के साथ नजर आ रही हैं। वहीं कुछ तस्वीरें फोटोशूट की हैं, जहां वे स्टाइलिश और ट्रेंडी कपड़ों में पोज दे रही हैं। ये तस्वीरें उनके सफर की शुरुआत को दर्शाती हैं, जब वे टीवी स्क्रीन पर पहली बार दर्शकों के सामने आई थीं। तस्वीरें शेयर कर अभिनेत्री ने लिखा, 2016 मेरा दिल है और हमेशा ऐसा ही रहेगा। फैंस अभिनेत्री की तस्वीरों को देखते ही ढेर सारे लाइक और कमेंट्स कर रहे हैं। वहीं, कई यूजर्स तरह तरह की प्रतिक्रिया दे रहे हैं। तेजस्वी प्रकाश 2017 में सोनी टीवी के टीवी सीरियल पहरेदार पिया की में दिया सिंह के तौर पर मुख्य भूमिका में नजर आई थीं, लेकिन बाल विवाह केंद्रित कहानी होने के कारण प्रसारण के कुछ दिन बाद ही सीरियल विवादों में घिर गया था।



# तमिल सुपरस्टार अजित कुमार की रेसिंग जर्नी पर बनेगी डॉक्यूमेंट्री फिल्म

अभिनेत्री नयनतारा और उनके पति, निर्देशक विग्नेश शिवन तमिल सुपरस्टार अजित कुमार को हौसला देनेदुबई ऑटोड्रोम पहुंचे। अजित ने अपनी टीम अजित कुमार रेसिंग के साथ दुबई 24 H सीरीज नाम की एक बड़ी कार रेसिंग प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। इसके कई वीडियो आज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। अजित की रेसिंग जर्नी पर एक डॉक्यूमेंट्री भी बनेगी। कई वीडियो इंटरनेट पर बहुत तेजी से वायरल हो रहा है। इसमें अजित नयनतारा और विग्नेश शिवन का गर्मजोशी से स्वागत करते दिख रहे हैं। वे उन्हें अपनी टीम के बाकी सदस्यों से मिलवाते हैं और सबके साथ अच्छी बातचीत करते हैं। पिछले हफ्ते म्यूजिक डायरेक्टर अनिरुद्ध ने भी अबू धाबी में अजित से मुलाकात की थी।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अजित की रेसिंग जर्नी पर एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म बन रही है। इसे निर्देशक ए.एल. विजय बना रहे हैं। यह फिल्म करीब 90 मिनट की होगी और इसका मकसद युवाओं को अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रेरित करना है। साथ ही, मोटरस्पोर्ट को भारत में लोकप्रिय बनाना है, क्योंकि कई लोग इसे अभी भी अमीरों का खेल मानते हैं। फिल्म में मलेशिया, अबू धाबी और दुबई की रेसों के अलावा अजित की तैयारी, स्ट्रेटेजी मीटिंग्स और प्रैक्टिस सेशन भी दिखाए जाएंगे। यह डॉक्यूमेंट्री अगले साल 1 मई को अजित के जन्मदिन पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# रानी मुखर्जी ने सोशल मीडिया नेगेटिविटी को लेकर साझा की राय

फिल्मों की रिलीज के साथ सोशल मीडिया पर अचानक फैलने वाली नेगेटिविटी आज एक बड़ी समस्या बनती जा रही है। कई बार रिलीज से पहले ही किसी फिल्म या एक्टर को लेकर माहौल बना दिया जाता है, जिससे लोगों की राय पहले से ही तय होने लगती है। इसी मुद्दे पर एक्ट्रेस रानी मुखर्जी ने अपने मन की बात रखी है।

रानी मुखर्जी ने कहा ऑडियंस हमेशा सही होती है। मैं आज भी यह नहीं मानती कि ऑडियंस किसी एजेंडे के साथ फिल्म देखने आती है। लोग सिनेमाघर खुले दिल से आते हैं। लेकिन आज के दौर में खासकर सोशल मीडिया की वजह से, फिल्मों और कलाकारों को लेकर एक माहौल बना दिया जाता है। कुछ लोग या ऑडियंस का एक छोटा सा हिस्सा जान-बूझकर नेगेटिविटी फैलाता है। इस बात से मैं वाकिफ हूं। इंसान की फितरत नेगेटिव नहीं होती मैं दिल से मानती हूं कि कोई भी इंसान नेगेटिव नहीं होना चाहता है। हर कोई अच्छा काम करना चाहता है। हर कोई प्यार करना चाहता है। हर कोई बदले में प्यार पाना चाहता है। इसी सोच के साथ मैं आगे बढ़ती हूं।

### सोशल मीडिया रिएक्शन पर राय

हां, आज सोशल मीडिया ऐसी जगह बन गया है, जहां लोग सही और गलत समझे बिना तुरंत रिएक्शन दे देते हैं। ऐसे में मैं बस यही दुआ करती हूं कि लोगों को थोड़ी समझ मिले। वह सोशल मीडिया पर एकदम से रिएक्शन की आदत से बचें।

### विजडम बेल बटन होना चाहिए

यह मेरा सुझाव है। सोशल मीडिया पर जैसे लाइक और डिसलाइक का बटन होता है, वैसे ही कुछ लिखने या बोलने से पहले एक सोचने वाला बटन (विजडम बेल) भी होना चाहिए। जिससे इंसान एक पल रुककर सोच सके कि वह जो कहने जा रहा है, वो सही है या नहीं।



# राम गोपाल वर्मा ने धुरंधर 2 और टॉक्सिक के क्लैश को लेकर किया पोस्ट

**राम गोपाल वर्मा ने हाल ही में आदित्य धर की फिल्म धुरंधर की तारीफ की थी। वहीं आज राम गोपाल वर्मा ने यश की फिल्म टॉक्सिक और रणवीर सिंह की धुरंधर 2 की एक ही दिन में रिलीज को लेकर एक खास पोस्ट शेयर किया है। निर्देशक ने इसे धुरोक्सिक नाम देते हुए दोनों फिल्मों को लेकर अपनी प्रतिक्रिया दी है।**

### कैसा होगा दो फिल्मों का टकराव?

राम गोपाल वर्मा ने रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर 2 और यश की फिल्म टॉक्सिक के बीच 19 मार्च 2026 को होने वाले बड़े बॉक्स ऑफिस टकराव पर अपनी राय दी है। उन्होंने एक्स पर अपनी राय शेयर की है। निर्देशक ने इसे मजेदार नाम दिया है- धुरोक्सिक। निर्देशक ने लिखा कि यह सिर्फ दो फिल्मों की रिलीज का टकराव नहीं, बल्कि यह भारतीय सिनेमा का प्रलय का दिन होगा।

### कैसी होगी धुरंधर 2

राम गोपाल वर्मा ने धुरंधर 2 को लेकर लिखा, धुरंधर 2 एक यथार्थवादी सिनेमा है। इसमें कहानी असली जिंदगी पर आधारित है। हिंसा इसलिए होती है क्योंकि जरूरत है, न कि सिर्फ दिखावे के लिए। हीरो एक आम इंसान है, जो वक्त आने पर गलती कर सकता है, घायल हो सकता है और हार भी सकता है। फिल्म दर्शकों को भावनाओं से जोड़ती है।

### टॉक्सिक को लेकर राय

वहीं कन्नड़ एक्टर यश की फिल्म टॉक्सिक को लेकर राम गोपाल वर्मा ने लिखा, यह बहुत अवास्तविक फिल्म है क्योंकि इसमें स्टाइल और कूलनेस पहले आती है और लॉजिक बाद में। हिंसा सिर्फ एटीट्यूड दिखाने के लिए है। हीरो बुलेटप्रूफ है, कभी हारता नहीं, दुनिया उसकी पूजा करती है। फिल्म दर्शकों को सिर्फ एक्साइटमेंट देना चाहती है, गहरी भावनाएं नहीं। कैमरा हीरो को भगवान जैसा दिखाने की कोशिश करता है।

### 19 मार्च को होगा फिल्मों का फैसला

19 मार्च को धुरंधर 2 और टॉक्सिक रिलीज के बाद कई सवालों का जवाब देंगी। राम गोपाल वर्मा ने लिखा, क्या आज भी लोग अंधेरे, स्लो-मोशन में चलने वाले हीरो को पसंद करेंगे? या फिर सिर्फ तमाशा दिखाने वाली हिंसा को लोग स्वीकार करेंगे? उन्होंने आगे लिखा, दोनों फिल्में साथ देखना ऐसा होगा जैसे एक तरफ युद्ध का मैदान हो और दूसरी तरफ फैशन शूट। एक फिल्म (धुरंधर) दिल को छूती है और दूसरी (टॉक्सिक) सिर्फ कैमरे के लिए पोज देती है।

### सच्चाई और स्टाइल में किसकी होगी जीत?

राम गोपाल वर्मा ने आगे लिखा, दोनों फिल्मों के बीच जो टकराव है, वो सच्चाई और स्टाइल को लेकर है। राम गोपाल वर्मा ने आगे लिखा, इससे शायद दक्षिण भारतीय फिल्मों वाली नायक पूजा (हीरो को भगवान बनाने की परंपरा) का अंत शुरू हो सकता है। दर्शक अब भगवान नहीं, बल्कि आम इंसान वाला हीरो चाहते हैं। या फिर उल्टा भी हो सकता है।






# दूसरे टी20 में भी जीत का सिलसिला बनाये रखने उतरेगी टीम इंडिया

**रायपुर (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम शुक्रवार को यहां न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच टी20 मैचों की सीरीज के दूसरे मैच में भी जीत का सिलसिला बनाये रखने उतरेगी। पहले टी20 में मिली 48 रनों की जीत से भारतीय टीम इस सीरीज में पहले ही 1-0 से आगे है। अब उसका लक्ष्य अपनी बढ़त को 2-0 करना रहेगा। भारतीय टीम के बल्लेबाज और गेंदबाज दोने ही लय में हैं जिसका लाभ उसे मिलेगा। पहले ही मैच में अभिषेक शर्मा और रिंकू सिंह ने आक्रामक बल्लेबाजी कर टीम को अच्छे स्कोर तक पहुंचाया था। वहीं कप्तान सूर्यकुमार यादव ने भी 32 रनों की अपनी पारी से लय हासिल कर ली है। भारतीय गेंदबाजों ने भी पहले मैच में कीवी टीम को 200 रनों के अंदर समेट कर अपनी टीम को आसानी से जीत दिला दी।

यहां के मैदान पर अब तक हुए एक टी20 मैच में भारतीय टीम जीत थी। ये मैच साल 2023 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हुआ था। तब भी सूर्यकुमार यादव ही कप्तान थे। उस मुकाबले में रिंकू सिंह और अक्षर पटेल ने अच्छा प्रदर्शन किया था। वहीं अब रिंकू से इस मैच में भी अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। अक्षर को पहले टी20 में अंगुली में चोट लग गयी थी। ऐसे में उनका इस मैच में खेलना संदिग्ध नजर आता है। रिंकू ने पहले टी20 में 20 गेंदों में नाबाद 44 रन की आक्रामक पारी खेली थी। दूसरे टी20 में भारतीय टीम की नजरे शीर्ष क्रम में संजू सैमसन और ईशान किशन के प्रदर्शन पर भी रहेंगी। पहले टी20 में ये दोनो ही विफल रहे थे। सैमसन हाल में अंतिम एकादश से अंदर बाहर होते रहे हैं पर अब अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप को देखते हुए उन्हें अवसर मिलना तय है।

सैमसन भी अवसर मिलने पर बड़ा स्कोर बनाना चाहेंगे। इसके अलावा ईशान भी इस




मैच में बड़ी पारी खेनना चाहेंगी।

कप्तान सूर्यकुमार भी इस मैच में बड़ी पारी खेलकर अपना मनोबल बढ़ाना चाहेंगे। पहले टी20 में उन्होंने 22 गेंदों में 32 रन बनाये थे। वहीं दूसरी ओर मेहमान टीम न्यूजीलैंड इस मैच में जीत दर्ज कर सीरीज में वापसी करना चाहेगी। उसके बल्लेबाज और गेंदबाज इस मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहेंगे। कीवी टीम की बल्लेबाजी डेवोन कॉनवे, ग्लेन फिलिप्स, माइकल ब्रैसवेल, रचिन रविंद्र और डैरिल मिचेल पर निर्भर करेगी जबकि गेंदबाजी जैकब डफी, मिशेल सैंटनर, काइल जैमीसन पर आधारित रहेगी।

### टीम इस प्रकार है

**भारत:** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), इशान किशन, श्रेयस अय्यर, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती, रिंकू सिंह, अर्शदीप सिंह, रवि बिश्नोई, हर्षित राणा.

**न्यूजीलैंड:** मिचेल सैंटनर (कप्तान), डेवोन कॉनवे, बेवन जैकब्स, डैरिल मिचेल, ग्लेन फिलिप्स, टिम रॉबिन्सन, जिमी नीशम, ईश सोढ़ी, जैक फाउल्स, मार्क चैपमैन, माइकल ब्रैसवेल, रचिन रविंद्र, काइल जैमीसन, मैट हेनरी, जैकब डफी.

# सिंधू और लक्ष्य इंडोनेशिया मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे



**जकार्ता (एजेंसी)।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू और लक्ष्य सेन ने गुरुवार को यहां सीधे गेम में जीत हासिल करके इंडोनेशिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। लक्ष्य ने हांगकांग के जेसन गुनावन को आधे घंटे से कुछ अधिक समय तक चले मुकाबले में 21-10 21-11 से हराया।

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू ने अपने प्री-क्वार्टर फाइनल मैच में डेनमार्क की अपनी जानी-पहचानी प्रतिद्वंदी लाइन होजमार्क कजेरफेल्ड पर 21-19 21-18 से जीत दर्ज की। यह मैच 43 मिनट तक चला। डेनमार्क की खिलाड़ी के खिलाफ अब तक हुए छह मुकाबलों में सिंधू की यह पांचवीं जीत थी।

सिंधू का अगला मुकाबला टूर्नामेंट में शीर्ष वरीयता प्राप्त और विश्व की नंबर चार खिलाड़ी चीन की चेन यू फेई से होगा। सिंधू और फेई अब तक 13 बार एक-दूसरे का सामना कर चुकी हैं। कुल रिकॉर्ड में फेई का पलड़ा 7-6 से थोड़ा भारी है। भारतीय खिलाड़ी ने आखिरी बार 2019 में फेई को हराया था और वह इस रिकॉर्ड को बेहतर करने के लिए उत्सुक होंगी।

# बांग्लादेश अपनी हठ पर कायम, आईसीसी की बात नहीं मानी

ढाका। बांग्लादेश अपनी हठ पर कायम है और आईसीसी के अल्टीमेटम के बावजूद उसने एक बार फिर दोहराया है कि वह भारत में टी20 विश्व कप के मैच नहीं खेलेगा। ढाका में गुरुवार को बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) और खिलाड़ियों की अंतरिम सरकार के खेल सलाहकार आसिफ नजरुल के साथ बैठक हुई। इस बैठक के बाद बीसीबी के अध्यक्ष अमिनुल इस्लाम बुलबुल ने बताया कि उनका रुख स्पष्ट है। आसिफ नजरुल के साथ बैठक में बीसीबी अध्यक्ष अमिनुल, सीईओ निजामुद्दीन के साथ-साथ बांग्लादेश टीम के कुछ खिलाड़ी शामिल थे। ईएसपीएनक्रिकइंफो की रिपोर्ट के अनुसार, खिलाड़ी विश्व कप में हिस्सा लेना चाहते हैं, लेकिन बीसीबी ने बैठक के बाद एक बार फिर पुराना राग अलापा है और कहा है कि उनकी टीम इस टूर्नामेंट के लिए भारत की यात्रा नहीं करेगी। बैठक के बाद बीसीबी अध्यक्ष अमिनुल ने कहा, हम लगातार आईसीसी से संपर्क जारी रखेंगे। बांग्लादेश विश्व कप में खेलना चाहता है, लेकिन वे अपने मैच भारत में नहीं खेलेगा। हम लगातार लड़ाई जारी रखेंगे।

# टी20 विश्व कप से बॉयकॉट के बाद बंगलादेश के खेल सलाहकार आसिफ नजरुल का बयान आया सामने



**ढाका (एजेंसी)।** बंगलादेश ने टी20 विश्व कप 2026 का बॉयकॉट करते हुए साफ तौर पर कहा है कि वह भारत में अपने टी20 विश्व कप मैच नहीं खेलेंगे। बंगलादेश ने यह भी कहा है कि वह टी20 विश्व कप खेलना चाहता है और उसके मैच श्रीलंका में कराए हैं। इसी बीच बंगलादेश सरकार के खेल सलाहकार आसिफ नजरुल ने गुरुवार को कहा कि आईसीसी ने उन्हें भारत और श्रीलंका में होने वाले आगामी टी 20 विश्व कप में हिस्सा लेने के संबंध में उचित न्याय नहीं दिया।

कल, आईसीसी ने बंगलादेश की भारत से श्रीलंका में वेन्यू बदलने की अपील को खारिज कर दिया और इसके बजाय बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड को उनकी भागीदारी पर फैसला लेने के लिए 24 घंटे का समय दिया। आईसीसी ने स्कॉटलैंड को भी स्टैंडबाय पर रखा है, अगर बंगलादेश आखिरकार टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के लिए भारत जाने को तैयार नहीं होता है। नजरुल, जिन्होंने राष्ट्रीय क्रिकेटरों के साथ बैठक की थी, ने पत्रकारों से कहा कि वे अपना रुख बदलने को तैयार नहीं हैं। आसिफ ने कहा, 'मुझे लगता है कि हमें आईसीसी से न्याय नहीं मिला। हम वर्ल्ड कप खेलेंगे या नहीं, यह पूरी तरह से सरकार का फैसला है।' उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि हाल के दिनों में भारत में ऐसा कुछ नहीं हुआ है जिससे यह लगे कि वहां (सुरक्षा के लिहाज से) चीजें बदल गई हैं। हमें उम्मीद है कि आईसीसी हमें न्याय देगा।'

# विजयी संयोजन में बदलाव का जोखिम उठाएगा भारत? ईशान पर होंगी नजरें; संभावित प्लेइंग-11

रायपुर। भारतीय टीम ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टी20 मैच में बल्ले और गेंद दोनों से बेहतर प्रदर्शन किया। भारत पांच मैचों की सीरीज में 1-0 से आगे चल रहा है और अब उसकी कोशिश शुक्रवार को रायपुर में होने वाले दूसरे टी20 में इस लय को बरकरार रखने की होगी। भारत ने पहले मैच में अच्छी बल्लेबाजी की और न्यूजीलैंड को मजबूत लक्ष्य दिया। भारत के लिए संजू सैमसन और ईशान किशन को छोड़कर लगभग हर बल्लेबाज ने अच्छी बल्लेबाजी की। ईशान की लंबे समय बाद भारतीय टी20 टीम में वापसी हुई है, लेकिन पहले टी20 में वह कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर सके और आठ रन बनाकर आउट हुए थे। भारत के पास श्रेयस अय्यर का विकल्प भी मौजूद है जिन्हें तिलक वर्मा की जगह पहले तीन टी20 के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया है। ईशान विश्व कप टीम में भी शामिल हैं, ऐसे में टीम प्रबंधन उन्हें मौका देना चाहेगा। ईशान के लिए भी जरूरी है कि वह बिना समय गंवाए घरेलू क्रिकेट में जिस तरह खेले, उसी तरह का प्रदर्शन करें। कवर पर कैच आउट होने से पहले बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने अपनी संक्षिप्त पारी में अच्छा प्रदर्शन किया। भारत के अधिकतर खिलाड़ी शुरू में ही हर गेंद को बाउंड्री के पार पहुंचाने की कोशिश में पूरी ताकत से बल्लेबाजी करते हैं। ईशान भी इसी निडर रवैये को जारी रखेंगे और उम्मीद कर सकते हैं कि इसका उन्हें फायदा मिले। दूसरी तरफ, संजू सैमसन हैं जो अंतिम एकादश से अंदर बाहर होते रहे हैं, लेकिन अब अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप से पहले उन्हें निश्चित रूप से लंबा मौका मिलेगा। सीरीज के पहले मैच में आसानी से अपना विकेट गंवाने वाले सैमसन अपने विभिन्न तरह के शॉट का शानदार नमूना पेश करने के लिए प्रतिबद्ध होंगे जिनके दम पर उन्होंने सबसे छोटे प्रारूप में तीन शतक बनाए हैं। आईसीसी टूर्नामेंट से पहले कप्तान सूर्यकुमार यादव के फॉर्म पर सबकी नजरें टिकी हुई थीं और भले ही वह कोई बड़ा योगदान नहीं दे सके, लेकिन 22 गेंदों में बनाए गए 32 रन ने उनके आत्मविश्वास को कुछ हद तक जरूर बढ़ाया होगा। पहले टी20 में मिली शानदार जीत से व्यक्तिगत तौर पर सुधार के कई क्षेत्र सामने आए, इसके बावजूद टीम के प्रदर्शन ने विश्व कप से पहले अपने प्रतिद्वंद्वियों को खतरनाक संकेत दिए हैं, जहां भारत मौजूदा चैंपियन के रूप में उतर रहा है। अगर भारत को टी20 विश्व कप खिताब का बचाव करने वाली पहली टीम बनना है तो अभिषेक शर्मा को बुधवार रात की तरह ही शीर्ष क्रम में आक्रामक बल्लेबाजी जारी रखनी होगी। यह बाएं हाथ का बल्लेबाज अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नजर आ रहा है और उन्होंने लगभग हर गेंद को मैदान से बाहर पहुंचाने की शानदार क्षमता दिखाई है। निचले क्रम में रिंकू सिंह की टीम में वापसी और आते ही शानदार प्रदर्शन करना भारत के लिए एक और बड़ा सकारात्मक पहलू है। भारतीय टीम का गेंदबाजी विभाग में संतुलित नजर आ रहा है। अगर अर्शदीप सिंह और हार्दिक पांड्या पावरप्ले में विकेट लेते रहते हैं तो जसप्रीत बुमराह को पावरप्ले के बाद तीन ओवरों के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है, जिससे टीम को बीच के ओवरों के लिए एक अतिरिक्त विकल्प मिल जाएगा। भारत ने नागपुर में बड़ा स्कोर बनाया था जिससे वह ओस का प्रभाव कम करने में सफल रहा। वहीं, वरुण चक्रवर्ती और शिवम दुबे विकेट लेने में सफल रहे हैं। इस बात की संभावना कम ही है कि भारतीय टीम प्लेइंग-11 में किसी तरह का बदलाव करेगी। भारत- संजू सैमसन (विकेटकीपर), अभिषेक शर्मा, ईशान किशन, सूर्यकुमार यादव (कप्तान), रिंकू सिंह, हार्दिक पांड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, अर्शदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, जसप्रीत बुमराह। न्यूजीलैंड- टिम रॉबिंसन, डेवोन कॉनवे (विकेटकीपर), रचिन रवींद्र, ग्लेन फिलिप्स, मार्क चापमैन, डेरिल मिचेल, मिचेल सैंटनर (कप्तान), क्रिस्टियन क्लार्क, काइल जैमिसन, ईश सोढ़ी, जैकब डफी।

